✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 175 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 22 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मिलते सीएम नीतीश

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी नाराजगी है कि अब तक जितने भी महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष बनी है उन्हें चुनाव में टिकट दिया गया, मगर उन्हें टिकट नहीं मिला है। उन्होंने प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम पर तंज कसते हुए कहा कि भीड़ जुटाने के लिए महिलाएं चाहिए, मगर कुर्सी पर महिलाएं नहीं चाहिए।

### 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**कटिहार (नबिटा ब्यूरो)।** कटिहार पुलिस और एसटीएफ ने धीरज कुमार साह हत्याकांड के मुख्य आरोपी 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी सन्नी श्रीवास्तव और उसके साथी अभिषेक महतो उर्फ दादा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। यह गिरफ्तारी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से की गई। मृतक धीरज कुमार साह की पत्नी काजल कुमारी ने 29 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे पुलिस को लिखित आवेदन दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि सन्नी श्रीवास्तव और उसके साथियों ने जमीन खरीद-बिक्री के विवाद में उनके पति की हत्या की थी।

### वीआइपी नेता की गोली मारकर हत्या

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के दरपा थाना क्षेत्र के तिनकोनी गांव में शुक्रवार की अहले सुबह वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सहनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के अनुसार सुबह करीब 7 बजे कामेश्वर सहनी शौच कर लौटने के बाद अपने दरवाजे पर हाथ धो रहे थे। उसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधी पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं, जिससे उनकी मौत हो गई।

### ट्रैक्टर के नीचे आने से दंपति की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के केराय गांव में सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान केराय वार्ड 9 निवासी संजय सिंह और उनकी पत्नी राम सुकुमारी देवी के रूप में हुई है। बालू हटाने के विवाद को लेकर पड़ोसी पर ट्रैक्टर से कुचलने का आरोप है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


### विश्वविद्यालय कर्मियों के पेंशन भुगतान के लिए 187 करोड़ जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के परंपरागत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मियों के पेंशन आदि भुगतान के लिए शिक्षा विभाग ने 187 करोड़ 96 लाख रुपये जारी किया है। यह राशि नवंबर के लिए है। शिक्षा विभाग के निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को पत्र भेजा है।

# मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा
# सम्राट चौधरी को गृह विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के मंत्रियों के विभाग का बंटवारा हो गया है। राजभवन से लिस्ट जारी कर दी गयी है। चौंकाने वाली बात यह है कि गृह विभाग सीएम नीतीश कुमार के पास नहीं रहा। बिहार विधानसभा चुनाव में 89 सीटें लाकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अपने पास गृह विभाग रखा है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पास सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय,



निगरानी, निर्वाचन सहित वे सभी विभाग रखे हैं, जो किसी अन्य को आवंटित नहीं हुए। कुल 27 मंत्रियों को उनके



कार्यक्षेत्र सौंपे गए हैं जिनमें कई महत्वपूर्ण चेहरे और अनुभवी नेताओं को प्रमुख जिम्मेदारियां दी गई हैं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह विभाग की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। मतलब पुलिस विभाग और कारा इनके मातहत हो गया है। वित्त मंत्री रहे सम्राट चौधरी को अब बिहार की कानून-व्यवस्था के हिसाब से सबसे भारी विभाग मिला है। भाजपा लंबे समय यह चाह रही थी। दूसरे उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास राजस्व एवं भूमि सुधार और खान एवं भू-तत्व जैसे अहम विभाग आए हैं। भाजपा के मंगल पांडेय को स्वास्थ्य एवं विधि, श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास और परिवहन विभाग की जिम्मेदारी मिली (शेष पृष्ठ 11 पर)

# सीएम नीतीश ने जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नई सरकार के गठन के बाद नवनियुक्त मंत्रियों एवं नवनिर्वाचित विधायकों, सांसदों, विधान पार्षदों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, पूर्व विधान पार्षदों, अन्य जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में बड़ी संख्या में लोगों ने मिलकर मुख्यमंत्री को नई सरकार के गठन पर बधाई दीं। मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से सभी लोगों से मिलकर उनका अभिवादन स्वीकार कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित बड़ी संख्या में जदयू के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिहार के 23 शिक्षकों को 31 दिसंबर से पूर्व पसंद के स्कूलों में मिलेगी पोस्टिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीतीश कुमार की नई सरकार ने नए साल पर बिहार के 22 हजार 732 स्कूली शिक्षकों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार सभी स्कूली शिक्षकों को उनकी पसंद के स्कूल में पढ़ाने के लिए पोस्टिंग देने जा रही है। मुख्यमंत्री पद की गोपनीयता की शपथ लेने के साथ ही नीतीश कुमार एक्शन मोड में हैं। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के तबादले को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के मुताबिक, शिक्षकों को नई पोस्टिंग 31 दिसंबर तक मिल जाएगी। पोस्टिंग ऑर्डर अलग-अलग चरण में जारी किए जाएंगे। शिक्षा विभाग 16 दिसंबर से स्कूल आवंटन करने की कार्यवाही शुरू करेगा। वहीं, ट्रांसफर किए गए टीचर को तय समय के अंदर नई जगह पर ज्वाइन करना होगा। ट्रांसफर लेटर में ही शिक्षकों को ज्वाइनिंग डेट दे दी जाएगी। गाइडलाइन में कहा गया है कि हर शिक्षकों को नई पोस्टिंग के लिए 5 प्रखंड का ऑप्शन देना होगा। आवंटित जिले के अंदर शिक्षक अपनी पसंद के 5 प्रखंड का नाम भरेंगे। संबंधित जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति शिक्षकों से मिले 5-5 प्रखंड के विकल्प के आधार पर सॉफ्टवेयर के जरिए शिक्षकों की प्रखंडवार, कक्षावार, विषयवार पोस्टिंग भरेंगे। इसके बाद प्रखंड आवंटन की कार्रवाई 10 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक की जायेगी।

### मिथिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत में 26 गोल्ड मेडल, 80 पीएचडी उपाधि सहित 1200 छात्रों को मिली डिग्रियां

# ज्ञान व आध्यात्म की धरती है मिथिला : राज्यपाल

**डा. मणिकांत झा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां की अध्यक्षता में शुक्रवार को डॉ नागेन्द्र झा स्टेडियम में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत आयोजित समारोह में 26 गोल्ड मेडलिस्ट, 80 पीएचडी धारी सहित करीब 1200 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गई। समारोह में दीक्षांत वक्ता के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी, आईआईटी, पटना के निदेशक प्रो टी एन सिंह तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थु उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्वत शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें कुलाधिपति



सहित कुलपति, पूर्व कुलपति, कुलसचिव, संकायाध्यक्ष, सीनेट, सिंडिकेट तथा विद्वत परिषद् के सदस्यों ने भाग लिया। राष्ट्रगान, विश्वविद्यालय कुलगीत तथा कन्वोकेशन बैण्ड की प्रस्तुति विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य कन्वोकेशन का संचालन कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा ने जबकि अन्य भागों का संचालन डॉ प्रियंका राय, डॉ रश्मि कुमारी तथा नेहा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने पूर्व कुलपति प्रोफ़ेसर राजमणि प्रसाद सिन्हा को भौतिकी तथा प्रोफ़ेसर समरेन्द्र प्रताप सिंह को चिकित्सा क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि के लिए डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने की प्रक्रिया जीवन पर्यंत चलती रहती है। पश्चिमी देश में शिक्षा मात्र सशक्तिकरण का माध्यम है परंतु भारतीय परंपरा में सशक्तिकरण के साथ शिक्षा को मुक्ति का माध्यम भी माना गया है। यदि विद्या प्राप्ति से विनम्रता नहीं आती है तो वह अपने उद्देश्यों को पूरा (शेष पृष्ठ 11 पर)

# भारत में चार नए लेबर कोड लागू, 29 पुराने कानून खत्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लेते हुए देश में चार लेबर कोड तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए। इन कोड्स के लागू होने के साथ ही 29 पुराने श्रम कानून खत्म हो गए हैं और उनकी जगह अब एकृकीत और सरल ढांचा काम करेगा। लागू किए लेबर कोडों में वेज कोड 2019 (वेतन संहिता), इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020 (औद्योगिक संबंध संहिता), सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 (सामाजिक सुरक्षा संहिता) एवं ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड, 2020 (व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता) शामिल है। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया गया है और अब वे देश के कानून हैं। मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि श्रम नियमों का आधुनिकीकरण, श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा देना और श्रम पारिस्थितिकी तंत्र को कार्य की उभरती दुनिया के साथ संरेखित करके, यह ऐतिहासिक कदम भविष्य के लिए तैयार कार्यबल और मजबूत, लचीले उद्योगों की नींव रखता है, जो आत्मनिर्भर भारत के लिए श्रम सुधारों को आगे बढ़ाएगा। भारत के कई श्रम



कानून स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के बाद के आरंभिक काल (1930-1950 के दशक) में बनाए गए थे, उस समय जब अर्थव्यवस्था और कार्य की दुनिया मौलिक रूप से भिन्न थी। इसके अनुसार, अधिकांश बड़े देशों ने पिछले कुछ दशकों में अपने श्रम नियमों को समय के साथ अपडेट किया और उन्हें एकीकृत किया है, लेकिन भारत अब तक 29 केंद्रीय श्रम कानूनों में बिखरे, जटिल और कई मामलों में पुराने प्रावधानों के आधार पर काम कर रहा था।


# 9360 हाई स्कूलों में होगा कौशल विकास कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की नई सरकार में युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास पर तेजी से काम शुरू होने जा रहा है। कौशल विकास कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर कार्य योजना और स्कूली छात्र-छात्राओं को करियर काउंसलिंग से लेकर कौशल विकास के बारे में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। इसकी पहल श्रम संसाधन विभाग ने शुरू कर दी है। प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को कौशल विकास संबंधी प्रशिक्षण शीघ्र शुरू किया जाएगा। इसे लेकर श्रम संसाधन विभाग के सचिव और बिहार कौशल विकास मिशन के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दीपक आनंद ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. बी. राजेन्दर को एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव भेजा है। सचिव दीपक आनंद द्वारा शिक्षा विभाग को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि राज्य में युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में माध्यमिक कक्षाओं में कौशल विकास को प्राथमिकता देनी होगी। इसके मद्देनजर श्रम संसाधन विभाग ने



राज्य के सभी 9360 सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कौशल-संबंधित गतिविधियों के संचालन हेतु आवश्यक स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। दीपक आनंद के मुताबिक विभाग का यह पहल शिक्षा और कौशल विकास के एकीकृत माडल की ओर राज्य सरकार की गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बिहार कौशल विकास मिशन राज्य के युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विविध प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। साइकोमेट्रिक असेसमेंट, करियर काउंसलिंग और इंडस्ट्री डिमांड ड्रिवन ट्रेनिंग जैसी गतिविधियां युवाओं की योग्यता और रुचि के अनुरूप उन्हें बेहतर दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं जिससे युवाओं में रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। शिक्षा विभाग ने आग्रह किया गया है कि प्रदेश के हर उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक या दो क्लासरूम (न्यूनतम 500 वर्गफुट क्षेत्रफल) उपलब्ध कराया जाए, जहां छात्र-छात्राओं को कौशल, रोजगार-तत्परता और करियर जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां सुचारू रूप से चलाई जा सकें। इन स्थानों का उपयोग साफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण, फिनिशिंग स्कूल गतिविधियां, प्रतियोगिता तथा विभिन्न इंडस्ट्री आधारित ट्रेनिंग सत्रों के लिए किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर ही अपनी क्षमताओं की पहचान करने और सही करियर मार्ग की ओर अग्रसर होने में सहायता मिलेगी। दोनों विभागों के बीच यह समन्वित प्रयास छात्रों को दीर्घकालीन करियर अवसरों को समझने, चुनने और उनके लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। विद्यालय स्तर पर इस प्रकार की पहल न केवल छात्रों की कौशल क्षमता बढ़ाएगी बल्कि भविष्य के रोजगार बाजार के लिए उन्हें बेहतर तरीके से तैयार करेगी।



# गन्ना पेराई से पूर्व 400 रु. प्रति क्विंटल मूल्य घोषित करे सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पुनः ताजपोशी पर बधाई देते हुए बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने राज्य सरकार से गन्ना किसानों की समस्याओं पर तत्काल पहल करने की अपील की है। मोर्चा के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह एवं महासचिव प्रो. आनंद किशोर ने सीएम को पत्र भेजकर कहा है कि गन्ना पेराई सीजन शुरू होने से पहले गन्ना का राज्य परामर्शी मूल्य (एस.ए.पी.) घोषित किया जाए। मोर्चा ने स्पष्ट कहा है कि बढ़ती लागत के मद्देनजर गन्ने का मूल्य कम से कम 400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेत की जुताई, बीज रोपाई, महंगे दामों पर खाद–कीटनाशक की खरीद, सिंचाई, कटाई-ढुलाई, भूमि एवं पूंजीगत लागत के ब्याज ने उत्पादन व्यय को काफी बढ़ा दिया है। ऐसे में कम मूल्य तय होने पर लाभ चीनी मिल मालिकों को मिलेगा और किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे। मोर्चा ने यह भी कहा कि हाल में वर्षा, तूफान एवं बाढ़ की मार झेल चुके गन्ना किसानों को विशेष आर्थिक सहायता दी जाए तथा नई फसल के लिए विशेष अनुदान, बीज, खाद और कीटनाशक निशुल्क उपलब्ध कराया जाए। मोर्चा ने गन्ना किसानों की लंबित देय राशि का अविलंब भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही मृत किसानों के आश्रितों को भुगतान के लिए जिला जज से प्रमाण पत्र लेने की बाध्यता समाप्त कर पंचायत या प्रखंड स्तर पर जारी आश्रित प्रमाण पत्र को मान्य करने की मांग की गई है। मोर्चा ने कहा कि जिला अदालत के चक्कर में गरीब किसानों की राशि वकील, मुंशी व पेशकार ही हड़प लेंगे और किसानों को कुछ नहीं मिल पाएगा। मोर्चा ने राज्य की बंद पड़ी चीनी मिलों को तत्काल चालू करने की भी मांग की है। ताकि किसानों एवं श्रमिकों को राहत मिल सके। मोर्चा ने कहा कि रीगा चीनी मिल द्वारा केसीसी के नाम पर फंसाए गए लगभग 12,000 किसानों को तुरंत नो-ड्यूज प्रमाण पत्र दिया जाए और जिन किसानों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं, उन्हें तत्काल खोलवाया जाए। मोर्चा ने उम्मीद जताई है कि नई सरकार प्राथमिकता के आधार पर किसानों की समस्याओं का समाधान करेगी।

# डॉ. निर्मल कुशवाहा ने श्रवण कुमार की ऐतिहासिक जीत और मंत्री पद के लिए दी बधाई

## ग्रामीण विकास और संगठन निर्माण में उल्लेखनीय योगदान को किया रेखांकित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वरीय सामाजिक कार्यकर्ता और चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने बिहार सरकार के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार को लगातार आठवीं बार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने और नवगठित सरकार में मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार ने अपने सार्वजनिक जीवन में जिस प्रकार समर्पण, सादगी और विकास-केन्द्रित राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह वर्तमान राजनीति के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्र के विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार और पंचायत स्तर पर प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करने में श्रवण कुमार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री के रूप में उनके नेतृत्व में ग्रामीण सड़क योजनाओं, पेयजल व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं स्थानीय स्तर पर जनकल्याणकारी परियोजनाओं को गति मिली और इन योजनाओं ने गांवों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूती प्रदान की। डॉ. कुशवाहा ने यह भी कहा कि श्रवण कुमार ने सिर्फ सरकार में रहते हुए ही नहीं, बल्कि पार्टी संगठन में भी मजबूत नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं को सम्मान देने और जनता की आवाज को शासन की प्राथमिकता में शामिल करने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने हमेशा संवाद और सहमति की राजनीति का पालन किया है जो लोकतांत्रिक मूल्यों की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि लगातार आठवीं बार जनता का अपार समर्थन मिलना यह साबित करता है कि श्रवण कुमार आम लोगों के सर्वाधिक प्रिय और विश्वसनीय नेता हैं। बिहार की जनता को आज ऐसे अनुभवी, सरल और ईमानदार जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है जो ग्रामीण विकास की गति को और अधिक मजबूत करे। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्री के रूप में श्रवण कुमार आने वाले समय में सुनियोजित विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक उत्थान के नए अध्याय लिखेंगे तथा बिहार को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरा समाज उनके नेतृत्व से आशान्वित है और विकास के प्रति उनका संकल्प बिहार के भविष्य को उज्जवल बनाएगा।

# एनडीए की प्रचंड जीत से बौखलाया है राजद : राजीव रंजन प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड विजय के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने राजद द्वारा किए गए एक ट्वीट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए को मिला भारी जनसमर्थन राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं के गले नहीं उतर रहा है, इसी कारण वे अनर्गल टिप्पणियां और मर्यादाहीन आरोपों का सहारा ले रहे हैं। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि बिहार की जनता ने इस चुनाव में एनडीए के विकास कार्यों और नेतृत्व में विश्वास जताते हुए ऐतिहासिक जनादेश दिया है, लेकिन राजद इसे पचा नहीं पा रहा। उन्होंने कहा कि राजद नेता बिहार की जनता के इस अभूतपूर्व समर्थन से बौखलाहट में हैं। वे जनादेश का सम्मान करने के बजाय अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद और पूरे विपक्ष को आत्ममंथन करना चाहिए कि आखिर बिहार की जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार क्यों दिया, लेकिन इसके विपरीत वे आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक बयानबाजी में उलझे हुए हैं। जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास, सुशासन और स्थिरता ही प्राथमिकता है जबकि विपक्ष सिर्फ भ्रम फैलाने और नकारात्मक राजनीति करने में लगा रहा। अंत में उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन बिहार की जनता के भरोसे और विश्वास के अनुरूप काम करते हुए बिहार के विकास को और गति देगा और जनता के जनादेश का सम्मान करना हर दल का दायित्व है।

# डॉ नीतू नवगीत को मिला विश्व हिंदी सेवा सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** विश्व हिंदी परिषद द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीयता और मानवता के प्रतीक पंडित दीनदयाल उपाध्याय विषय पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कई गणमान्य हस्तियों को विश्व हिंदी सेवा सम्मान दिया गया। भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका और पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत को साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में शानदार योगदान के लिए विश्व हिंदी सेवा सम्मान प्रदान किया गया। इस भव्य आयोजन के दौरान विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य यार्लगड्डा लक्ष्मी प्रसाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, संस्था के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर विपिन कुमार और सम्मेलन संयोजक प्रोफेसर रामनारायण पटेल उपस्थित रहे।

# पूर्वी चंपारण में छह दलितों की हत्या पर कांग्रेस ने गठित की जांच समिति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बीते बुधवार 19 नवंबर को पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन थाना अंतर्गत माधोपुर ग्राम में हुई अत्यंत दुःखद और क्रूर घटना जिसमें छः दलित (पासवान जाति) समुदाय के लोगों की फरसा से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई है, पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने गहरा दुःख और चिंता व्यक्त करते हुए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन कर जांच समिति को घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बकायदे निर्देश जारी कर इस जघन्य घटना की विस्तृत जांच करने, पीड़ित परिवारों से मिलकर वस्तुस्थिति का सत्यनिष्ठ आकलन करने तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु चार सदस्यीय जांच समिति का तत्काल प्रभाव से गठन किया है इसमें पूर्वी चंपारण के जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई शशि भूषण राय के अध्यक्षता में अमर आजाद पासवान, अमरजीत कुमार और अजय पासवान को सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। यह जांच समिति 24 नवंबर 2025 को उक्त गांव (माधोपुर) में पहुंचकर पीड़ित परिवारों और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर घटना की वास्तविकता एवं कारणों की विस्तृत जानकारी जुटाएगी तथा प्रदेश कांग्रेस को रिपोर्ट करेगी ।

# समाजसेवी स्व. मंजू श्री अग्रवाल की श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पत्रकार सीए ईश्वरन श्री जी की माता जी 80 वर्षीय समाजसेवी मंजू श्री अग्रवाल का स्वर्गवास 9 नवंबर 2025 को उनके आवास राजकमल भवन में हो गया था। वे अपने पीछे अपने पति श्रीचंद अग्रवाल सहित परनाती श्रीजी, पोता पोती सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। आज उनके श्रद्धांजलि में सैकड़ों की संख्या में नगर के गणमान्य पुरुष एवं महिलाओं ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। एमपी जैन ने बताया कि गोलोकवासी मंजू श्री अग्रवाल कुशल गृहणी, व्यावसायी होने के साथ-साथ कई महिला संगठनों से जुड़ी हुई थी तथा एक लोकप्रिय सख्सियत थीं। देहरादून से आयी मीरा अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक बालिकाओं की शिक्षा के विकास हेतु कार्य किया तथा सरस्वती बालिका विद्यालय की व्यवस्थापक के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान की। उनकी मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र परमेश्वरन श्री जी ने दिया है जो आरएसएस से जुड़े हुए हैं। मौके पर उनकी नजदीकी संबंधी और प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. गीता जैन ने अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. मंजू जी केवल हमारी परिवार की सदस्य नहीं थीं, बल्कि समाज की मां समान थीं। उन्होंने निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की और मानवता को अपना धर्म माना। मौके पर मुम्बई से पधारी रमा अग्रवाल ने कहा कि आज उनका शरीर भले हीं हमारे बीच नहीं है, पर उनका दिया हुआ संस्कार, उनकी सीख और उनकी मुस्कुराहट हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगी। उन्होंने इतने बड़े पूरे परिवार को एक सूत्र में बांधकर रखा था। सभा में विजय कृष्ण अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, अनंत एवं आनंद अग्रवाल, संतोष एवं दीपू अग्रवाल, निधि एवं नीति अग्रवाल, कुंवर अग्रवाल, साख्यम एवं परीक्षित अग्रवाल, अज्जु, बिज्जू तथा गुड्डू अग्रवाल, राजन अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सौरभ तथा अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

# भारतीय स्टेट बैंक ने किया 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देशानुसार 21 नवंबर 2025 को पटना जिला के दानापुर में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरबीआई पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद के साथ एसबीआई के मुख्य महाप्रबन्धक अनुराग जोशी थे। इस अवसर पर नाबार्ड, वित्त विभाग बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के नामित अधिकारी भी उपस्थित थे। साथ ही इसमें एसएलबीसी बिहार के सदस्य बैंक तथा एसएलआईसी के सदस्य बीमा कंपनी के अधिकारी की भी उपस्थिति थी।

इस अवसर पर सभी बैंकों व बीमा कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाया गया जिसमें ग्राहकों को उनके अनक्लेम्ड असेट्स को प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा मुहैया करायी गयी जानकारियों का सारगर्भित पुस्तक 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार- वित्तीय जागरूकता पहल' का विमोचन किया गया। पुस्तक की प्रति उपस्थित ग्राहकों को वितरित की गई। एसबीआई के मुख्य महाप्रबन्धक अनुराग जोशी ने अनक्लेम्ड असेट्स के बारे मे जानकारी दी तथा उसे प्राप्त करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। आरबीआई पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद ने ग्राहकों को पोर्टल के बारे में जानकारी दी जिसके माध्यम से विभिन्न बैंकों में अपनी अनक्लेम्ड जमा राशि का पता लगाया जा सकता है, साथ ही सभी उपस्थित लोगों को इस तरह के आयोजनों का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर ग्राहकों के बीच क्लेम सेटलमेंट के रूप में सांकेतिक चेकों का वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित ग्राहकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी और बैंक तथा सरकार के इस प्रयास की सराहना की। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार के संयोजक एवं महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने इस अभियान पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पैसा जनता का है और इसे उनके सही हकदारों तक पहुंचाना हमारी नैतिक और विनियामक जिम्मेदारी है। यह अभियान पारदर्शिता और ग्राहक-सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें खुशी है कि आज बड़ी संख्या में ग्राहकों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर में 300 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही।

# बिहार के स्पैरोमैन-डीडी न्यूज के उपनिदेशक संजय कुमार की मां जया देवी का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के स्पैरोमैन-डीडीन्यूज के उपनिदेशक संजय कुमार और देश के चर्चित नाटककार राजेश कुमार की मां जया देवी का गुरुवार रात भागलपुर में निधन हो गया। सामाजिक महिला 92 वर्षीया जया देवी ने रात 8.20बजे अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को भागलपुर में किया जायेगा। अपने पीछे चार पुत्र-पुत्रवधू, तीन पोता, तीन पोती, एक परनाती छोड़ गई है।

# यात्री सुविधा के मद्देनजर उठाए गए कई कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल यात्री सुविधा में निरंतर सुधार हेतु कार्यरत है। इसी कड़ी में अक्टूबर माह में यात्री सुविधा के मद्देनजर कई कार्य किये गए है जिनका विवरण निम्नानुसार है - यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अक्टूबर माह में कुल 14 जोड़ी नई ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ किया गया। इनमें पटना से नवादा, इसलामपुर तथा बक्सर के लिए 01-01 जोड़ी एवं पटना से गया के लिए 02 जोड़ी, पाटलिपुत्र से गया एवं बलिया के लिए 01-01 जोड़ी, किउल से मोकामा, झाझा से दानापुर, सहरसा एवं बिहारीगंज से पूर्णिया कोर्ट, गौनहा से नरकटियागंज के लिए 01-01 जोड़ी नई ट्रेनों का परिचालन शामिल है। इसके साथ ही मुजफ्फरपुर से चर्लपल्ली एवं दरभंगा से मदार के लिए 01-01 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस का भी परिचालन प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा हेतु 04 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन विस्तार किया गया। गाड़ी सं. 15515/15516 दानापुर-सुगौली एक्सप्रेस का नरकटियागंज तक, 22843/22844 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस का बक्सर तक, 12553/12554 नई दिल्ली-सहरसा वैशाली एक्सप्रेस का ललितग्राम तक तथा 75249/75250 अमहा पिपरा-सहरसा पैसेंजर का त्रिवेणीगंज तक परिचालन विस्तार किया गया। अक्टूबर माह में पूर्व मध्य रेल के 11 स्टेशनों पर 17 ट्रेनों का ठहराव प्रदान किया गया। यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अक्टूबर माह में 05 नए यूटीएस खोले गए जिससे अब पूर्व मध्य रेल में यूटीएस की संख्या 433 हो गयी है । इनमें दानापुर मंडल के बरबीघा, सरसा जमालपुर, अस्थावां एवं तोपसरथुआ तथा समस्तीपुर मंडल के त्रिवेणीगंज शामिल हैं। छठ के उपरांत यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर 14 प्रमुख स्टेशनों पर 32 मोबाइल यूटीएस की सुविधा उपलब्ध करायी गयी थी ताकि यूटीएस काउंटर पर भीड़ को कम किया जा सके और यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध हो सके। पटना जं. के प्लेटफॉर्म सं. 2/3 पर 01 नया एस्केलेटर की सुविधा प्रदान की गयी। पटना जं. के प्लेटफॉर्म सं. 4/5 पर 02 यूरिनल का निर्माण किया गया। दानापुर मंडल के सकलडीहा स्टेशन पर 01 फुट ओवर ब्रिज एवं बड़हिया स्टेशन पर एफओबी रैंप का निर्माण कार्य पूरा किया गया। दानापुर मंडल के दरौली स्टेशन के प्लेटफॉर्म सरफेस का उन्नयनीकरण किया गया। अथमलगोला स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर 09 अदद वाटर बूथ एवं पटना जं. के प्लेटफॉर्म सं. 6/7 पर 01 वाटर बूथ की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। धनबाद मंडल में नार्थ रामगढ़ चैनपुर में एक नया गुड्स शेड खोला गया जो 24 घंटे कार्यरत है।

# लुइस फिलीप का द रॉयल मैस्कैरेड कलेक्शन लांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड के प्रीमियम में सवियर ब्रांड लुइस फिलीप ने अपना नया सेरेमोनियल कलेक्शन 'द रॉयल मैस्कैरेड' पेश किया है। वेनिस के प्रतिष्ठित मैस्कैरेड कल्चर से प्रेरित यह कलेक्शन 17वीं-18वीं सदी की भव्यता को आधुनिक लक्जरी फैशन में नए रूप में प्रस्तुत करता है - जहां संरचित टेलरिंग, समृद्ध टेक्सचर, ज्वेल-टोन रंग और कूट्योर-स्तरीय डिटेलिंग खास आकर्षण हैं। कलेक्शन में एमरल्ड, मिडनाइट सफायर, रूबी लैकर और आइवरी सिल्क जैसे गहरे रंगों के साथ टक्सीडो जैकेट, लेयर्ड शर्ट्स और थ्री-पीस सूट शामिल हैं। गीजा कॉटन, वेलवेट और टेंसेल ब्लेंड्स पर बने इन परिधानों को बैरोक जैक्वार्ड, टोनल एंब्रॉयडरी, लेस और सैटिन विवरणों से उन्नत किया गया है जो उन्हें कूट्योर-प्रेरित प्रीमियम लुक देते हैं। लॉन्च के मौके पर लुइस फिलीप के चीफ बिजनेस ऑफिसर अनिल एस. कुमार ने कहा कि यह कलेक्शन उस आधुनिक शान का उत्सव है जो व्यक्ति की अपनी पहचान और अभिव्यक्ति से जन्म लेती है।

# सहरसा से अमृतसर के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा सहरसा से अमृतसर के लिए 23.11.2025 को स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

गाड़ी सं. 04667 सहरसा-अमृतसर स्पेशल - गाड़ी सं. 04667 सहरसा-अमृतसर स्पेशल दिनांक 23.11.2025 को 07.30 बजे खुलकर 08.33 बजे मानसी, 08.50 बजे खगड़िया, 09.23 बजे बेगूसराय, 10.00 बजे बरौनी, 10.32 बजे बछवारा, 12.05 बजे हाजीपुर, 12.28 बजे सोनपुर रुकते हुए वाराणसी, राय बरेली, मुरादाबाद, सहरनपुर, अम्बाला कैंट, जालंधर सिटी के रास्ते अगले दिन 17.00 बजे अमृतसर पहुंचेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 कोच, शयनयान श्रेणी के 08 कोच तथा साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे।

# राष्ट्रीय अधिवेशन में अधिवक्ता कल्याण के मुद्दे उठेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह की अध्यक्षता में तथा वरीय अधिवक्ता रामनंदन मिश्रा के संचालन में शनिवार को एक बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के अधिवेशन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नई दिल्ली में समिति का 09वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 28 एवं 29 नवंबर को आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में अधिवक्ता हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मांगें रखी जाएंगी। औरंगाबाद से समिति के उपाध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, शाखा औरंगाबाद के जिला अध्यक्ष रामनंदन मिश्रा, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार और सदस्य हरे कृष्ण प्रसाद सिंह प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे। अधिवेशन में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम, अधिवक्ता ऋण योजना, अधिवक्ता बीमा योजना तथा अधिवक्ता पेंशन योजना लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। बैठक में अधिवक्ता कामेश्वर यादव, इरशाद आलम और सतीश कुमार स्नेही सहित कई वकील उपस्थित थे। बैठक में अधिवक्ताओं की सुरक्षा और कल्याण से जुड़े मुद्दों को लेकर व्यापक चर्चा की गई और उम्मीद जताई गई कि अधिवेशन से अधिवक्ताओं को मजबूती देने वाले निर्णय सामने आएंगे।

# देश में अब सिर्फ चार लेबर कोड, 29 श्रम कानून खत्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पुराने 29 श्रम कानूनों को खत्म कर दिया है। इन कानूनों की जगह अब चार नए लेबर कोड बनाए गए हैं जो आज से देश में लागू कर दिया गया है। यह लेबर कोड हैं मजदूरी संहिता-2019, औद्योगिक संबंध संहिता-2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता-2020। इन चार लेबर कोड से देश के सभी श्रमिकों (अनौपचारिक सेक्टर, गिग वर्कर्स, प्रवासी मजदूरों और महिलाओं समेत) बेहतर वेतन, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य-सुरक्षा की गारंटी मिलेगी। यह संहिता संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी का एक वैधानिक अधिकार स्थापित करती है। पहले, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम केवल अनुसूचित रोजगारों पर लागू होता था जिसमें लगभग 30% श्रमिक ही शामिल थे।

# लिट्रा वैली स्कूल ने किया वार्षिक प्रस्तुतीकरण का आयोजन

## हम साथ हैं, इसलिए मजबूत हैं - ठीक वैसे ही जैसे ताने-बाने के धागे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लिट्रा वैली स्कूल, पटना के शांति निवास ऑडिटोरियम में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के छात्रों ने रंगारंग नृत्य, मधुर गीत, जीवंत वाचन, प्रेरणादायक नाटक और उत्कृष्ट समन्वय के साथ अपने प्रदर्शन प्रस्तु किए। यह खूबसूरत ताने-बाने की प्रस्तुति नवरस 'और मासूमियत' की थीम के साथ मंचित की गई। लिट्रा वैली स्कूल ने अपने भव्य वार्षिक प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया जिसकी थीम टेपेस्ट्री था, जो खूबसूरती से दर्शाता है कि प्रत्येक बच्चा एक अनोखा धागा है, जो एक रंगीन, अर्थपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण कहानी सुनाता है। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के छोटे बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और उत्साह झलक रहा था। इस कार्यक्रम के शुभारम्भ को गई गणमान्य अतिथियों यथा चेयरमैन अमित प्रकाश, चेयरपर्सन अंजली सिंह, प्रिंसीपल डेसमंड ज्यूड डी 'मोंटे, हेडमिस्ट्रेस सुजाता भदानी तथा फाइनेंस हेड के0 के0 सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने और भी खास बना दिया।

कार्यक्रम का आरंभ चेयरमैन, चेयरपर्सन, प्रिंसीपल एवं हेडमिस्ट्रेस द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ जो अंधकार के नाश और ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक है। प्रिंसीपल डेसमंड ज्यूड डी मोंटे ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से उपस्थित लोगों को संबोधित किया और विद्यालय के उज्जवल भविष्य की अपनी दृष्टि को साझा किए। हेडमिस्ट्रेस सुजाता भदानी ने वार्षिक शैक्षणिक रिपोटें प्रस्तुत की। हेड ब्याय और हेड गर्ल ने खेल व गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट साझा किए जो पूरे वर्ष की उपलब्धियों का प्रमाण था।

# धान अधिप्राप्ति में गड़बड़ी पर सीधे होगी एफआइआर : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेतिया।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए धान अधिप्राप्ति संबंधी एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से आए सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों, चयनित पैक्स व्यापार मंडल के अध्यक्षों, गोदाम प्रबंधकों और मिलरों ने हिस्सा लिया। बैठक की शुरुआत जिला पदाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा से की और प्रत्येक स्तर के पदाधिकारी से जानकारी लेते हुए भविष्य की कार्ययोजना पर विशेष जोर दिया। जिला पदाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य पूरी तरह पारदर्शी और नियमसम्मत होना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की हेराफेरी, गड़बड़ी या किसान हितों से खिलवाड़ की स्थिति में दोषियों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां शिकायत मिलेगी, वहां तत्काल जांच कर एफआईआर दर्ज की जाएगी और दोषी पदाधिकारियों, मिलरों सहित अन्य दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने डीसीओ, बीसीओ, पैक्स अध्यक्ष, मिलर, गोदाम प्रबंधक सहित सभी संबंधित व्यक्तियों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि हर कोई अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करे, अन्यथा विभागीय कार्रवाई के लिए तैयार रहे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी मिलों का विधिवत सत्यापन एक सप्ताह के अंदर कर लिया जाएगा और यह प्रक्रिया पूर्ण निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। उन्होंने कहा कि सत्यापन केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक क्षमता, संचालन, भंडारण और गुणवत्ता संबंधी सभी मानकों की गहन जांच पर आधारित होगी। इसके साथ ही पैक्स गोदामों की भी समय-समय पर जांच कराई जाएगी ताकि किसी प्रकार की अनियमितता या शिकायत की गुंजाइश न बचे। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी पैक्स को योग्यता और विभागीय प्रावधानों के अनुरूप समान रूप से मिल से टैग किया जाए ताकि अधिप्राप्ति कार्य में किसी तरह का भेदभाव या पक्षपात सामने न आए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी चयनित पैक्सों, व्यापार मंडलों को धान अधिप्राप्ति हेतु क्रियाशील रखें। किसानों को ससमय भुगतान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पैक्स अध्यक्षों को पहले से लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं और लक्ष्य प्राप्त करने की स्थिति में उन्हें बढ़ाया भी जाएगा जबकि कम उपलब्धि दर्ज होने पर लक्ष्य घटाने की कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने सभी पैक्सों को चेतावनी दी कि वे अपने निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करें क्योंकि बेहतर प्रदर्शन करने वाली इकाइयों को जिला प्रशासन की ओर से प्रोत्साहित भी किया जायेगा। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता अहमद अली, नगमा तबस्सुम, ज्योति रानी, जिला सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, पैक्स अध्यक्ष और मिलर उपस्थित थे। पूरे बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति कार्य में ईमानदारी, पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है और जिले में किसान हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। गड़बड़ी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा चाहे वह पदाधिकारी हो, कर्मी हो, पैक्स अध्यक्ष हो, मिलर हो अथवा कोई और।

# शालिनी सिंह पटेल की जदयू के राष्ट्रीय महासचिव से हुई मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने पटना स्थित आवास पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व आईएएस मनीष कुमार वर्मा से मुलाकात कर संगठन की भविष्य रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। चुनाव प्रचार के दौरान मनीष कुमार वर्मा ने सबसे ज्यादा बाय रोड जाकर चुनावी यात्रा की और जनता के बीच रहकर व्यापक प्रचार किया जिसके चलते कई क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत जनसमर्थन मिला। शालिनी सिंह पटेल ने भी चुनाव अभियान में गांव-गांव, कस्बों और विभिन्न इलाकों में बाय रोड जनसंपर्क करते हुए पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाया। बैठक में मनीष कुमार वर्मा ने स्पष्ट संकेत दिया कि जदयू जल्द ही पूरे देश में संगठन विस्तार की प्रक्रिया को तेज करेगी और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश संगठन पर बड़े पैमाने पर काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि यूपी में संगठन का पुनर्गठन, नई नियुक्तियां और बूथ स्तर तक मजबूत ढांचा तैयार करने की दिशा में जल्द ही बड़े फैसले लिए जाएंगे। मुलाकात में 2026 के पंचायत चुनावों को लेकर भी गहन चर्चा हुई और तय किया गया कि जदयू यूपी में पूरी तैयारी और मजबूत रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मुलाकात यूपी में जदयू की सक्रियता और आगामी बड़े बदलावों का स्पष्ट संकेत है। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि जदयू जनता तक नीतीश मॉडल की नीतियों को पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार है और नेतृत्व यूपी को लेकर बेहद गंभीर है।

## सोन नद किनारे मिला लावारिस शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के पाली रोड स्थित नागापथ सोन नदी किनारे शुक्रवार की सुबह एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी नगर पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। इस मामले में नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। ऐसा प्रतीत होता है कि ठंड के कारण मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम करने के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लावारिस शव की फोटो डाली गई है।

## 10वीं बार नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाइयों का सिलसिला जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार में 10वीं बार नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई संदेशों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता व जदयू के प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत विकास, सुशासन और विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को स्पष्ट जनादेश देकर यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व क्षमता पर उनका भरोसा कायम है। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में जो कार्य हुए हैं, उन्हें जनता ने सराहा है और उसी का परिणाम है कि आज फिर से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में चुने गए हैं। बैरिस्टर सिंह ने आगे कहा कि यह सिर्फ सरकार बनने का अवसर नहीं बल्कि बिहार के भविष्य को और मजबूत बनाने की शुरुआत है। आने वाले दिनों में विकास की गति और तेज होगी और बिहार देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। उन्होंने जदयू के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी बधाई देते हुए कहा कि यह सभी के सामूहिक प्रयास और संगठन की मजबूती का परिणाम है।

## नवनिर्वाचित विधायक का लोगों ने किया गर्मजोशी से स्वागत, निकला विजय जुलूस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मैनाटांड।** सिकटा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक समृद्ध वर्मा का शुक्रवार को मैनाटांड़ प्रखंड के अलग-अलग जगहों पर भव्य स्वागत किया गया। एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी समृद्ध वर्मा के जीत पर एनडीए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अन्य लोगों ने भी अबीर लगा एवं पटाखा बजा कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर एक भव्य जुलूस भी निकाला गया जो पुरुषोत्तमपुर, मैनाटांड़, रमपुरवा, इनरवा, भंगहा, पिड़ारी आदि गांव का भ्रमण किया। भ्रमण में जुलूस के दौरान विधायक श्री वर्मा के अलावे हजारों लोग शामिल रहे। विधायक श्री वर्मा ने अपनी जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ता और सिकटा और मैनाटांड़ की जनता को दिया है। उन्होंने कहा है कि सिकटा विधानसभा का चतुर्दिक विकास कराना ही मेरा लक्ष्य होगा। सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना ही मेरी प्राथमिकता में है। गरीबों, दलितों, शोषितों की आवाज बनकर मैं 24 घंटा उपलब्ध रहूंगा। मौके पर अनुप कुमार, प्रभु कुशवाहा, अमित कुमार, विपीन मिश्रा, उप मुखिया धनंजय कुमार, लक्ष्मण पटेल, राजू कुशवाहा, मुन्ना यादव, नीरज कुमार विद्यार्थी, जवाहर पटेल, शेख नेसार, सुरेंद्र प्रसाद, संतोष यादव, रामबाबू कुमार, मनोज यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और लोग मौजूद रहे।

# पीके अब शुरु करेंगे बिहार नवनिर्माण संकल्प अभियान

### भितिहरवा गांधी आश्रम में समाप्त किया एक दिवसीय मौन उपवास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेतिया।** भितिहरवा स्थित गांधी आश्रम में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के मौन उपवास को स्कूल की मासूम बच्चियों ने जूस पिलाकर तुड़वाया। इस दौरान प्रशांत किशोर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 जनवरी 2026 से वे बिहार के सभी 1 लाख 18 हजार वार्डों में जाएंगे और बिहार नवनिर्माण संकल्प अभियान के तहत जनता से सीधा संवाद करेंगे। इस अभियान का मकसद सरकार से किए गए वादों को पूरा कराना और जनता की आवाज को बुलंद करना है। हाल के विधानसभा चुनाव परिणामों को उन्होंने लोकतंत्र पर अन्याय करार दिया। पीके ने आरोप लगाया कि गरीब परिवारों को 10-10 हजार रुपये देकर उनके वोट खरीदे गए जो बाबा साहब अंबेडकर द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ऐसे नतीजों को स्वीकार करना असंभव है और जन सुराज जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए डटी रहेगी। प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं बिहार को कभी नहीं छोड़ूंगा। अगले पांच साल तक अपनी कुल आय का 90 प्रतिशत हिस्सा जन सुराज को दान करूंगा। पिछले 20 साल में अर्जित सारी संपत्ति में से सिर्फ एक घर अपने पास रखूंगा, बाकी सब कुछ जन सुराज को समर्पित कर दूंगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन सुराज सिर्फ राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक नैतिक और सामाजिक आंदोलन है, जिसके प्रति उनकी प्रतिबद्धता अटल है।

## स्टार्स ऑफ इंडिया अवॉर्ड्स का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेतिया।** बॉलीवुड अभिनेता नील नितिन मुकेश और मशहूर शिक्षक खान सर ने स्टार्ज ऑफ इंडिया अवॉर्ड्स का उद्घाटन किया। इसी अवसर पर खान सर के हाथों ईस्ट इंडिया चैप्टर मैगजीन 2025 के तीसरे संस्करण का विमोचन भी हुआ। नील नितिन मुकेश ने कहा कि यहां संस्कृति और लोगों का प्यार अद्भुत है। यहां की प्रतिभाओं को सम्मानित करना मेरे लिए गर्व की बात है। खान सर ने कहा, स्टार्ज ऑफ इंडिया अवॉर्ड्स पूर्वी भारत की प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। संपादक अमृता राय वर्मा और श्रीधर वर्मा को बधाई। कार्यक्रम में आरजे अंजलि, आरजे शशि, सैयद साहेब अली (मटरगश्ती), जेपी यादव, आर्यन बाबू, संजय भूषण पटियाला, अंशुमन सिन्हा सहित कई प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आयोजक अमृता राय वर्मा ने खान सर और नील नितिन मुकेश का आभार जताते हुए कहा कि यह मंच पूर्वी भारत की प्रतिभा को वैश्विक पहचान दिलाने का काम कर रहा है। चीफ विजनरी ऑफिसर श्रीधर वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और ऊर्जा से भरे माहौल की सराहना की। भोजपुरी गायक आर्यन बाबू ने कहा, ऐसा आयोजन गर्व की बात है।

# देसी शराब के साथ बाइक सवार तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला।** दरिहट पुलिस ने थाना क्षेत्र के हुरका सोन नद के रास्ते से गुरुवार की देर रात छापेमारी कर एक बाइक सवार तस्कर को 60 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं परिवहन में प्रयोग किया गया हीरो स्प्लेंडर बाइक को जब्त कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि गुरुवार को गुप्त सूचना मिली कि हुरका सोन नद के रास्ते एक तस्कर एक बाइक से शराब का परिवहन कर रहा है। वहीं सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त स्थल पर घेराबंदी कर छापेमारी किया जहां 60 लीटर देसी शराब के साथ धंधेबाज को पकड़ लिया गया। वही परिवहन में ले जाने वाले हीरो स्प्लेंडर बाइक को जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर हुरका गांव के नंदटोला के रहने वाला सीताराम सिंह के 29 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार हैं। राकेश को मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। विदित हो कि बुधवार की शाम दरिहट पुलिस ने सोन नद के रास्ते 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया था जबकि धंधेबाज शराब फेंक कर झाड़ी के रास्ते भागने में सफल रहा है।

## तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** नौतन थाना क्षेत्र के बनकटवा में शुक्रवार दोपहर एक तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गयी। मृतक की पहचान मनोज बैठा के 12 वर्षीय पुत्र प्रदीप बैठा के रुप में की गयी। ठोकर मारने के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते हीं आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदीप के शव को मुख्य सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया। वे वाहन स्वामी पर कार्रवाई एवं मुआवजा की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में तेज गति से वाहन चलने पर नियंत्रण नहीं होने के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझाकर जाम को समाप्त कराया।

## सड़क निर्माण में ग्रामीणों का विरोध, सुरक्षा की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** 35.700 किलोमीटर लंबे बेतिया-नरकटियागंज मुख्य पथ के चौड़ीकरण और सड़क किनारे ड्रेनेज के निर्माण में सड़क निर्माण एजेंसी को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कुमारबाग और सतवरिया के ग्रामीण सड़क निर्माण एजेंसी के खिलाफ मुखर हो गए हैं। हालात से निपटने के लिए बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड बेतिया के उप महाप्रबंधक (तकनीकी) शंकर दयाल ने जिलाधिकारी को पत्र भेज पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात करने की मांग की है। ताकि निर्माण कार्य बिना बाधा के पूरा कराया जा सके। डीएम को भेजे पत्र में उप महाप्रबंधन ने कहा है कि बेतिया- नरकटियागंज राज्य उच्च पथ संख्या 5 परियोजना का कार्य संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। कुमारबाग में ड्रेनेज कार्य के दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा व्यवधान उत्पन्न कर कार्य को अवरुद्ध किया गया। उप महाप्रबंधक ने सड़क निर्माण कार्य में आ रहे व्यवधान के समाधान के लिए जिलाधिकारी से पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात करने का अनुरोध किया है। हालांकि पुलिस बल की तैनाती की मांग की जानकारी होने पर ग्रामीण भड़क गए हैं और सड़क निर्माण एजेंसी पर मनमानी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा के निर्माण एजेंसी उनके साथ छलावा की है।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

Email- adss.aurangabad@gmail.com

**-: अल्पकालीन निविदा :-**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में गैर योजनान्तर्गत सामाजिक सुरक्षा के अधीन वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद जिला अन्तर्गत भूमिहीन, निर्धन एवं भिक्षुकों के बीच कम्बल (ऊनी) वितरण करने के उद्देश्य से क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता कम्बल (ऊनी) की आपूर्ति करने हेतु अल्पकालीन निविदा द्वि–लिफाफा प्रणाली में अंतिम तिथि दिनांक–27.11.2025 के अपराह्न 03:00 बजे तक हाथो–हाथ या निबंधित डाक द्वारा जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, औरंगाबाद में प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी प्राप्त निविदा को दिनांक–27.11.2025 को अप० 03:30 बजे खोला जाएगा।

(ग) निविदा दिनांक–27.11.2025 को अप० 03:30 बजे जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, औरंगाबाद में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।

**जिला पदाधिकारी**
**औरंगाबाद**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 017863 (SWD) 25-26**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**



**बिहार सरकार**

**बिहार राज्य भवन निर्माण निगम,लि० पटना**
**(बिहार सरकार का उपकम)**
**ई– निविदा आमंत्रण सूचना सं0–58/2025–26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–800023 |
| 2 | निविदा आमंत्रण की तिथि | : दिनांकः 18.11.2025 |
| 3 | निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय | : दिनांकः 02.12.2025 से 24.12.2025 को 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय | : दिनांक 26.12.2025 के 15:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा बिक्री का स्थान | : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 6 | प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | : दिनांक–10.12.2025 को 16:00 बजे संबंधित उप महाप्रबंधक के कार्यालय कक्ष में। |
| 7 | प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | : दिनांकः 11.12.2025 को 16:00 बजे, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–23 |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (टेकनीकल बीड) | : दिनांकः 29.12.2025 को 15.00 बजे। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वित्तीय बीड) | : तकनीकी मूल्यांकन के बाद। |
| 10 | निविदा वैद्यता की तिथि | : 120 दिन |
| 11 | कार्य का विवरण | : |

| क्र0 | जिला का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित) (₹) में | अग्रधन की राशि (₹ में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (₹ में) | Bid Processing Fee | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) | उप महाप्रबंधक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | औरंगाबाद | औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखण्ड के कोईलवा में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण कार्य। | ₹ 1,10,38,729.00 | ₹ 2,20,755.00 | ₹ 10,000.00 | As per website | 06 (छः) | गया |
| | पटना | पटना स्मार्ट सिटी, पटना के अन्तर्गत वार्ड न0–62 में जनसेवा केन्द्र का निर्माण कार्य। | ₹ 56,25,000.00 | ₹ 1,13,000.00 | ₹ 10,000.00 | As per website | 06 (छः) | पटना |

12. भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी में निबंधित एवं अद्यतन नवीकृत संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकते हैं, जिन्हें सक्षम स्तर से विद्युतीकरण का भी निबंधन प्राप्त हो।

13. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी Toll Free No.-18005726571 से प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य महाप्रबंधक,**
**बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR- 017801 ( B & C ) 2025-26**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0– 1, औरंगाबाद**

Email ID :- eercdaurangabad01@gmail.com,
ee-rd-aurangabad-bih@nic.in : Mobile No. + 91-9470001281

**आवश्यक सूचना**

पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद के अन्तर्गत दिनांक 06.11.2025 को प्राप्त होने वाली निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RCD/AURANGABAD/SBD/08/2025-26 (Widening and Strengthening of Old G. T. Road Jasoiya More to Ramesh Chowk from Ch. 0.00 to 1.80 km and Construction of new RCC Drain on the level of Road for the year 2025-26 under RCD, Road Division No. 1, Aurangabad), का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में किया गया है, जिसका **PR No – 016607 (RCD) 2025-26,** को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

**कार्यपालक अभियन्ता**
**पथ निर्माण विभाग**
**पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद**

**PR. No. 017873 (RCD) 2025-26**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।**

# मंत्री श्रवण कुमार के गृह प्रखंड में उड़ा गुलाल, बंटी मिठाइयां





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वेन (बिहारशरीफ)।** मंत्री श्रवण कुमार को एक बार फिर बिहार मंत्रिमंडल में जगह मिलते ही उनके गृह प्रखंड वेन में खुशी का माहौल उमड़ पड़ा। खबर मिलते ही गांवों में उत्सव जैसा नजारा देखा गया—लोग घरों से बाहर निकल आए, एक-दूसरे को बधाइयां दीं, अबीर-गुलाल उड़ाया और मिठाइयां बांटकर उल्लास का इज़हार किया। दिन के उजाले में होली और दीपावली जैसे रंग-बिरंगे दृश्य पूरे क्षेत्र में छा गए। एनडीए कार्यकर्ताओं ने वेन स्थित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन कार्यालय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दसवीं बार शपथ ग्रहण करने के बाद भी उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्रवण कुमार के पुनः मंत्री बनने से जिले में अपार हर्ष है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रवण कुमार हमेशा कार्यकर्ताओं और आमजनों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं तथा गरीबों और वंचितों के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता सदैव दृढ़ रही है। नेताओं ने कहा कि नालंदा की जनता ने लोकतंत्र में जिस उत्साह के साथ भागीदारी निभाई है, उसने पूरे जिले में सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने उन मतदाताओं का विशेष धन्यवाद किया जिन्होंने पुनः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को व्यापक समर्थन देकर सुशासन और विकास के प्रति विश्वास जताया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी मंत्री श्रवण कुमार पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे हमेशा क्षेत्र की समस्याओं को सुनते और उनका समाधान सुनिश्चित करते हैं। "हमने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि बनाया है, वे उस पर खरे उतरते रहे हैं," ग्रामीणों ने कहा। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, भाजपा अध्यक्ष निर्मल सिंह, लोजपा (रा) अध्यक्ष रंजन सिंह, टुनटुन सिंह, सुधीर महतो, मो. कलीम, विजय मुखिया, संतोष मुखिया, लक्ष्मण प्रसाद, जीतू मांझी, भगेरन पाल, जीतू कुशवाहा, सुकांत कुमार, राजीव कुमार, प्रहलाद कुमार, निवास कुमार, पृथ्वी कुमार, आजाद कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार, गौतम कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समूचे वेन प्रखंड में उत्सव की यह लहर स्पष्ट करती है कि मंत्री श्रवण कुमार के प्रति जनता का स्नेह और विश्वास अडिग है।

# पल्स पोलियो व नियमित टीकाकरण को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में जिला स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अनुराष्ट्रीय टीकाकरण दिवस एवं नियमित टीकाकरण अभियान की तैयारी को लेकर जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलेभर में अभियान को सफल बनाने हेतु विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रखंड स्तर की टास्क फोर्स बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पल्स पोलियो माइक्रोप्लान आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के साथ बैठक कर माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य कराने को कहा गया। नियमित प्रतिरक्षण में 90 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले प्रखंड – एकंगरसराय, सिलाव, परवलपुर और बिहारशरीफ – को प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। बीसीजी एवं ओपीवी जीरो डोज में 80 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले प्रखंडों से कारण पूछा गया तथा 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का आदेश दिया गया। एएनसी में 74.2% और एएनसी-4 में 64.7 प्रतिशत उपलब्धि कम रहने पर स्वास्थ्य संस्थानों के नियमित निरीक्षण एवं समय पर एएनसी कराने पर जोर दिया गया।संस्थागत प्रसव में 50 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले प्रखंड कराय परसुराय, हरनौत, एकंगरसराय, बेन एवं इसलामपुर से स्पष्टीकरण मांगा गया। चंडी, हिलसा, राजगीर एवं कराय परसुराय में सिजेरियन डिलीवरी कम रहने पर संबंधित प्रभारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। परिवार कल्याण ऑपरेशन में अक्टूबर माह की उपलब्धि कम रहने पर सभी टीम/पीपीपी के माध्यम से 100 प्रतिशत लक्ष्य सुनिश्चित करने को कहा गया। बिंद एवं कतरीसराय में एक्स-रे सुविधा बंद रहने पर एक सप्ताह के भीतर सेवा बहाल करने का निर्देश दिया गया। एनसीडी स्क्रीनिंग में 23% उपलब्धि रहने पर कम प्रदर्शन वाले सीएचओ को चिन्हित कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दवा की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

# जनता दरबार में समस्याओं का किया तत्काल समाधान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। कुल 30 शिकायतें प्राप्त की गई। आज के जनता दरबार में थाना-सीतामढ़ी, ग्राम-सराय बेलदारी की शारदा देवी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, थाना-मुफ्फसिल, ग्राम-गोडधोवा की सीमा देवी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, थाना-मुफ्फसिल, ग्राम-पकड़िया के नारायण सिंह द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभ से वंचित होने के संबंध में, थाना-काशीचक, ग्राम-सरकट्टी के निवासी संजय कुमार द्वारा अंचल अधिकारी काशीचक द्वारा जांच प्रतिवेदन के आधार पर भूमि कब्जा मुक्त कराने के संबंध में, थाना-वारिसलीगंज, ग्राम-मिल्की के निवासी महेंद्र प्रसाद द्वारा जमीन को दबंग लोगों द्वारा बलपूर्वक कब्जा कर लेने के संबंध में, तथा नरहट प्रखंड के अशोक कुमार द्वारा पक्की सड़क पर दीवार बनाने के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य उपस्थित लोगों द्वारा भी विभिन्न शिकायतें प्रस्तुत की गईं। जनता दरबार में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि आपकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है।

# 24 से 29 नवम्बर तक चलेगा ऋण वसूली विशेष कैंप

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, नवादा द्वारा मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना के अंतर्गत वितरित ऋण की वसूली हेतु 24 नवम्बर से 29 नवम्बर 2025 तक विशेष वसूली कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप प्रतिदिन जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी संदीप भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से लाभान्वित ऐसे सभी ऋणधारकों को सूचित किया जाता है जिनकी ऋण-की किस्त जमा करने की अवधि बीत चुकी है या जिन्होंने समय पर भुगतान नहीं किया है। उन्होंने सभी बकायेदारों से अपील की कि वे निर्धारित अवधि में विशेष कैंप में उपस्थित होकर अधिक से अधिक राशि जमा करें एवं अपने बकाए का निपटान सुनिश्चित करें। पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में भुगतान न किए जाने की स्थिति में बकाया राशि पर अतिरिक्त ब्याज एवं दण्ड ब्याज लगाया जाएगा। साथ ही, संबंधित बकायेदारों के विरुद्ध आवश्यकता पड़ने पर दीवानी एवं फौजदारी मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्धारित अवधि में कैंप में उपस्थित न होकर भुगतान न करने की स्थिति में ऋणी द्वारा दिया गया कोई भी स्पष्टीकरण स्वीकार्य नहीं होगा तथा कानूनी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कर दी जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, नवादा ने सभी लाभार्थियों से आग्रह किया है कि वे अनावश्यक ब्याज, दण्ड एवं संभावित कानूनी कार्रवाई से बचने हेतु 24 से 29 नवम्बर 2025 के बीच आयोजित विशेष कैंप में अपनी बकाया राशि का अनिवार्य रूप से भुगतान करें।

# मॉडर्न के खिलाड़ियों ने बढ़ाया नवादा का मान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित विभिन्न प्रकार के खेलों में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के खिलाड़ियों ने लहराया अपना परचम। बीते सप्ताह राज्य के अलग-अलग स्थानों पर खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के विभिन्न खेलों में कई खिलाड़ियों ने भाग लिया और पूरे दमखम के साथ प्रदर्शन करते हुए मगध प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर विद्यालय के साथ-साथ अपने जिला नाम रोशन किया। बीते शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा सभी खिलाड़ियों को निदेशक डॉ अनुज सिंह के हाथों ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे विद्यालय के होनहार बच्चे खेल के क्षेत्र में केवल अपना विद्यालय ही नहीं बल्कि जिला का नाम पूरे प्रमंडल एवं राज्य में ऊंचा किए हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को इस जीत के लिए बधाई भी दिया। पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है । खेल को पढ़ाई के समान महत्व देना चाहिए, लेकिन आज भी देश में खेल संस्कृति के विकास की दिशा में और प्रयास की जरूरत है।शतरंज की प्रतियोगिता में जिज्ञासा देव ने विजेता बनकर स्टेट प्रतियोगिता के लिए चुनी गयी। अंडर 14 के प्रतियोगिता में जिज्ञासा ने गया जी के खिलाड़ी को पराजित किया। कोच रवि कुमार ने बताया कि जिला से आराध्या और जिज्ञासा ने हिस्सा लिया था, जिसमें जिज्ञासा ने प्रथम गोल्ड मेडल जीता। वहीं बालिका वर्ग हैंडबॉल में जानवी, करिश्मा,रूही आदि ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करा दिया। कबड्डी में विद्यालय के छात्र रहे सूरज एवं आयुष नयन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल का खिताब अपने नाम किया। बैडमिंटन में स्वाति कुमारी, अनमोल एवं हिबा अपना नैसर्गिक खेल का परिचय देते हुए पूरे प्रमंडल में विजेता बनी। साथ ही साथ लॉन्ग जंप, हाई जंप, 500 मी रेस आदि में भी विद्यालय के दर्जनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए डॉ अनुज ने विद्यालय की तरफ से खेलने वाले सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### 32 महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**नारदीगंज,नवादा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित हुई। प्रखंड के विभिन्न गांवों के 32 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। चिकित्सक ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दिये। इसके अलावा आयरन व कैल्शियम समेत अन्य आवश्यक दवाई देकर समयानुसार खाने की सलाह दी। लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार, मुकुंद कुमार,आशुतोष कुमार ने उपस्थित महिलाओं को खून, रक्तचाप समेत अन्य जांच किया। मौके पर प्रभारी डा. नवीन कुमार, डा.प्रवीण कुमार, बीएमएण्डई जितेन्द्र कुमार, एएनएम धर्मशीला, मंजू कुमारी समेत अन्य रहे।

### पीएफ कटौती के विरोध में जारी हड़ताल खत्म



**हिलसा (नालंदा)।** नगर परिषद हिलसा के सफाई कर्मियों ने एजेंसी द्वारा आठ महीनों से मनमानी ढंग से पीएफ कटौती किए जाने के विरोध में गुरुवार को हड़ताल करते हुए नगर परिषद कार्यालय में ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया था, इस दौरान प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मियों ने बताया कि नगर परिषद के सफाई एजेंसी द्वारा लेवर, ड्राइवर, सुपरवाइजर के पीएफ का भुगतान पिछले आठ महीना से किसी को कम किसी को ज्यादा मनमानी ढंग से कटौती किए जाने के कारण एवं सफाई कर्मियों का किसी का 39,38 एवं 35 दिन की ड्यूटी होने का बावजूद एजेंसी के द्वारा मंत्र 26 दिन का ही पेमेंट किया जाता है। इससे नाराज होकर गुरुवार से हमलोग बेमियादी हड़ताल पर चले गए है। गुरुवार एवं शुक्रवार को शहर में साफ सफाई न होने के कारण जगह पर कचरा अम्बार लग गया। शुक्रवार को एजेंसी एवं नगर परिषद के पदाधिकारियों के द्वारा नगर परिषद कार्यालय में वार्तालाप हुई इस दौरान सहमति बनी, शुक्रवार को वार्तालाप के बाद एक-एक कर सफाई कर्मी पीएफ की राशि अपने-अपने हाथ कैश लिया। इस संबंध कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार ने बताया कि पीएफ की कटौती को मामला लेकर सफाई कर्मी हड़ताल पर चले गए थे, शुक्रवार को मामला शांत हो गया है और सभी सफाई से संबंधित कर्मी ने शनिवार की सुबह से अपने काम पर लौटने का आश्वासन दिया है।

### युवक के साथ मारपीट कर प्राईवेट पार्ट में रॉड को घुसाया

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव निवासी पवन कुमार उर्फ चुन्नू सिंह के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। बताया गया कि युवक के प्राइवेट पार्ट में रॉड घुसेड़ दिया गया। गंभीर स्थिति में उसे सदर अस्पताल नवादा के जाया गया, जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया है। पटना में युवक को इलाज किया जा रहा है। घटना गुरुवार की शाम को हुई। वह गुलनी चर्च से अपना गांव लौट रहा था। इस बीच उसके साथ मारपीट की गई। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। घायल युवक का फर्द बयान लिया जा रहा है। फर्द बयान मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

उन्होंने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। इधर, शुक्रवार को प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचें पूर्व विधायक प्रदीप कुमार ने घटना की निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर राजद के समर्थकों द्वारा घटना को अंजाम दिये जाने की बात का खंडन करते हुए कहा कि राजद का कोई भी कार्यकर्ता ऐसा नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर घटना हुई है, वहां पर शराबियों का आना- जाना होता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष रेयाज उद्दीन अंसारी ने कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार कर दी है। दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# स्काउट-गाइड प्रतिभागी राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए रवाना




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारत स्काउट और गाइड नालंदा के 30 प्रतिभागियों को 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी वृंदावन योगशाला लखनऊ उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुए। जिला मुख्य आयुक्त डॉ संजय कुमार सह जिला सचिव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जंबूरी जाने वाले 18 गाइड और 8 स्काउट 3 स्काउट मास्टर 2 गाइड कैप्टन के देखरेख में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेगी जैसे मार्च पास्ट, कैंप क्राफ्ट कैंप फायर पायनिरिंग रंगोली पेंटिंग साइकिलिंग, कुकिंग, एम्बुलेंस आदि जैसे होने वाले गतिविधि में अपना प्रदर्शन करेगी। जिला मुख्य आयुक्त डॉ संजय कुमार ने कहा कि नालंदा जिला को जितना कोटा मिला था उससे अधिक कोटा बढ़ाकर बच्चों को इस नेशनल जंबूरी में भेजने का प्रयास किया गया है । जहां जाकर बच्चे को अंदर छिपी हुई प्रतिभा को दिखाने का अवसर प्राप्त होगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे बच्चे विभिन्न प्रकार के इवेंट्स में अपना अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इसमें निम्नलिखित विद्यालय के बच्चे शामिल हैं। जिसमे पीएल साहू +2 विद्यालय सोहसराय, बालिका +2 उच्च विद्यालय बिहार शरीफ, सोगरा +2 स्कूल बिहारशरीफ, कैरियर पब्लिक स्कूल बिहारशरीफ, सीता शरण मेमोरियल स्कूल भतहर सामिल है। रामाधीन प्रसाद ने बच्चों को लगातार तीन माह पूर्व से इसकी तैयारी निस्वार्थह कर रहे थे। जिला सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में यह यूनिट चलाया जाता है बच्चों को इसमें शारीरिक मानसिक शैक्षणिक आध्यात्मिक ज्ञान दिया जाता है जिस प्रकार बच्चे एक सुयोग नागरिक बनते हैं। प्रशिक्षक के रूप में दीपक कुमार,महेश कुमार एवं शशी पाल कुमार जबकि गाइड सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, अंशु कुमारी, खुशी कुमारी, कल्याणी कुमारी, रूपम रानी, स्काउट रितेश कुमार, रौनक कुमार आदि शामिल है।

# चलती कार में अचानक लगी आग

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** दीपनगर थाना क्षेत्र के एनएच-20 स्थित पिलर नंबर 46 के पास देखते ही देखते एक कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हालांकि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कार जोरदार लपटों के साथ जलती दिखाई दे रही है। दूर से उठता काला धुआं कई किलोमीटर तक नजर आ रहा था। गनीमत रही कि चालक ने समझदारी दिखाते हुए कार को सुनसान स्थान पर रोक दिया, जिसके कारण बड़ी अनहोनी टल गई। प्रत्यक्षदर्शी पवन यादव ने बताया कि मारुति वैगन-आर में दो लोग सवार थे। अचानक गाड़ी से धुआं निकलना शुरू हुआ तो ड्राइवर ने तुरंत कार किनारे लगाया और पानी लाने की कोशिश में उतरा। तभी कार ने आग पकड़ ली। स्थानीय लोगों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पवन यादव के अनुसार करीब 30 मिनट में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। दोनों सवार इसके बाद दीपनगर थाना की ओर चले गए। दीपनगर थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका है। कार मालिक ने थाना पहुंचकर बताया कि सबसे पहले धुआं गाड़ी के एसी से निकलते देखा गया। कुछ ही क्षण बाद गाड़ी धधकने लगी। कार मालिक के आवेदन के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : 30–एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक 20.11.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–सीतारामपुर–झाझा शाखा में डीएलबीआई को बदलते हुए एसएसबीपीएसी (डी) का प्रावधान"। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 3,99,77,682.37, **बयाना राशि:** रु. 3,49,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 15.12.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in/

ASN-250/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# उप विकास आयुक्त ने किया मध्य विद्यालय चंडीनामा, काशीचक का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी द्वारा काशीचक प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय चंडीनामा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा विद्यालय प्रबंधन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उप विकास आयुक्त ने कक्षाओं में जाकर शिक्षण-सिखन प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षणिक समझ का आकलन किया। उन्होंने शिक्षकों से पाठ्यक्रम की प्रगति, कक्षा संचालन की स्थिति एवं मासिक उपलब्धियों से जुड़ी जानकारियां प्राप्त की। विद्यालय परिसर की आधारभूत सुविधाओं जैसे भवन की स्थिति, शौचालय, पेयजल, साफ-सफाई, खेलकूद के संसाधन आदि का निरीक्षण करते हुए उन्होंने आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। मध्यान्ह भोजन योजना की भी समीक्षा करते हुए उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, मेन्यू पालन तथा स्वच्छता मानकों की जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी बच्चों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1216–2025–26–आर1, दिनांक: 19.11.2025, कार्य का विवरण:** "नारकेलडांगा कारशेड में ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट का प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 5,46,773/–, **बयाना राशि:** रु. 10,900/– **समापन अवधि:** 08 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.12.2025 को 14.00 बजे। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1274–2025–26, दिनांक: 19.11.2025, कार्य का विवरण:** 03 (तीन) वर्षों के लिए आरएमपीयू एसजी एसी कोचों में प्रदान किए गए मेसर्स सीमेंस प्रस्तुतकारक 25 केवीए इन्वर्टरों का व्यापक वार्षिक प्रिवेंटिव और ब्रेकडाउन रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 1,20,44,988/– **बयाना राशि:** रु. 2,10,200/–, **समापन अवधि:** 36 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.12.2025 को 14.00 बजे। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1275–2025–26, दिनांक: 19.11.2025, कार्य का विवरण:** बारिश के पानी को बिजली में जाने से रोकने के लिए एलएचबी कोचों के स्विच बोर्ड कैबिनेट (एसबीसी) के ऊपर एसएस प्लेट ड्रेन ट्रे की व्यवस्था, (फेज–II)। **निविदा मूल्य:** रु. 21,42,880/–, **बयाना राशि:** रु. 42,900/– **समापन अवधि:** 04 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.12.2025 को 14.15 बजे। **बोली के प्रारंभ होने की तिथि :** 26.11.2025 (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-268/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**बिहार सरकार**

**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**
**परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना–800 010**
दूरभाष नं0–0612-2261250/2262265, फैक्स–0612-2261050
ई–मेल–msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट–http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक–सुनवाई की सूचना**

मेसर्स आर. आर. इंटरप्राईजेज, आवेदकः श्री राजा राम सिंह, श्री लक्षण देव सिंह, पता– वार्ड संख्या–13, पूर्वी पाली, नीयर पाली स्कूल, डिहरी ऑन सोन, जिला– रोहतास–821307 (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन– 2–B बालू घाट, मौजा– महमदपुर, थाना– दाउदनगर, प्रखंड– दाउदनगर, जिला– औरंगाबाद (बिहार) में बालू खनन परियोजना से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त है। इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई. आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित, के आलोक में परियोजना को TOR (Terms of Reference) निर्गत किया गया है तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है, जिसमें सम्भावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित हैं। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, जिला– औरंगाबाद, कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, जिला–औरंगाबाद, जिला उद्योग केन्द्र, जिला–औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है।

पूर्व में लोक–सुनवाई दिनांक 24.10.2025 को अपराह्न बजे निर्धारित की गयी थी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के कारण राज्य में लागू आचार संहिता की स्थिति में दिनांक 24.10.2025 को पूर्व निर्धारित लोक–सुनवाई सम्पन्न नहीं किया जा सका।

वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में जमा कर सकते हैं। साथ ही पर्षद् के ई. मेल–msbspcb-bih@gov.in अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 19.12.2025 | अपराह्न 12:30 बजे | दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | महमदपुर | औरंगाबाद सोन– 2–B बालू घाट | प्रखंड कार्यालय, दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद |

**सभी आम लोगों/संबंधितों से अनुरोध है कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव/विचार से अवगत करायेंगे।**

**सदस्य–सचिव**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.017989 (B&C) 2025-26

**नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।**

# मगध विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा और समाज विज्ञान पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं समाज विज्ञान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद के अध्यक्ष और इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रकाश मणि त्रिपाठी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर और राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद के महामंत्री रामजीव लोचन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। आरंभ में राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर मोहम्मद एहतेशाम खान ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य व्याख्यान में प्रकाश मणि त्रिपाठी ने वेद, स्मृति, आरण्यक सहित भारतीय प्राचीन




ज्ञान परंपरा की विभिन्न आधारभूत संरचनाओं का उल्लेख करते हुए ज्ञान के समग्र विकास की ऐतिहासिक यात्रा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान का उद्देश्य व्यक्ति को वर्जनाओं और सीमाओं से मुक्त करना है। त्रिपाठी ने विशेष रूप से कहा कि मगध की धरती सदैव ज्ञान, ध्यान और अनुसंधान की भूमि रही है। भारतीय ज्ञान परंपरा की संवेदनशीलता, समन्वयवादिता और सहयोग को मानवता के उच्चतम गुण बताते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञान का वास्तविक महत्व उसी के विवेकपूर्ण प्रयोग में है। त्रिपाठी ने ईशावास्योपनिषद के प्रथम मंत्र का उल्लेख करते हुए सतत विकास की अवधारणा को भारतीय परंपरा की देन बताया और कहा कि प्रकृति से केवल उतना ही प्राप्त किया जाना चाहिए जितना आवश्यक हो, साथ ही सृजन और संरक्षण की भावना भी बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समाज के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा का पुनः अवगमन आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव मगध विश्वविद्यालय विनोद कुमार मंगलम ने की। उन्होंने नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे प्राचीन शिक्षा केन्द्रों की विशेषताओं का उल्लेख किया और कहा कि प्रगतिशीलता के कारण महायान बौद्ध धर्म आगे बढ़ सका जबकि कट्टरता के कारण हीनयान परम्परा कमजोर पड़ी। आईक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर मुकेश कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा द्वारा एकीकृत भारत के निर्माण में निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डाला। अतिथि वक्ता अमरजीव लोचन ने बुद्ध के उपदेशों में मगही भाषा की महत्ता के विभिन्न ऐतिहासिक संदर्भों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान डॉ. अंजनी कुमार घोष के नेतृत्व में हुआ। आयोजन सचिव डॉ. शमशाद अंसारी, डॉ. निर्मला कुमारी, डॉ. श्रद्धा ऋषि, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. दिव्या मिश्रा, प्रो. मिनाक्षी, डॉ. एकता वर्मा, डॉ. ममता मेहरा समेत विभाग के शिक्षकों और शोधार्थियों ने सक्रिय योगदान दिया। प्रिया सलोनी, आरती कुमारी, अर्चना कुमारी, कुंदन, अविनाश, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सेमिनार का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# कुलपति शशि प्रताप शाही ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं मंत्री डॉ. अशोक चौधरी को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नवगठित सरकार में लगातार दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति ने अपने संदेश में कहा कि नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार ने विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं और आगामी कार्यकाल में राज्य और भी तेज़ी से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नीतीश कुमार सुशासन की परंपरा को और सुदृढ़ करेंगे तथा प्रशासनिक दक्षता का नया उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। कुलपति प्रो. शाही ने बिहार सरकार के नवनियुक्त मंत्री डॉ. अशोक चौधरी को भी मंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में डॉ. चौधरी का योगदान सदैव सराहनीय रहा है और उनके मार्गदर्शन में बिहार उच्च शिक्षा



व्यवस्था और अधिक मजबूत एवं समृद्ध होगी। यह भी उल्लेखनीय है कि मगध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शोध मौखिकी के उपरांत हाल ही में डॉ. अशोक चौधरी को उनके उत्कृष्ट शोध प्रबंध के लिए डी.लिट् की उपाधि प्रदान की गई थी जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. शाही ने ही की थी। कुलपति ने आशा व्यक्त की कि बिहार सरकार का नया मंत्रिमंडल राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और मगध विश्वविद्यालय राज्य के सर्वांगीण और सकारात्मक विकास में अपना सहयोग निरंतर जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार की ओर से दोनों नेताओं के उज्ज्वल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की जाती हैं।

## बिजली विभाग की छापेमारी, दो पर अवैध उपभोग व जुर्माने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बिजली विभाग की टीम ने 18 नवंबर को काबर पंचायत में अवैध बिजली उपयोग के खिलाफ अभियान चलाया। कनिष्ठ विद्युत अभियंता विकास कुमार के नेतृत्व में की गई जांच के दौरान एक नवनिर्मित परिसर में बिना कनेक्शन के मुख्य एलटी लाइन से टोंका लगाकर बिजली उपभोग किए जाने का मामला सामने आया। विभाग के अनुसार अवैध उपभोग से कंपनी को 45,934 रुपये की क्षति हुई है। टीम ने मौके से पीवीसी तार जब्त कर पंचनामा तैयार किया और संबंधित व्यक्ति सैयद जफर, पिता नाजीर अहमद के खिलाफ थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है।

## टेकारी के नवनिर्वाचित विधायक अजय कुमार का राजद कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टेकारी।** विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक अजय कुमार का शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे बांके बाजार प्रखंड के आजमगढ़ में राजद कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। विधायक के पहुंचते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। स्वागत जुलूस में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला। राजद समर्थकों ने कहा कि विधायक अजय कुमार की जीत से क्षेत्र में विकास की नई उम्मीद जगी है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि टेकारी क्षेत्र के मुद्दों और जनसमस्याओं को लेकर अब सकारात्मक पहल की उम्मीद है। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बिहार चुनाव ने आने वाले बंगाल चुनाव का भी भविष्य तय कर दिया : प्रेम रंजन पटेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता का अटूट विश्वास और एनडीए सरकार की विकासवादी नीतियों के प्रति आम लोगों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। बिहार में मिले व्यापक जनसमर्थन ने न केवल राज्य की राजनीति की दिशा तय की है, बल्कि आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए भी एक साफ संकेत दे दिया है कि देश की जनता अब विकास, सुशासन और स्थिरता को ही प्राथमिकता दे रही है। बिहार के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब परिवारवाद, तुष्टिकरण और अराजक राजनीति से थक चुकी है। उन्होंने एक बार फिर सकारात्मक राजनीति, विकास कार्यों, बेहतर कानून-व्यवस्था और गरीब-कल्याण की योजनाओं पर मुहर लगाई है। यह बदलता हुआ जनमत पश्चिम बंगाल में भी गहरा असर डालेगा जहां जनता लंबे समय से परिवर्तन की आकांक्षा रखती है। बिहार में एनडीए की जीत ने कार्यकर्ताओं का उत्साह कई गुना बढ़ाया है और इसी ऊर्जा के साथ पार्टी कार्यकर्ता अब पश्चिम बंगाल में भी 'परिवर्तन' का बिगुल बजाने को तैयार हैं। बिहार का यह जनादेश देशभर में संदेश देता है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पर लोगों का भरोसा मजबूत है और अब देश के हर क्षेत्र में विकास की राजनीति निर्णायक बन रही है। यह भी स्पष्ट हो गया है कि जनता अब जातीय राजनीति से ऊपर उठकर शासन, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसर-आधारित राजनीति को महत्व दे रही है। बिहार का यह संदेश पश्चिम बंगाल में भी जनभावना को प्रभावित करेगा और वहां भाजपा के पक्ष में एक मजबूत माहौल तैयार करेगा। बिहार चुनाव के बदलते रुझान और परिणाम ने पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की दिशा लगभग तय कर दी है। जनता परिवर्तन चाहती है, विकास चाहती है और जिम्मेदार शासन चाहती है – यही भावना अब बंगाल में भी प्रबल होगी।

# शेरघाटी में शुरू हुई पिंक बस सेवा, महिलाओं को मिलेगी सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** नगर क्षेत्र में महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को पिंक बस सेवा की शुरुआत की गई। बताते चलें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य में पिंक बस सेवा का शुभारंभ मई महीने में किया गया था। इसी क्रम में शेरघाटी में भी इस सेवा को औपचारिक रूप से शुरू किया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष गीता देवी ने हरी झंडी दिखाकर बस सेवा को रवाना किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष गीता देवी ने बताया कि पिंक बस सेवा का मुख्य




उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, आसान और किफायती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं पढ़ाई, नौकरी, खरीदारी और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए रोज शेरघाटी से गया तक का सफर करती हैं। इस सेवा के शुरू होने से उन्हें न केवल आरामदायक बल्कि सुरक्षित यात्रा का विकल्प मिलेगा। पिंक बस शेरघाटी से गया के बीच निर्धारित समय पर चलेगी जिससे महिलाओं को समय की बचत के साथ नियमित परिवहन सुविधा भी मिलेगी। स्थानीय लोगों, खासकर महिलाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उनकी रोजमर्रा की यात्रा में काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम में नगर परिषद के कई पदाधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पिंक बस सेवा के शुरू होने से शेरघाटी क्षेत्र में महिला यात्रा सुरक्षा और सुविधा को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सड़क हादसे में ट्रक चालक व खलासी घंटों फंसे, काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** नेशनल हाइवे 2 पर शुक्रवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ जिसमें चालक और खलासी घंटों तक ट्रक के केबिन में फंसे रहे। घटना गोपालपुर के पास हुई जब एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर दूसरे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों चालक और खलासी केबिन के अंदर बुरी तरह फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। शेरघाटी पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल चालक राहुल पांडेय (कन्नौज, यूपी) और खलासी बीरेंद्र कुमार (फरुखाबाद, यूपी) को प्राथमिक



उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल शेरघाटी भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत स्थिर है और खतरे से बाहर है। हादसे के बाद एनएच-2 पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सड़क से हटाने के लिए क्रेन की मदद ली गई जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। इस घटना ने स्थानीय समुदाय की तत्परता और सहकार्य की मिसाल पेश की है।

## अंतर मंत्रालयीय व्हीलचेयर टेनिस प्रतियोगिता में दिव्य ज्योति ने रजत पदक जीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** भारत सरकार द्वारा दिल्ली में आयोजित अंतर-मंत्रालयीय व्हीलचेयर टेनिस प्रतियोगिता में टिकारी प्रखंड के बाला बिगहा ग्राम की रहने वाली दिव्य ज्योति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर अपने क्षेत्र व माता पिता का मान बढ़ाया है। साथ ही महिला सशक्तिकरण का सराहनीय उदाहरण पेश की है। भारत सरकार द्वारा पिछले दिनों आयोजित अंतर मंत्रालय व्हीलचेयर टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था जिसमें दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में बतौर सीनियर नर्सिंग आफिसर के रूप में कार्यरत दिव्य ज्योति ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दूसरा स्थान




प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जहां दिव्य ज्योति ने अपने दृढ़ संकल्प, मजबूत मानसिकता और खेल के प्रति समर्पण के बल पर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने न केवल मैचों में बेहतरीन तकनीक प्रदर्शित की, बल्कि कठिन मुकाबलों में धैर्य और आत्मविश्वास का परिचय भी दिया। उनके उत्कृष्ट खेल कौशल व अदम्य जिजीविषा ने प्रतियोगिता में सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता के बाद राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में दिव्य ज्योति को रजत पदक से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद दिव्य ज्योति ने कहा कि यह उपलब्धि पुलिस विभाग में एसआई से सेवानिवृत्त डा. कांति कुमारी, पिता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पुलिंद्र और पति कुंदन कुमार के प्रेरणास्रोत के कारण हासिल हुई है। यह पदक मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है और आगे भी देश का नाम रोशन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगी। दिव्य ज्योति की सफलता ने कई दिव्यांग खिलाड़ियों को नई प्रेरणा दी है।

# विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, वाहन जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी पुलिस ने अवैध शराब से भरा पिकअप को जब्त किया। पुलिस सहायक अवर निरीक्षक रामबाबू कुमार, जीवंत कुमार शर्मा, शंभू कुमार, उमेश कुमार चौधरी के साथ रात्रि गश्ती कर रहे थे तो उनको गुप्त सूचना दूरभाष पर दी गई कि झारखंड की ओर से एक पिकअप जो मछली लाने का काम करती है उस पर भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर झारखंड के चतरा जिले से होते हुए डोभी आ रही है। सूचना प्राप्त होते ही डोभी पुलिस सतर्क होकर सघन वाहन जांच करने लगी तभी एक उजले रंग की पिकअप मछली लोड किया आ रहा था यूपी का महिंद्रा पिकअप का चालक देवकिशन प्रसाद नूनिया पिता वाल्मीकि प्रसाद नूनिया सकीम आसनसोल थाना आसनसोल साउथ जिला वर्धमान राज पश्चिम बंगाल का तलाशी हेतु साक्ष का



खोजबीन किया सुबह का अंधेरे होने के कारण कोई भी स्वतंत्र साक्षी नहीं मिले तो साथ के बिहार सैप के जवान जीवन कुमार शर्मा बिहार सैप के जवान शंभू कुमार एवं उमेश कुमार चौधरी ने पिकअप के डाला के ऊपर से मछली को जब हटाया गया तो कुल मिलाकर 496. 500 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि चालक देवकिशन प्रसाद नूनिया-पिता वाल्मीकि प्रसाद नूनिया एवं हर हर मलिक के विरुद्ध सुसंगत धारा के अंतर्गत आगे की कार्यवाही की जा रही है एवं गिरफ्तार व्यक्ति को उपस्थापन हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है।


(See Regulation 33 (2))
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, PATNA**
2nd Floor, (A. B & F Wing) Karpuri Thakur Sadan, Kendriya Karamchari Parisar (GPOA), Ashiana Digha Road, Patna-800025.

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

**19-11-2025**

**RC/10/2024**

**PUNJAB NATIONAL BANK**
**Versus**
**M/S MAA SHAKTI RICE MILL AND OTHERS.**

To
(CD 1) M/s Maa Shakti Rice Mill and Others.
Through its Proprietor Shri Surendra Yadav
Registered Office at NH 2, Railway
Over Brig., PO and PS Baroon
Aurangabad, BIHAR-824112
(CD 2) SURENDRA YADAV
Proprietor of M/s Maa Shakti Rice
Mill, Son of Shri Ramchandra Yadav,
Resident at Village- Silad Khurd, PO-
Silad, PS- Deo, District-Aurangabad (Bihar)-824101
(CD 3) JAGDISH SINGH
Son of Shri Butai Singh, Resident of
Village and PO- Khaira, PS- Baroon,
District-Auranagabad (Bihar)-824102
(CD 4) ARUN KUMAR
Son of Shri Jagdish Singh, Resident of
Village and PO- Khaira, PS- Baroon,
District-Auranagabd (Bihar)-824102
(CD 5) JASWANT KUMAR
Son of Late Yugal Singh, Resident of
Village and PO- Khaira, PS- Baroon,
District-Auranagabad (Bihar)-824102

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL PATNA in OA/117/2023 an amount of Rs 7110370.21 (Rupees Seventy One Lakhs Ten Thousands Three Hundred Seventy And Paise Twenty One Only) along with pendentellite and future interest @ 11.60% Compound Interest Monthly w.e.f. 31/12/2022 till realization and costs of Rs 74000 (Rupees Seventy Four Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 31/12/2025 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 19/11/2025

**Recovery Officer**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, PATNA**



बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद।**

**जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में दिनांक 24.11.2025 से दिनांक 29.11.2025 तक ऋण वसूली कैम्प का आयोजन हेतू की आवश्यक सूचना।**

प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट माईनोरिटीज फाईनेन्सियल कारपोरेशन लि0 पटना के पत्रांक–5133 दिनांक 13-11-2025 के आदेशानुसार मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, NMDFC Term Loan एवं शिक्षा ऋण योजना अन्तर्गत वितरित ऋण की राशि की वसूली में तेजी लाने, ऋणियों को ऋण की वापसी हेतु सुविधा उपलब्ध कराने एवं ससमय लोन राशि चुकाने हेतु उतप्रेरित करने के उद्देश्य से उपयुक्त स्थल पर **जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद** में दिनांक **24-11-2025** से दिनांक **29-11-2025** तक ऋण वसूली कैम्प का आयोजन किया जाना है।

अतः औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के वैसे व्यक्ति जिन्होनें मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, NMDFC Term Loan एवं शिक्षा ऋण योजना के तहत ऋण प्राप्त किया हो, वे शिविर में आकर ऋण अदा करें। अन्यथा उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त संबंधित बकायादार के विरूद्ध दीवानी एवं फौजदारी मुकदमा भी दायर किया जा सकता है। ऐसे में शिविर का लाभ उठाकर विभागयी कार्रवाई से बचा जा सकता है। ऋण भुगतान के इच्छुक व्यक्ति **जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में आकर** विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**सहायक निदेशक**
**अल्पसंख्यक कल्याण, औरंगाबाद।**

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 017950 ( Welfare ) 2025-26
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



## आवश्यकता

बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1935 की धारा 66वीं एवं धारा 44 क फ (घ) के तहत प्रदत शक्तियों के आलोक में निबंधक सहयोग समितियां, बिहार, पटना का पत्रांक 328/पटना दिनांक 13.01.23 के अनुपालन में गोरडीहा प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लि. के कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 21/11/2025 प्रस्ताव सं.-2 में अंगीकृत आदेश सेवा नियमावली के तहत प्रबंधक की भर्ती का विज्ञापन सं. 01/2025 निर्गत किया जाता है।

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्ति की संख्या | कोटि |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रबंधक | 1 | अनारक्षित |

**1. नियुक्ति की प्रक्रिया–**
(क) चयन समिति के अनुशंसा के आलोक में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा। (योग्यता एवं साक्षात्कार)
(ख) वेतन/पारिश्रमिक/भत्ता का निर्धारण एवं भुगतान पैक्स की प्रबंध समिति द्वारा किया जाएगा। अगर समिति लाभ में होगी।
(ग) आवेदन निबंधित डाक से पैक्स के पता पर किया जाएगा।
(घ) आवेदन करने की तिथि विज्ञापन प्रकाशन होने के पंद्रह दिनों के अन्दर।

**2. न्यूनतम योग्यता**
(1) आवेदक की शैक्षणिक योग्यता सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक परीक्षा में उत्तीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर में प्रशिक्षित (Tally के साथ)।

**3. पात्रता एवं अन्य शर्ते**
(1) दिनांक 30.11.2025 को आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होगी। (परन्तु सहकारी समितियों में न्यूनतम पांच (05) वर्ष के कार्यअनुभव के आधार पर आयु सीमा में पांच (05) वर्ष का छूट अनुमान्य होगा)
(ii) अभ्यर्थी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।
(iii) पूर्व की सेवा में गबन का आरोपी न हो, आर्थिक अथवा किसी अपराध का आरोपी न हो।
(iv) प्रबंध समिति के किसी सदस्य / अध्यक्ष का परिवार अथवा निकट संबंधी न हो।
(v) चरित्र प्रमाण-पत्र मुखिया और सरपंच द्वारा निर्गत हो।
(vi) आवेदक पंचायत या संबंधित प्रखंड का स्थाई निवासी हो।
(vii) चयनित अभ्यर्थी को 25000/- रुपए अथवा तीन माह के समतुल्य राशि जो भी अधिक को प्रतिभूति ( Security) के रूप में जमा करना होगा।
(viii) अभ्यर्थी सभी शैक्षणिक तथा अन्य कागजातों की अभिप्रमाणित प्रति संलग्नक के साथ साक्षात्कार के समय मूल रूप से साथ लाएंगे।

विशेष जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालय में संपर्क करें।

**प्रबंध समिति**
**गोरडीहा पैक्स**
**प्रखंड – रफीगंज (औरंगाबाद)**

संपादकीय

# शेख हसीना- प्रायोजित मृत्यु दंड

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने मानवता के खिलाफ अपराध करने का दोषी ठहराकर सजा ए मौत सुनाई है। पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ भड़के छात्र विद्रोह में पुलिस व सेना की कार्रवाई में 1400 लोग मारे गए थे। इसका दोष वहां की अंतरिम मोहम्मद युनूस सरकार ने शेख हसीना पर मढ़ते हुए उन्हें सजा देने के लिए भारत से शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है। हालांकि भारत इसे मानेगा, इसकी संभावना नहीं के बराबर है। क्योंकि शेख हसीना भारत की पक्की दोस्त रही हैं और भारत अपने मित्रों को कभी धोखा नहीं देता। शेख हसीना को जिस तरह मौत की सजा सुनाई गई है, उसकी आशंका पहले से ही थी। क्योंकि यह प्रायोजित और नैसर्गिक न्याय के खिलाफ चलाया गया मुकदमा था। इसमें शेख हसीना को अपना पक्ष रखने का मौका ही नहीं दिया गया। इक तरफ सबूतों और गवाहियों के आधार पर मृत्यु दंड सुना दिया गया। फैसले के मुताबिक हसीना को 30 दिन के भीतर सरेंडर करना होगा। साथ ही उनके पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी मौत की सजा सुनाई गई है। फैसले में अवामी लीग के इस नेता को हिंसक दमन का 'मास्टरमाइंड और प्रमुख सूत्रधार' बताया गया। खुद शेख हसीना ने इस फैसले को सिरे से खारिज कर दिया है। भारत ने भी इस फैसले को अमान्य कर दिया है। खास बात यह है कि शेख हसीना को सजा सुनाने वाली अदालत खुद को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण कहती है, जिसकी स्थापना 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान हुई थी। उधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र हर हाल में मौत की सजा के खिलाफ है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को अपनी दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में साफ कहा कि संयुक्त राष्ट्र हर हाल में मौत की सजा के खिलाफ है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर टर्क ने भी मामले की निष्पक्ष सुनवाई की बात कही थी। वैसे भी अब यह साफ हो चुका है कि शेख हसीना के खिलाफ जो कथित छात्र आंदोलन खड़ा किया गया था, वह कट्टरपंथियों द्वारा हसीना को हटाने की छुपी चाल थी। अब सवाल यह है कि क्या भारत बांग्लादेश की हसीना के प्रत्यर्पण की बात मानेगा? इसकी संभावना न्यूनतम है। शेख हसीना के पास बांग्लादेश की कोर्ट में 17 दिसंबर 2025 तक सरेंडर कर अपील करने का कानूनी विकल्प उपलब्ध है। हसीना फैसले के खिलाफ तब तक अपील नहीं कर सकती जब तक कि वह फैसले के 30 दिनों के भीतर सरेंडर नहीं कर देती या गिरफ्तार नहीं हो जाती। यानी उनके पास इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल बांग्लादेश के इस फैसले को चुनौती देने के लिए 17 दिसंबर 2025 तक का ही वक्त है। यदि शेख हसीना इस तारीख तक बांग्लादेश की किसी कोर्ट में सरेंडर नहीं करतीं या गिरफ्तारी नहीं देती हैं, तो अपील का कानूनी अधिकार अपने आप समाप्त हो जाएगा। उनके पास दूसरा विकल्प यह है कि वो भारत में ही रहें और भारत सरकार से उम्मीद करें कि वो उन्हें किसी हाल में बांग्लादेश को न सौंपे। असदुज्जमां खान भी भारत में ही हैं। हालांकि दोनो देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि है। लेकिन इसमें कुछ पतली गलियां भी हैं, जिनके आधार पर भारत सरकार हसीना को सौंपने से इंकार कर सकती है। उधर बांग्लादेश में इस फैसले का व्यापक विरोध हो रहा है। युनूस सरकार ने शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया है। कुल मिलाकर हालात और खराब होने का अंदेशा है। परिस्थितियां गृह युद्ध भड़कने की ओर इशारा कर रही हैं। भारत को भी सतर्क रहना होगा।

# वादों की चुनौती - लोकतंत्र की कसौटी



सुमन कुमार झा

20 नवंबर 2025 को पटना के गांधी मैदान में तब उत्साह अपने चरम पर था जब नीतीश कुमार ने अपने दसवें कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और नई एनडीए सरकार पुनःअस्तित्व में आई। पूरा मैदान उत्साह, ऊर्जा और भावनाओं से भरा हुआ था। यह दृश्य केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था, बल्कि बिहार की राजनीतिक दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ का प्रतीक भी था। जनता की उम्मीदें, भविष्य के सपने और राजनीतिक जागरूकता का मिश्रित स्वरूप इस समारोह में स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

महिलाओं और युवाओं की भारी भागीदारी। लोग केवल इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने नहीं आए थे, बल्कि विकास और सुशासन की आशाओं को लेकर भी उपस्थित थे। बड़ी संख्या में युवाओं, खासकर पहली-बार वोट डालने वाले छात्र-छात्राओं को हाथों में झंडे लिए, सेल्फी लेते और समारोह के उत्साह में डूबा देखा गया। यह आयोजन एक राजनीतिक मंच होने के साथ-साथ एक लोकप्रिय जन-उत्सव का रूप भी ले चुका था।

महिलाओं की उपस्थिति और उत्साह भी अत्यंत प्रभावशाली था। नई कैबिनेट में तीन महिला मंत्रियों को शामिल किए जाने ने महिलाओं में एक नई राजनीतिक उम्मीद जगाई। इससे यह संदेश गया कि सरकार महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को महत्व दे रही है। युवाओं की आँखों में भविष्य की चमक साफ झलक रही थी। वे ना केवल जश्न में शामिल थे, बल्कि अपनी उम्मीदों और जिम्मेदारियों को भी गंभीरता से महसूस कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा जैसे राष्ट्रीय नेताओं की मौजूदगी ने इस समारोह को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। इससे जनता में गौरव और भरोसे का भाव और गहरा हुआ। गांधी मैदान उस दिन आशा, उत्साह और नए राजनीतिक संकल्पों से भरा हुआ था मानो बिहार एक नई शुरुआत की ओर कदम बढ़ा रहा हो।

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना÷ के तहत, महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता देने का वादा किया गया है, ताकि वे व्यवसाय शुरू कर सकें। ह्ष्ठ का लक्ष्य है कि एक करोड़ महिलाएं ÷लाखपती दीदी÷ बनें, यानी उनकी सालाना आमदनी एक लाख रुपये से ऊपर हो। ÷मिशन करोड़पति÷ नामक एक योजना है, जिससे सफल महिला उद्यमियों को करोड़पति स्तर तक पहुंचने का समर्थन दिया जाएगा।

NDA ने 1 करोड़ युवाओं के लिए नौकरी देने का वादा किया है। इसके लिए एक ÷स्किल सेंत्र्ह्लस÷ (कुशलता गणना) करने की योजना है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवाओं की कौन-कौन सी स्किल हैं, और उन्हें उसी हिसाब से प्रशिक्षित किया जाए। हर ज़िले में ÷मेगा स्किल सेंटर÷ बनाने का प्रस्ताव है ताकि युवाओं को प्रशिक्षण मिल सके और बिहार को एक ग्लोबल स्किलिंग हब बनाया जाए।

NDA वादा करती है कि अति पिछड़े वर्गों के व्यावसायिक समूहों को 10 लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, एक उच्च स्तरीय कमीशन बनाया जाएगा, जिसमें एक रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज की अध्यक्षता होगी, जो अति पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक हालात की समीक्षा करेगा और उनकी उन्नति के लिए सुझाव

कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि÷ के अंतर्गत, किसानों को हर सीज़न 3,000 रुपये देने का वादा किया गया है, जिससे सालाना कुल सहायता लगभग 9,000 रुपये हो जाएगी। कृषि बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) में निवेश का वादा भी है, जैसे कि सिंचाई, गोदाम (वेयरहाउस), प्रोसेसिंग यूनिट्स आदि को मजबूत करना। "Made in Bihar" स्कीम के ज़रिए कृषि निर्यात को दोगुना करने का वादा है।

सात नई एक्सप्रेस-वे (एक्सप्रेस मार्ग) बनाए जाने का प्रस्ताव है। रेल को आधुनिक बनाने की योजना के तहत 3,600 किमी रेलवे ट्रैक को अपग्रेड करने का वादा है। चार और शहरों में मेट्रो ट्रेन सेवाएँ शुरू करने का प्रस्ताव (पटना के अलावा) है। दरभंगा, पूर्णिया, भागलपुर जैसे शहरों के एयरपोर्ट को अंतरराष्टीय मानक तक पहुंचाने का वादा। 10 नए औद्योगिक पार्क बनाने और हर ज़िले में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने का प्रस्ताव है। 100 स्न्स्रुध पार्क (छोटे-मध्यम उद्योग) स्थापित करने का वादा भी किया गया है।

गरीब परिवारों के छात्रों को य्त्र (किंडरगार्टन) से लेकर पोस्ट-ग्रेजुएशन तक मुफ़्त उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने का वादा। एससी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए मासिक 2,000 रुपये की सहायता देने की घोषणा। हर डिवीजन (खंड) में एससी/एसटी छात्रों के लिए आवासीय स्कूल खोलने का प्रस्ताव है।

÷विश्व-स्तरीय मेडीसिटी÷ बनाने का वादा, और प्रत्येक ज़िले में मेडिकल कॉलेज। गरीबों को पंचामृत गारंटी के तहत चिकित्सा सहायता, 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज। 50 लाख नए पक्का मकान बनाने का वादा। गरीब परिवारों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली। सामाजिक सुरक्षा पेंशन व सार्वजनिक वितरण प्रणाली की योजनाएँ।

ये वादे न सिर्फ चुनावी फॉर्मूले हैं, बल्कि एक विकास-एजेंडा के रूप में रखे गए हैं। रोजगार, स्किलिंग, अवसंरचना, महिला सशक्तिकरण सभी प्रमुख बिंदु हैं। एनडीए ने यह दिखाने की कोशिश की है कि उनकी सरकार डबल-इंजन (राज्य और केंद्र) शक्ति वाली है। जिससे बड़े पैमाने पर निवेश, परियोजनाओं का वित्तपोषण, और विकास योजनाओं को तेज़ी से लागू किया जा सके। युवा वोटरों को टार्गेट करने के लिए नौकरी-वाद बेहद रणनीतिक है, क्योंकि बिहार में युवा आबादी बहुत बड़ी है।

विशेषज्ञों ने कहा है कि बिहार की वित्तीय स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण है। राजस्व में बहुत हिस्सा पहले से ही वेतन, पेंशन, और ब्याज भुगतान में बँटा हुआ है। इतनी बड़ी मायने वाली योजनाएँ जैसे 1 करोड़ नौकरियाँ, 7 एक्सप्रेस-वे, कई अंतरराष्टीय एयरपोर्ट बहुत महंगी होंगी और उन्हें पूरा करने के लिए ÷असाधारण वित्तीय इंजीनियरिंग÷ की जरूरत पड़ेगी। यानी सिर्फ राज्य बजट से नहीं, बल्कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) और केंद्र सहायता पर भी निर्भरता हो सकती है। इसलिए कटिबद्धता जितनी हो, लेकिन वादा पूरा करना बजट-स्ट्रेन, वित्तीय मजबूरी की वजह से बहुत मुश्किल हो सकता है।

सिर्फ वादा करना ही काफी नहीं। बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स जैसे एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट्स, औद्योगिक पार्क को डिजाइन करना,जमीन अधिग्रहण करना, पर्यावरणीय अनुमतियाँ लेना, निर्माण करना आदि बहुत जटिल और समय लेने वाला काम है। यदि प्रशासन में गति न हो, तो ये योजनाएँ देरी कर सकती हैं। स्किल सेंटर खोलना और ÷ग्लोबल स्किलिंग हब÷ बनाना भी काम है। इसमें युवाओं को प्रशिक्षित करने वाले प्रशिक्षकों, समुचित पाठ्यक्रम, स्टाफ़िंग और वित्तीय संसाधन चाहिए होंगे। सामाजिक योजनाओं जैसे महिलाओं को 2 लाख रुपये देना, अति पिछड़े वर्गों को 10 लाख रुपये देना में आश्वासन और मॉनीटरिंग की आवश्यकता होगी कि यह पैसा सही लोगों तक पहुँचे।

एनडीए की बड़ी सीटों की जीत शायद इस बात को आसान बना सकती है कि वे इन वादों को लागू करें, क्योंकि उन्हें मिलने वाली स्थिरता अधिक है। लेकिन, गठबंधन में विभिन्न पार्टियाँ शामिल हैं। उनकी प्राथमिकताएँ और शक्ति संतुलन भी यह तय करेगा कि कौन-सी योजना पहले लागू की जाएगी। इसके अलावा, सार्वजनिक अपेक्षाएं बहुत ऊँची हैं। यदि वादों में देरी होती है या आधे रास्ते में बदल जाते हैं, तो राजनीतिक नुकसान हो सकता है।

एनडीए का मैनिफेस्टो विकास-उन्मुख है। रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कृषि उन्नति, शिक्षा, स्वास्थ्य, और बड़ी संरचनात्मक परियोजनाओं पर जोर है। यह वादे न सिर्फ चुनावी जुमला नहीं हैं, बल्कि एक व्यापक विकास एजेंडा का हिस्सा दिखते हैं। एनडीए ने बहुत बड़े वादे किए हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने की राह आसान नहीं है। वित्तीय दबाव, बजट सीमाएं, प्रशासनिक चुनौतियाँ और राजनीतिक संतुलन ये सभी बड़े जोखिम हैं। इन वादों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए उन्हें केंद्र-राज्य सहयोग, निजी क्षेत्र की भागीदारी, और मजबूत प्रशासनिक क्षमता की बेहद ज़रूरत होगी। विपक्षी नेताओं की आलोचनाएँ यह दर्शाती हैं कि जनता इस बार सिर्फ वादों से नहीं, बल्कि उनकी साख और वास्तविकता पर भी नजर रख रही है। यदि एनडीए अपनी घोषणाओं को सिर्फ ÷राजनीति का हिस्सा÷ बनाकर छोड़ देती है और उन्हें जमीन पर न उतार पाए, तो इसके दीर्घकालिक नतीजे हो सकते हैं। यदि एनडीए वादों को लागू करने में सफल रही, तो यह बिहार के लिए बहुत बड़ा सकल विकास मॉडल साबित होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

अध्यात्म

## निर्दोष को कैसी सजा

बहुत समय पहले एक राजा था। उसके तीन पुत्र थे और अपने उन तीनों पुत्रों में से वह किसी एक पुत्र को राजगद्दी सौंपना चाहता था। पर किसे? राजा ने एक तरकीब निकाली और उसने तीनो पुत्रों को बुलाकर कहा – अगर तुम्हारे सामने कोई अपराधी खड़ा हो तो तुम उसे क्या सजा दोगे? पहले राजकुमार ने कहा कि अपराधी को मौत की सजा दी जाए तो दूसरे ने कहा कि अपराधी को काल कोठरी में बंद कर दिया जाये। अब तीसरे राजकुमार की बारी थी। उसने कहा कि पिताजी सबसे पहले यह देख लिया जाये कि उसने गलती की भी है या नहीं। इसके बाद उस राजकुमार ने एक कहानी सुनाई: किसी राज्य में राजा हुआ करता था, उसके पास एक सुन्दर सा तोता था। वह तोता बड़ा बुद्धिमान था, उसकी मीठी वाणी और बुद्धिमत्ता की वजह से राजा उससे बहुत खुश रहता था। एक दिन की बात है कि तोते ने राजा से कहा कि मैं अपने माता–पिता के पास जाना चाहता हूँ। वह जाने के लिए राजा से विनती करने लगा। तब राजा ने उससे कहा कि ठीक है पर तुम्हें पांच दिनों में वापस आना होगा। वह तोता जंगल की ओर उड़ चला, अपने माता–पिता से जंगल में मिला और खूब खुश हुआ। ठीक पांच दिनों बाद जब वह वापस राजा के पास जा रहा था तब उसने एक सुन्दर सा उपहार राजा के लिए ले जाने का सोचा। वह राजा के लिए अमृत फल ले जाना चाहता था। जब वह अमृत फल के लिए पर्वत पर पहुंचा तब तक रात हो चुकी थी। उसने फल को तोड़ा और रात वहीं गुजारने का सोचा। वह सो रहा था कि तभी एक सांप आया और उस फल को खाना शुरू कर दिया। सांप के जहर से वह फल भी विषाक्त हो चुका था। जब सुबह हुई तब तोता उड़कर राजा के पास पहुँच गया और कहा– राजन मैं आपके लिए अमृत फल लेकर आया हूँ। इस फल को खाने के बाद आप हमेशा के लिए जवान और अमर हो जायेंगे। तभी मंत्री ने कहा कि महाराज पहले देख लीजिए कि फल सही भी है कि नहीं ? राजा ने बात मान ली और फल में से एक टुकड़ा कुते को खिलाया। कुत्ता तड़प–तड़प कर मर गया। राजा बहुत क्रोधित हुआ और अपनी तलवार से तोते का सिर धड़ से अलग कर दिया। राजा ने वह फल बाहर फेंक दिया। कुछ समय बाद उसी जगह पर एक पेड़ उगा। राजा ने सख्त हिदायत दी कि कोई भी इस पेड़ का फल ना खाएं क्यूंकि राजा को लगता था कि यह अमृत फल विषाक्त होते हैं और तोते ने यही फल खिलाकर उसे मारने की कोशिश की थी। एक दिन एक बूढ़ा आदमी उस पेड़ के नीचे विश्राम कर रहा था। उसने एक फल खाया और वह जवान हो गया क्यूंकि उस वृक्ष पर उगे हुए फल विषाक्त नहीं थे। जब इस बात का पता राजा को चला तो उसे बहुत ही पछतावा हुआ उसे अपनी करनी पर लज्जा हुई। तीसरे राजकुमार के मुख से यह कहानी सुनकर राजा बहुत ही खुश हुआ और तीसरे राजकुमार को सही उत्तराधिकारी समझते हुए उसे ही अपने राज्य का राजा चुना। किसी भी अपराधी को सजा देने से पहले यह देख लेना चाहिए कि उसकी गलती है भी या नहीं, कहीं भूलवश आप किसी निर्दोष को तो सजा देने नहीं जा रहे हैं। निरपराध को कतई सजा नहीं मिलनी चाहिए।

# अमेज़न को कौन कर रहा है बर्बाद?

**आज अमेज़न वह साँस है जिससे पृथ्वी जीवित है। पर यदि यह साँस रुक गई, तो इसका असर पूरे ग्रह पर पड़ेगा। आने वाला दशक तय करेगा कि यह महान वन जीवित रहेगा या इतिहास बन जाएगा। कॉप-30 सम्मेलन के दौरान यह सवाल सिर्फ सरकारों या पर्यावरणविदों के लिए नहीं, बल्कि उन बैंकों के लिए भी है जिनके धन से यह विनाश चल रहा है। अगर उन्होंने दिशा बदली, तो बेलें में चल रहा यह सम्मेलन अमेज़न को बचाने की नई शुरुआत कर सकता है। और अगर नहीं, तो यह सभ्यता की सबसे हरी विरासत को खो देने की औपचारिक घोषणा होगी।**

कुमार सिद्धार्थ

दुनिया के सबसे विशाल वर्षावन अमेज़न पर खतरा अब किसी दूर की आशंका नहीं, बल्कि एक निकट आती सच्चाई है। वनों की अंधाधुंध कटाई, तेल और गैस के उत्खनन तथा जलवायु परिवर्तन ने इसे उस बिंदु तक पहुँचा दिया है जहाँ से लौटना शायद संभव नहीं रहेगा। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि अमेज़न अब 'कार्बन सोखने वाले' वन से 'कार्बन छोड़ने वाले' क्षेत्र में बदलने की कगार पर है।

ऐसे समय में जब संयुक्त राष्ट्र का जलवायु सम्मेलन सीओपी-30 ब्राज़ील के बेलें शहर में चल रहा है, एक नई रिपोर्ट ने उस वित्तीय ढाँचे को बेनकाब किया है जो अमेज़न के विनाश की जड़ों में छिपा है।

पर्यावरण संगठन स्टैंड.अर्थ की रिपोर्ट 'बैंक्स वर्सेस द अमेज़न स्कोरकार्ड' बताती है कि 2016 में पेरिस समझौते के बाद से अमेज़न क्षेत्र में तेल और गैस परियोजनाओं को मिलने वाले वित्त का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा सिर्फ दस बैंकों से आता रहा है। इनमें जेपी मॉर्गन चेज़, सिटी, बैंक ऑफ अमेरिका, इताउ यूनिबैंको (ब्राज़ील) और एचएसबीसी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इन बैंकों ने अमेज़न के भीतर जीवाश्म ईंधन से जुड़ी परियोजनाओं में 15 अरब डॉलर से अधिक झोंक दिए हैं। पिछले कुछ वर्षों में यूरोप के कई बैंकों ने अपने कदम पीछे खींचे हैं। फ्रांस का बीएनपी परिबा और ब्रिटेन का एचएसबीसी अब अमेज़न से जुड़ी कंपनियों को ऋण देना बंद कर चुके हैं। उन्होंने ऐसी नीतियाँ अपनाई हैं जो अमेज़न में तेल और गैस उत्खनन करने वाली कंपनियों को वित्त नहीं देतीं।

लेकिन जहाँ यूरोपीय बैंक पीछे हटे, वहीं अमेरिका और लैटिन अमेरिका के बैंक उस खाली जगह को भरने में लगे हैं। ब्राज़ील का इताउ यूनिबैंको अब शीर्ष पर पहुँच गया है – सिर्फ पिछले 18 महीनों में उसने 378 मिलियन डॉलर की नई फंडिंग दी है। जेपी मॉर्गन चेज़ और बैंक ऑफ अमेरिका उससे थोड़ा पीछे हैं। इसी अवधि में पेरू के क्रेडिकॉर्प और कनाडा के स्कोटियाबैंक ने भी अपने निवेश को लगभग तीन गुना बढ़ा दिया है।रिपोर्ट की प्रमुख शोधकर्ता डॉ. देवयानी सिंह का कहना है कि यूरोपीय बैंकों ने अपेक्षाकृत सख्त नीतियाँ लागू की हैं, लेकिन कोई भी बैंक अब तक अपने वित्तपोषण को शून्य नहीं कर पाया। हर बैंक को लूप होल बंद करने होंगे और बिना देरी अमेज़न से बाहर निकलना होगा।

द इकोलॉजिस्ट में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, अमेज़न में तेल और गैस की खुदाई सिर्फ पर्यावरण को ही नहीं, बल्कि स्थानीय जीवन को भी गहराई से प्रभावित कर रही है। ब्राज़ील, इक्वाडोर, पेरू और कोलंबिया में 6,000 से अधिक तेल-दूषित स्थल दर्ज किए गए हैं। उत्खनन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले समुदायों में कैंसर, गर्भपात और श्वसन रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद, सरकारें पीछे हटने को तैयार नहीं। ब्राज़ील ने इस साल की शुरुआत में



68 नए तेल ब्लॉक की नीलामी की। इक्वाडोर में यासुनी नेशनल पार्क में ड्रिलिंग रोकने के लिए 2023 में हुए जनमत-संग्रह के बाद भी काम जारी है। पेरू में 31 नए तेल ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, जिनमें से कई 400 से अधिक स्वदेशी समुदायों की भूमि से ओवरलैप करते हैं।

अमेज़न की ओलिविया बिसा कहती हैं, जब जंगल खुद संकट में है, तब बैंक ऑफ अमेरिका, स्कोटियाबैंक और इताउ जैसे बैंक इन परियोजनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। दशकों से हमारे समुदाय इस विनाश का सबसे बड़ा भार उठा रहे हैं। अब समय आ गया है कि बैंक अमेज़न को तेल की लत से मुक्त करें। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2024 से अब तक अमेज़न क्षेत्र में 2 अरब डॉलर से अधिक की नई फंडिंग केवल छह कंपनियों को मिली है- पेट्रोब्रास, एनेवा, गनवोर, ग्रैन टिएरा, प्लसपेट्रोल कैमिसेआ और हंट ऑयल पेरू। इन सभी पर भ्रष्टाचार, पर्यावरणीय क्षति और स्वदेशी अधिकारों के उल्लंघन के आरोप हैं।

ब्राज़ील की कंपनी एनेवा को हाल ही में संघीय अदालत ने अपनी गतिविधियाँ रोकने का आदेश दिया था क्योंकि उसने स्वदेशी समुदायों के अधिकारों और पर्यावरण कानूनों का उल्लंघन किया था। फिर भी, उसे इताउ यूनिबैंकों, बैंकों डो ब्रासिल, सैंटेंडर और अन्य बैंकों से वित्त मिलता रहा।

इसी तरह, स्विस कंपनी गनवोर को 2013 से 2020 के बीच इक्वाडोर में अधिकारियों को रिश्वत देकर तेल अनुबंध हासिल करने का दोषी पाया गया, लेकिन इसके बावजूद उसे आईएनजी बैंक से वित्तीय सहायता मिलती रही। इससे यह साफ़ होता है कि आंशिक प्रतिबंध और 'प्रोजेक्ट-लेवल' नीतियाँ अक्सर औपचारिकता से ज़्यादा कुछ नहीं होतीं। रिपोर्ट में सभी बैंकों से अपील की गई है कि वे 2030 तक अमेज़न में तेल और गैस परियोजनाओं के वित्तपोषण को पूरी तरह समाप्त करें - चाहे वह ऋण के रूप में हो, बॉन्ड में निवेश के रूप में या परामर्श सेवाओं के रूप में। साथ ही, उन्हें संयुक्त राष्ट्र की स्वदेशी अधिकारों पर घोषणा (ह्ष्ठऋढ्ढक्क) के अनुरूप नीतियाँ अपनाने की सिफारिश की गई है।

स्टैंड.अर्थ की वरिष्ठ अभियानकर्ता मार्टीना डोमिनियाक कहती हैं, कॉप-30 सम्मेलन बैंकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है कि वे अमेज़न में जीवाश्म ईंधनों के वित्तपोषण को बंद करने की ठोस घोषणा करें। यह सिर्फ पर्यावरण नहीं, बल्कि जीवन के अधिकार का सवाल है।

आज अमेज़न वह साँस है जिससे पृथ्वी जीवित है। पर यदि यह साँस रुक गई, तो इसका असर पूरे ग्रह पर पड़ेगा। आने वाला दशक तय करेगा कि यह महान वन जीवित रहेगा या इतिहास बन जाएगा। कॉप-30 सम्मेलन के दौरान यह सवाल सिर्फ सरकारों या पर्यावरणविदों के लिए नहीं, बल्कि उन बैंकों के लिए भी है जिनके धन से यह विनाश चल रहा है। अगर उन्होंने दिशा बदली, तो बेलें में चल रहा यह सम्मेलन अमेज़न को बचाने की नई शुरुआत कर सकता है। और अगर नहीं, तो यह सभ्यता की सबसे हरी विरासत को खो देने की औपचारिक घोषणा होगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपकी माताजी किसी बात को लेकर नाराज रहेंगी, क्योंकि आपका जो मन में आएगा, वह करेंगे, जिससे उन्हें कोई ठेस पहुंच सकती हैं।

**वृषभ**
संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। रोजगार की तलाश में लगे लोगों के लिए दिन बेहतर रहेंगे।

**मिथुन**
आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आप अपने भाई–बहनों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और बिजनेस भी पहले से बेहतर चलेगा, जो आपको खुशी देगा।

**सिंह**
आपको प्रॉपर्टी में अच्छे लाभ मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा और किसी शारीरिक समस्या को लेकर आप परेशान रहेंगे ।

**कन्या**
दिन आपके लिए मौज–मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको अपनी किसी गलती को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी। कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे।

**तुला**
आज आपको आय और व्यय में भी संतुलन बनाकर चलना होगा। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा।

**वृश्चिक**
आपके धन–धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी और आपको परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को भी मिल बैठकर दूर करना होगा।

**धनु**
आपको अपने पिताजी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। यदि आपको काम को लेकर कोई सुझाव दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें और गलत खानपान से बचें।

**मकर**
आपको अपने आसपास में किसी लड़ाई–झगड़े में पड़ने से बचना होगा। किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने से आपकी छवि और निखरेगी और आपके जन समर्थन में भी इजाफा होगा।

**कुंभ**
आपको अपने भाई–बहनों का पूरा सपोर्ट मिलेगा और आपको कोई साइड इनकम भी मिलने की संभावना है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती देगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा न करें। आज जीवनसाथी और आपके बीच कोई कहासुनी बढ़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीनी विवाद में जानलेवा हमला

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सलालपुर गांव में राम उदय सिंह पर जमीनी विवाद में जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित के अनुसार उसकी जमीन पर जबरन दीवाल बना दी गई थी जिसका उसने विरोध किया था। इसी को लेकर उस पर रामसागर सिंह और उसके भाई ने हंसुआ से हमला कर दिया ।पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### प्रेमी के साथ बेटे को लेकर विवाहिता गायब

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 26 में विवाहित महिला अपने 3 साल के बेटे के को लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई है। इस संबंध में पति शंकर कुमार ने नवादा निवासी पिंटू कुमार पर मां बेटे का अपहरण करने का केस दर्ज कराया है। शंकर ने बताया कि 5 साल पूर्व उसकी शादी हुई थी। इधर कुछ दिनों से पत्नी नवादा निवासी पिंटू से मोबाइल पर बातचीत करती थी। मना करने के बाद भी बात नहीं मानी। इसके बाद पिंटू ने उसकी पत्नी और बेटे को गायब कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### घरेलू कलह में युवती ने खायी नींद की गोलियां

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा निवासी युवती ने कलह के कारण गुस्से में आकर कई नींद की गोलियां निगल ली। हालत गंभीर होने के बाद परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहां से युवती को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। युवती की हालत चिंताजनक बनी हुई हैं। परिजनों ने इस संबंध में कुछ भी बताने इनकार कर दिया।

### सड़क हादसे में एंबुलेंस चालक जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिहारी विगहा टोल प्लाजा के पास एंबुलेंस चालक सुमित कुमार बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गया। चालक खगड़िया जिले का निवासी है। मौके पर हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस ने पहुंचकर जख्मी चालक को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

### धान के बोझे से निकला सांप ,किसान को काटा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अटनामा गांव में खेत में रखे गये धान के बोझ से सांप निकला। खेत में काम कर रहे किसान राजीव प्रसाद 45 वर्ष को भागने के दौरान सांप ने काट लिया। किसान को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अज्ञात शव का रेड क्रॉस ने किया अंतिम संस्कार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा अथमलगोला थाना क्षेत्र में 18 नवंबर को बरामद अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं होने के कारण उसका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने शव को संस्कार के लिए सौंपा था। उक्त जानकारी अध्यक्ष विनय कुमार ने दिया है।

### बाढ़ की बेटी को मिला बेस्ट शूटर अवार्ड

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ की बेटी संध्या कुमारी के नेतृत्व में उड़ीसा के कटक में आयोजित सेकंड ईस्ट जोन नेशनल टॉक बॉल चैंपियनशिप 25 में बिहार और बंगाल के बीच हुए फाइनल मैच के दौरान बिहार को उपविजेता का खिताब मिला है। इसके लिए टीम कैप्टन संध्या कुमारी को बेस्ट शूटर का पुरस्कार किया गया। संध्या कुमारी बाढ की निवासी हैं ।इस उपलब्धि को लेकर स्थानीय लोगों ने खिलाड़ी को बधाई दी है।

### हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर कैंडल मार्च

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अकबरपुर गांव निवासी मोबाइल सेल्समैन राजकांत आजाद की हत्या के अभियुक्तों को फांसी की सजा देने के लिए लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च अनुमंडल कार्यालय पहुंचा जहां पर अधिकारियों को मांग को लेकर सूचना दी गई। मौके पर प्रमुख उपेंद्र पासवान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस कांड में तीन लोगों को जेल भेजा गया था।

### करंट लगने से किशोर जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अथमलगोला प्रखंड के फुलेलपुर पंचायत अंतर्गत मेबड़ा गांव में अपने परिवार के साथ धान का फसल से धान निकालने के लिए खलिहान के सामने बिजली के खंभे से टोका लगाने के दौरान धनंजय कुमार पिता पवन यादव करंट की तार की चपेट में आकर बुरी तरह से जख्मी हो गया। खलिहान में खड़े लोगों ने जल्दबाजी में उसे करंट की चपेट से छुड़ाने के बाद घायल को इलाज के लिए जल्दबाजी में बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने इलाज करने के बाद बच्चों की सेहत में सुधार आई पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी भी बच्चों को सहयोग करते नजर आए।

### जदयू नेता के पुत्र की बाइक चोरी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के इमलीतल निवासी व जदयू नेता सुभाष सिंह के पुत्र मयंक सिंह का बाइक पीएन मॉल के पास से चोरों ने चोरी कर लिया है. इस संबंध में मंयक ने पाटलिपुत्र थाना में मामला दर्ज कराया है. दर्ज प्राथमिकी में मंयक सिंह ने बताया कि पाटलिपुत्र थाने के पीएन मॉल में सामान खरीदारी करने गये थे और अपनी बाइक को मॉल के लोहा के गेट के अंदर खडा कर दिया था. जब सामान खरीद कर आया तो बाइक गायब था और काफी खोजबीन करने के बाद पता नही चला .. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है.

### पुलिस ने की व्यवहार न्यायालय के वकीलों व कर्मियों की जांच पडताल

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरूवार को व्यवहार न्यायालय के गेट पर वकील और कर्मियों समेत आम लोगों का पुलिस ने जांच पडताल किया. जिसको लेकर कई वकील ने पुलिस से जांच पडताल करने पर उलझ गये . बाद में समझा-बुझाकर मामला को शांत कराया गया . दिन भर पुलिस कोर्ट परिसर में जांच पडताल किया गया. बताया जाता है कि एसटीएफ के डीएसपी व पदाधिकारी द्वारा एक कैदी से पूछताछ करने के लिए ही पुलिस बल जांच पडताल कर रहे थे. कोर्ट परिसर में सिविल ड्रेस में पुलिस पदाधिकारी तैनात देखे गये थे. अधिवक्ता संघ के महासचिव अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा को लेकर रूटीन जांच के लिए पुलिस जांच पडताल किया गया है. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि सुरक्षा को लेकर रूटीन जांच कोर्ट के कर्मियों व वकील समेत आम लोगों का जांच पडताल किया गया है.

### 165 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसरी मोड़ के पास छापेमारी कर ई रिक्शा में प्लास्टिक के 11 बोरा में छुपा कर 165 लीटर देशी शराब ले जाते हुए दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. गाड़ी को जब्त किया गया है. थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मनेर से ई रिक्शा में प्लास्टिक के बोरा में छुपा कर देशी शराब ले जा रहा है. सूचना पर पुलिस ने उसरी मोड़ पर छापेमारी कर ई रिक्शा को जब्त कर तलाशी लिया गया तो 11प्लास्टिक के बोरा में 165 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार शंकर कुमार पैनाल बिहटा व श्याम बिहारी कुमार हुलासी टोला मनेर निवासी है. गिरफ्तार शंकर व श्याम बिहारी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है.

### बहू की हत्या के आरोप में जेल में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत

**छपरा/तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा जेल में बंद एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो जाने से उसके परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। मृतक की पहचान तरैया थाना क्षेत्र के उसरी गांव निवासी 55 वर्षीय उमाशंकर महतो के रूप में हुई है, जो अपनी बहू की हत्या के एक मामले में पिछले पांच माह से न्यायिक अभिरक्षा में था। परिजनों का कहना है कि उमाशंकर निर्दोष थे और उनकी बहू ने 16 जून को आत्महत्या की थी, लेकिन मामले में उन्हें दोषी ठहराकर जेल भेज दिया गया। परिजनों ने जेल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि 16 नवंबर को उमाशंकर की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 18 नवंबर को हालत और खराब होने पर दोबारा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। उमाशंकर पर पानापुर के मरवा बसहिया गांव निवासी व मृतिका काजल कुमारी के भाई सुनील कुमार महतो ने दहेज में बुलेट बाइक और तीन लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी मामले में पुलिस ने 18 जून 2024 को उमाशंकर और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उनका पुत्र सतेंद्र महतो भी हाल ही में अदालत में आत्मसमर्पण कर चुका है। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश दोनों देखा जा रहा है।

# कृषि अनुसंधान परिसर पटना में पोषण एवं नारी सम्मान समारोह का आयोजन





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 21 नवंबर 2025 को 'पोषण एवं नारी सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में पोषण-जागरूकता, स्वास्थ्य, सतत कृषि, आजीविका उन्नयन और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने उपस्थित महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता ही महिला सशक्तिकरण की वास्तविक नींव है। उन्होंने अनुभव-आधारित सीख को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कृषि एवं उससे संबंधित क्षेत्रों में वैज्ञानिक तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने, नए कौशल सीखने और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. दास ने आग्रह किया कि बेटियों को शिक्षा, पोषण, कौशल एवं रोजगार के समान अवसर प्रदान करें, क्योंकि संतुलित पालन-पोषण ही संतुलित एवं प्रगतिशील समाज का मार्ग प्रशस्त करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. आरती कुमारी ने 'रंगों से भरी थाली- संपूर्ण आहार' की अवधारणा पर जोर दिया। उन्होंने मिलेट्स को पोषक, जलवायु-सहिष्णु और लघु किसानों के लिए लाभकारी बताते हुए दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने महिलाओं को निर्णय-निर्धारण, पौष्टिक भोजन और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. शिवानी, प्रधान वैज्ञानिक ने परिवार एवं समुदाय में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए स्वास्थ्य, पोषण और निर्णय-निर्धारण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। डॉ. अभय कुमार, प्रधान वैज्ञानिक ने कहा कि लैंगिक समानता की शुरूआत घर से होती है और बालिकाओं-बालकों को समान अवसर देना आवश्यक है। डॉ. संजीव कुमार, प्रभागाध्यक्ष, फसल अनुसंधान ने ग्रामीण महिलाओं में एनीमिया की समस्या पर प्रकाश डालते हुए पोषण-संपन्न भोजन, आयरन-फोलिक एसिड सेवन और नियमित स्वास्थ्य जाँच पर बल दिया। डॉ. कुमारी शुभा, वैज्ञानिक ने महिलाओं को आईसीएमआर के अनुसार दैनिक पोषक तत्व आवश्यकताओं के प्रति जागरूक करते हुए विविध आहार, स्वस्थ पाक विधियाँ और मिलेट्स, हरी सब्जियाँ, दालें व फल शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम में महिला कृषकों ने बकरी एवं मत्स्य पालन, मधुमक्खी और लाख उत्पादन, मशरूम व सब्जी खेती, औषधीय पौधों, बीज उपचार, सिलाई-कार्य तथा पोषण उद्यान जैसे विविध क्षेत्रों में अपने सफल अनुभव साझा किए। उनके इन व्यावहारिक अनुभवों ने कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महिलाओं को नई तकनीकों और बहुआयामी आजीविका विकल्पों को अपनाने के लिए उत्साहित किया। इससे महिलाओं में कौशल-विकास और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा मजबूत हुई। कार्यक्रम में 'महिला सशक्तिकरण के लिए तकनीकी विकल्प' नामक पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिला कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक प्रतिभागी महिला का सम्मान ऊनी शॉल प्रदान कर किया गया तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वेलनेस किट दी गई। कुक्कुट पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महिलाओं को मुर्गियाँ भी उपलब्ध कराई गईं, साथ ही उन्नत किस्मों के बीज वितरण किए गए। स्थानीय किसानों के साथ-साथ झारखंड राज्य से आए कृषकों ने भी सक्रिय सहभागिता की। इससे ज्ञान-विनिमय का उत्कृष्ट अवसर सृजित हुआ, विशेषकर तब, जब कुछ किसानों की वार्षिक आय 8-15 लाख रुपये तक पहुँचने के प्रेरक अनुभव साझा किए गए। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रतिभागी महिलाओं ने पोषण वाटिका, होमस्टेड फार्मिंग मॉडल, समेकित कृषि प्रणाली मॉडल तथा अन्य कृषि नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर महत्वपूर्ण जानकारियाँ अर्जित कीं। इस दौरान एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें महिला किसानों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसे सभी ने सराहा। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

## डॉ. खुर्शीद हसन ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन हाजी खुर्शीद हसन, फुलवारी शरीफ पटना ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सत्ता में शानदार वापसी पर दिल से बधाई दी. उन्होंने अपने प्रेस बयान में कहा कि बिहार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले बीस वर्षों से अमन, तरक्की और विकास की राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है. उनकी नेतृत्व क्षमता ने बिहार को मिसाल-ए-तरक्की बनाया है. डॉ. खुर्शीद हसन ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार में अमन और इंसाफ की सरकार को मजबूती से बनाए रखेंगे. उन्होंने कहा कि राज्य के हर वर्ग, बिरादरी और हर धर्म के लोगों को समान विकास के अवसर मिलते रहे हैं और आगे भी मिलते रहेंगे. डॉ. हसन ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा स्पष्ट रूप से कहते रहे हैं कि वे न तो सांप्रदायिकता से समझौता करेंगे और न ही भ्रष्टाचार से. बिहार की जनता ने



उनके इसी संकल्प, हौसले और न्यायप्रिय छवि पर विश्वास जताते हुए उन्हें दसवीं बार राज्य का मुख्यमंत्री बनाकर ऐतिहासिक जनादेश दिया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सबसे बड़ी पहचान यह है कि उन्होंने कभी भी सांप्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने नहीं दिया और हमेशा राज्य में शांति और सौहार्द का वातावरण बनाए रखा. इसी कारण उम्मीद है कि बिहार आगे भी अमन, इंसाफ और बराबरी की राह पर मजबूती से आगे बढ़ता रहेगा और बिना किसी भेदभाव के हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा होती रहेगी.

# बीआरसी की 20वीं बिहार बटालियन का स्थापना दिवस मनाया गया




**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार रेजीमेंट केंद्र के 20वीं बिहार बटालियन का स्थापना दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया. 21 नवंबर 2011 को रांची (झारखंड) में कर्नल राकेश बोरा और सूबेदार मेजर राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में 20वीं बिहार बटालियन की स्थापना की गई. स्थापना के बाद से 20वीं बिहार बटालियन ने 2011 से 2014 तक लगभग 3 साल तक रांची में रहते हुए, वहां पर मिली सभी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन किया. उसके बाद 2017 से 2020 तक 66 इन्फेंट्री ब्रिगेड के अंतर्गत बटालियन बिनागुड़ी में रही, वहां रहते हुए बटालियन ने पूर्वी कमान प्री स्टाफ कॉलेज की मिली अतिरिक्त जिम्मेदारी को बखूबी निभाया एवं भारत-बांग्लादेश सैन्य अभ्यास में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. 2020 में बिनागुड़ी से मणिपुर में बटालियन का स्थान्तरण हुआ. उस समय कोरोना काल के दौरान स्थानीय नागरिकों की मदद की, जिसके लिए उच्च फार्मेशन द्वारा सराहना की गई.बटालियन के वीर बिहारी योद्धाओं का जज्बा, जुनून और उत्साह काबिले तारीफ है.बटालियन के वीर बिहारियों ने समय-समय पर अपने साहस और शौर्य का प्रदर्शन कर सभी को चकित किया है, जिसके चलते बटालियन के यो द्धाओं को अनेकों बार वीरता पुरस्कारों से नवाजा गया है. वर्तमान समय में बटालियन हैदराबाद में अपने शांति काल के समय में अपने कार्यों को बखूबी अंजाम दे रही है. इस अवसर पर बिहार रेजीमेंट केंद्र के वीर स्मृति स्थल पर बटालियन के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी. रेजिमेंट के कमाडेंट ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा,लेफ्टीनेंट कर्नल एसबी मंडल, रेजिमेंट के दंडपाल सह लेफ्टीनेंट कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा, सूबेदार मेजर बिपिन कुमार प्रधान, केंद्र सूबेदार मेजर समेत कई अन्य सैनिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की.

## आरा मशीन में चलती आरी से चिर गया चेहरा, पारस अस्पताल की कुशल सर्जरी ने बचा ली जान

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेगूसराय के युवक मीत कुमार के साथ काम के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब उनके हाथ से चलती हुई आरी मशीन अचानक छूटकर सीधे चेहरे पर जा लगी. हादसा इतना भयावह था कि उनके होंठ, नाक, भौंह और चेहरे का आधा हिस्सा गहरे कटाव से बुरी तरह जख्मी हो गया. अत्यधिक रक्तस्राव और दिमाग का पानी निकलने के कारण मीत मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े. परिजनों ने बिना देर किए उन्हें स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना रेफर कर दिया गया. पारस हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग की कंसल्टेंट डॉ. रश्मि प्रसाद की टीम ने तुरंत आपातकालीन सर्जरी शुरू की. डॉ. रश्मि ने बताया कि सबसे पहले तेजी से हो रहे रक्तस्राव को नियंत्रित किया गया, उसके बाद चेहरे के कटे हुए हिस्सों की माइक्रो-रीकंस्ट्रक्शन तकनीक से बेहद सावधानीपूर्वक सर्जरी की गई. कई घंटों तक चली यह जटिल और जोखिमपूर्ण सर्जरी पूरी तरह सफल रही. मीत कुमार की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और पांचवें दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. पारस हॉस्पिटल के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि सही समय पर अस्पताल पहुंचने से युवक की जान बच सकी. उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी गंभीर चोट या दुर्घटना की स्थिति में समय गंवाए बिना विशेषज्ञ अस्पताल जाएं, क्योंकि शुरूआती मिनट ही जिंदगी बचाने में सबसे अहम होते है.



## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तरैया थाना क्षेत्र के चंचलिया गांव की एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद उसके मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका की पहचान चंचलिया निवासी शंकर सिंह की पुत्री गुड्डी कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी शादी 12 वर्ष पूर्व भेल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखी गांव निवासी पाशुपति सिंह से हुई थी। मृतका के पिता शंकर सिंह ने पुलिस को बताया कि शादी के एक माह बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उनसे तीन लाख रुपये दहेज की मांग करते रहे और गुड्डी पर लगातार अत्याचार करते थे। आरोप है कि 18 नवंबर को पति, भसुर और अन्य परिजनों ने मिलकर गुड्डी की गला दबाकर हत्या कर दी। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना की जानकारी मिलने पर जब उनका पुत्र और पत्नी ससुराल पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें बंधक बना लिया और शव को पोस्टमॉर्टम नहीं होने दिया, साथ ही शव गायब कर दिया। आरोप है कि पीड़ित परिवार से जबरन सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाए गए और धमकी दी गई कि थाने में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़ित पिता ने सारण एसपी को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## बदमाशों ने व्यापारी के घर पर किया पथराव

### बेटी को जबरन उठाकर विवाह करने की धमकी पिता घायल, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में नई सरकार बनने के बीच एक व्यापारी परिवार पर जानलेवा हमला किया गया है. बदमाशों ने व्यापारी के घर पर चढ़कर पथराव किया और उनकी बेटी को जबरन उठाकर विवाह करने की धमकी दी. परिवार द्वारा विरोध किए जाने और फोन नहीं मानने पर बदमाशों ने अचानक हमला बोल दिया. पत्थरबाजी में व्यापारी तथा बेटी के पिता विश्वजीत गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पुलिस पर मामले को नजरअंदाज करने का आरोप लग रहा है. पीड़ित परिवार का आरोप है कि लंबे समय से कुछ असामाजिक तत्व बेटी को जबरन विवाह के लिए दबाव दे रहे थे और धमकी भी देते थे. जब परिवार ने उनके गलत इरादों का विरोध किया, तो बदमाशों ने घर पर हमला कर पत्थरबाजी शुरू कर दी. हमले के दौरान व्यापारी विश्वजीत लहूलुहान हो गए और घर में दहशत का माहौल बन गया. परिवार ने बताया कि घटना के बाद 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बुलाया गया, लेकिन पुलिस घायल व्यापारी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय सीधे थाने ले गई. इतना ही नहीं, थाना पुलिस आवेदन लेने में भी टालमटोल कर रही है, जिससे पीड़ित परिवार और दहशत में है. देर रात घायल विश्वजीत के बेटे ने बताया कि पुलिस उनके पिता को इलाज कराने भी नहीं ले जा रही है और नहीं किसी से मिलने दे रहे हैं.फोन से बात भी किसी से नहीं कराया जा रहा है. भारतीय लोकहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुदेव श्री प्रेम ने इस घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और डीजीपी से तत्काल हस्तक्षेप की गुहार लगाई है. उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज लगातार हमलों, धमकियों और अत्याचारों का सामना कर रहा है, लेकिन पुलिस और प्रशासन संवेदनशीलता नहीं दिखा रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह मामला एक बेटी की सुरक्षा और व्यापारी समुदाय की गरिमा से जुड़ा हुआ है. उन्होंने बताया कि यह मामला बिहार के महुआ थाना का है जहां थाना और एसपी भी अब तक कार्रवाई नहीं कर रहा है. गुरुदेव श्री प्रेम ने सरकार से यह भी मांग दोहराई कि बिहार में व्यापारी संरक्षण थाना की तत्काल स्थापना की जाए, ताकि व्यापारियों और उनके परिवारों को विशेष सुरक्षा मिल सके और ऐसी घटनाओं पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई हो. उन्होंने कहा कि नई सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए.

## युवा नेता विकास सैनी ने भी दी आईपीएस विकास वैभव को जन्मदिन की बधाई

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आईपीएस अधिकारी विकास वैभव के जन्मदिन पर शनिवार को सोशल मीडिया से लेकर सार्वजनिक मंचों तक लोगों की ओर से शुभकामनाओं का तांता लगा रहा. प्रदेशभर से प्रशंसकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें दीर्घायु, स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की. फुलवारी शरीफ के युवा नेता एवं लेट्स इंस्पायर बिहार पटना के पश्चिमी कोऑर्डिनेटर विकास सैनी ने भी आई पी एस विकास वैभव को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि विकास वैभव युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनके कार्यों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है.



# नवनियुक्त मंत्री रामकृपाल यादव का भव्य स्वागत, गोरंगवा शीतला मंदिर में की पूजा अर्चना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवनियुक्त मंत्री रामकृपाल यादव का शुक्रवार को गोरगांवा स्थित शीतला मंदिर में पूजा अर्चना करने जाने के दौरान सगुना मोड़ पर लोजपा (रा) के पटना जिलाध्यक्ष चंदन यादव अपने आवास पर भव्य स्वागत किया. मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने मंत्री का गर्मजोशी से अभिवादन किया. चंदन यादव ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की.स्वागत कार्यक्रम के बाद मंत्री रामकृपाल यादव ने बंजरगबली मंदिर पहुँचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की शांति एवं विकास की कामना की.मंत्री पद संभालने के बाद स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकताओं द्वारा किया गया यह सम्मान उनके प्रति जनता के विश्वास और समर्थन को दशार्ता है. जीत के बाद मंत्री रामकृपाल यादव पहुंचे गोरगवां मंदिर की पूजा-अर्चना की. रामकृपाल यादव ने कहा कि चुनाव से पहले भी उन्होंने माता से आशीर्वाद लिया था और आज जीत के बाद पुनः आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं. उन्होंने कहाह्लमां का आशीर्वाद पहले भी मिला है, आगे भी मिलता रहेगा. मैंने माता से प्रार्थना की है कि इतनी शक्ति दें कि मैं दानापुर की जनता की सेवा करता रहूँ मंत्री पद मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया. उन्होंने कहा कि अब बिहार के विकास को गति देने का संकल्प और मजबूत हुआ है. नीतीश कुमार और पीएम नरेंद्र मोदी ने जो 2047 से पहले विकसित बिहार का सपना देखा है, उसे साकार करने के लिए मैं पूरी ताकत से काम करूंगा. श्री यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव उनका सम्मान करते रहे हैं, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे ऐसे लोगों के लिए प्रचार करने पहुंचे जो बड़ा अपराधी है . पूजा-अर्चना के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे. जिन्होंने उनके आगमन पर स्वागत किया. मौके पर भाजपा नेता भाई सनोज यादव , अनिल यादव, दीपक पासवान, अमन कुमार चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी , रोहित यादव, रविन्द्र यादव, जोगिंदर राय, नितीन राज, बब्लू पासवान, शैलेश तिवारी ,लोजपा के प्रदेश महासचिव रीता गलहोत्रा ,दिलीप पासवान सरोज यादव ,विनोद यादव, संध्या आर्य ,प्रेमलता मालाकार ,प्रभावती देवी ,मुन्नी देवी ,रेखा देवी ,गुंजन यादव ,पप्पू सिंह समेत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे.



बिहार सरकार

प्रपत्र–VI

# राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय)

या

## समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार

## प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम 30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूंकि समाहर्त्ता, औरंगाबाद को यह प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के आलोक में औरंगाबाद जिला अंतर्गत गया–औरंगाबाद भाया परैया, गुरारू, रफीगंज (पार्ट–B) के कि0मी0 27.80 से कि0मी0 64.170 पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का निर्माण हेतु भूमि अंचल रफीगंज के मौजा–लहास, गोरडीहा, अब्दुलपुर, माड़ीपुर, फेसरा, केराप, बंचर खुर्द, भदवा, गोठानी, बिबीपुर तथा औरंगाबाद अंचल के मौजा–बिजोई में कुल रकवा– 5.6848 एकड़ भू–अर्जन हेतु अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथानिम्न है।

इस परियोजना के क्रियान्वयन से आर्थिक, सामाजिक, खाद्य सुरक्षा एवं अन्य विकास कार्यों पर सकारात्मक प्रभाव होगा एवं स्थानीय क्षेत्र से आने वाले लोगों को सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। खासकर एन0एच0 02 के अतिरिक्त अथवा जाम की स्थिति में यह पथ यातायात प्रबंधन पर प्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भू–अर्जन के कारण कुल– भून्य परिवारों के विस्थापित होने कि संभावना है। इस परियोजना के लिए न्यूनतम जितनी भूमि की आव यकता है, उतनी ही भूमि ली जा रही है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि जिला–औरंगाबाद में अंचल रफीगंज के मौजा–लहास, गोरडीहा, अब्दुलपुर, माड़ीपुर, फेसरा, केराप, बंचर खुर्द, भदवा, गोठानी, बिबीपुर एवं औरंगाबाद अंचल के मौजा–बिजोई में कुल–5.6848 एकड़ भूमि का भूखण्ड अर्जनाधीन है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:–

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़) में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | पं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| मौजा–लहास, थाना नं0– 712 | | | | | | | | | | |
| 1 | 60 | 51 | डिस्ट्रीक बोर्ड मजकुर | धनहर | 0.025 | डिस्ट्रीक बोर्ड | 52 | 134 | 53 | 50 |
| 2 | 60 | 50 | डिस्ट्रीक बोर्ड मजकुर | धनहर | 0.015 | डिस्ट्रीक बोर्ड | 43 | 134 | 51 | 48 |
| 3 | 22 | 103 | रैयती | भींड | 0.01 | कृष्णा यादव, पिता– स्व0 राम खेलावन यादव साकिन लहास | 102 | 134 | 104 | 100 |
| 4 | 27 | 104 | रैयती | भींड | 0.01 | सोनू देवी, पति–विनय कुमार सिंह, साकिन लहास, पिता–स्व0 राम खेलावन यादव, साकिन लहास | 105 | 134 | 107 | 103 |
| 5 | 20 | 107 | रैयती | भींड | 0.015 | ललन यादव, अम्बिका यादव, दोनोपिता– स्व0 गंगा यादव, मंटू कुंवर, पति– स्व0 उमे I यादव साकिन लहास | 106 | 134 | 108 | 104 |
| 6 | 11 | 108 | रैयती | भींड | 0.01 | चन्द्रीप यादव व जगदी I यादव व मंदीप यादव, पिता–स्व0 द Iरथ यादव, साकिन लहास | 109 | 134 | 111 | 107 |
| 7 | 38 | 111 | रैयती | भींड | 0.01 | राज कुमार सिंह, पिता– स्व0 फकीरा सिंह, साकिन लहास | 110 | 134 | 112 | 108 |
| 8 | 13 | 112 | रैयती | भींड | 0.01 | रामविलास यादव, पिता–स्व0 फौदार यादव साकिन लहास | 113 | 134 | 129 | 111 |
| 9 | 08 | 130 | रैयती | मकान मय सहन किता 2 | 0.025 | विनोद चौधरी व बिनेश कुमार चौधरी दोनो पिता–स्व0 रामदास चौधरी, भगवतिया देवी, पति– स्व0 रामप्रसाद चौधरी, सौदागर यादव, पिता– स्व0 मोती यादव | 129 | 134 | 118 | 131 |
| 10 | 42 | 131 | गै0 मालिक | मकान मय सहन किता 2 | 0.015 | गैरमजरूआ मालिक | 129 | 134 | 130 | 132 |
| 11 | 08 | 132 | रैयती | मकान मय सहन किता 2 | 0.01 | सौदागर यादव, पिता– स्व0 मोती यादव साकिन लहास | 129 | 134 | 131 | 133 |
| 12 | 42 | 133 | गै0 मालिक | मकान मय सहन किता | 0.02 | गैरमजरूआ मालिक | 129 | 134 | 132 | 134 |
| | | | योग | | 0.175 | | | | | |
| मौजा–गोरडीहा, थाना नं0– 709 | | | | | | | | | | |
| 13 | 248 | 1443 | डिस्ट्रीक बोर्ड | धनहर | 0.0860 | डिस्ट्रीक बोर्ड | 1361 | 1438 | 1442 | 1443 |
| 14 | 12 | 1440 | रैयती | धनहर | 0.0650 | अज्ञात | 1441 | 1431 | 1460 | 1439 |
| | | | योग | | 0.1510 | | | | | |
| मौजा–भदवा, थाना नं0– 643 | | | | | | | | | | |
| 15 | 240 | 1831 | रैयती | आवासीय | 0.005 | राधे याम साव, पिता–कि ुन साव, साकिन बीबीपुर | 1952 | 1832 | 1836 | 1830 |
| 16 | 243 | 1836 | रैयती | आवासीय | 0.0125 | मो0 अलिमा साह, मो0 वसीमा साह, पिता–अलीहसन साह, शहिदा खातुन, पति–मो0 सुलतान साह, मो0 असलम साह, पिता अलीहसन साह, लक्ष्मी साव, पिता–लखन साव, अमित कुमार, पिता–अ ोक कुमार | 1952 | 1835 | 1837 | 1831 |
| 17 | 244 | 1837 | रैयती | आवासीय | 0.0175 | मकसुदन कुमार सिंह, पिता–जगनारायण सिंह, मो0 गुलाम रसूल साह, पिता–मो0 अलीमुद्धीन साह, गोपाल चौधरी, पिता– रघुनंदन चौधरी, मुकेश चौधरी, पिता–यदुनंदन चौधरी, | 1952 | 1838 | 1841 | 1836 |
| 18 | 240 | 1841 | रैयती | आवासीय | 0.0125 | गोपाल सिंह, पिता–अवधेश सिंह, | 1952 | 1840 | 3562 | 1841 |
| 19 | 92 | 3562 | रैयती | आवासीय | 0.0725 | प्रेमचंद चौधरी, उपेन्द्र चौधरी, पिता–गॉधी चौधरी, पिता–राजदेव पासवान, महेन्द्र चौधरी, अर्जुन चौधरी, कस्तुर चौधरी, पिता–भुलेटन चौधरी, प्रमेश्वर चौधरी, सुखलाला चौधरी, पिता–बुधन पासी | 1952 | 1842 | 1848 | 1841 |
| 20 | 11 | 3561 | रैयती | आवासीय | 0.04 | कृष्णा प्रसाद, रामलायक प्रसाद, पिता–जग्रनाथ प्रसाद, दिनेश प्रसाद, पिता–बैजनाथ प्रसाद, जमुना प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, पिता–फगुनी प्रसाद, सोनु प्रसाद, पिता–बैजनाथ प्रसाद | 1664 | 1952 | 1668 | 1671 |
| 21 | 12 | 1671 | रैयती | आवासीय | 0.0175 | कृष्णा प्रसाद, पिता–जग्रनाथ प्रसाद, अजय साव, पिता–काशी साव, अयोध्या साव, पिता–रामप्रसाद साव, | 1672 | 1952 | 3561 | 1673 |
| 22 | 18 | 1673 | रैयती | आवासीय | 0.02 | युगे वर वर्मा, सुबेदार वर्मा, पिता–अनुरूध वर्मा, देवनारायण वर्मा, पिता–लक्ष्मी नारायण वर्मा, पिता–वासुदेव वर्मा | 1678 | 1952 | 1671 | 1674 |
| 23 | 18 | 1674 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | कृष्णा वर्मा, पिता–डोमन वर्मा | 1673 | 1952 | 1673 | 1675 |
| 24 | 92 | 1675 | रैयती | आवासीय | 0.01 | प्रेमचंद चौधरी, उपेन्द्र चौधरी, पिता–गॉधी चौधरी, संतोष प्रसाद, संजय साव, पिता–राधे भयाम गुप्ता | 1676 1732 | 1952 | 1674 | 1733 |
| 25 | 14 | 1733 | रैयती | आवासीय | 0.005 | कामेश्वर चौधरी, पिता–बाबुलाल चौधरी, प ुराम चौधरी, रविन्द्र चौधरी, पिता–नन्हकु चौधरी | 1732 | 1952 | 1675 | 1734 |
| 26 | 92 | 1734 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | संजय कुमार, पिता–राजदेव पासवान, प्रमे वर चौधरी, पिता–बुधन पासी | 1731 | 1952 | 1733 | 1735 |
| 27 | 244 | 1735 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | मो0 अनवर, मो0 जहॉगीर, पिता– मो0 सहाबुद्धीन, मैमुन खातुन, पति– मो0 मोस्तकीम | 1730 | 1952 | 1734 | – |
| 28 | 244 | 3218 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | मो0 रोजीद, पिता–अलीमुद्धीन साह, मो0 मुस्तकीम साह, पिता–मुस्लिमसाह | 1737 | 1952 | – | 1738 |
| 29 | 254 | 1829 | रैयती | आवासीय | 0.01 | अशोक चौधरी, पिता–सुखलाल चौधरी | 1952 | 1827 | 1830 | 1828 |
| 30 | 246 | 1750 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | बजरंगी साव, पिता–ताराचंद साव, टुन्नी कुमार, पिता–अम्बिका साव | 1752 | 1751 | 3219 | 1758 |
| 31 | 246 | 1751 | गै0 मालिक | – | 0.03 | गै0 मालिक | 1750 | 1829 | 1952 | 1829 |
| 32 | 163 | 1655 | रैयती | आवासीय | 0.025 | मो0 सदाम, पिता–मुख्तार आलम, कृष्णा सिंह, कन्हईया सिंह, उमे I सिंह, पिता–अनरिका सिंह | 1656 | 1952 | 1952 | 1657 |
| | | | योग | | 0.3150 | | | | | |
| मौजा–बीबीपुर, थाना नं0– 639 | | | | | | | | | | |
| 33 | 37 | 1300 | रैयती | धनहर | 0.085 | मंदीप सिंह, मटुकधारी सिंह, | 676 | 675 | 678 | 1301 |
| 34 | 31 | 1299 | रैयती | धनहर | 0.01 | अजय सिंह, पिता– युगल सिंह, | 1298 | 678 | 675 | 679 |
| 35 | 29 | 1298 | रैयती | धनहर | 0.01 | इन्द्रदेव यादव, पिता–गंगु यादव, | 1297 | 1299 | 675 | 679 |
| 36 | 37 | 1297 | रैयती | धनहर | 0.02 | मंदीप सिंह, पिता–मटुकधारी सिंह | 1296 | 1298 | 675 | 682 |
| 37 | 11 | 1296 | रैयती | धनहर | 0.025 | विजय सिंह, पिता–रहीस सिंह, | 1295 | 1297 | 675 | 689 |
| 38 | 49 | 695 | रैयती | धनहर | 0.01 | विजय सिंह, पिता–रहीस सिंह, | 1294 | 1298 | 675 | 690 |
| 39 | 40 | 694 | रैयती | धनहर | 0.01 | संजय चन्द्रवंशी, पिता–रामचन्द्र सिंह चन्द्रवंशी | 1293 | 1295 | 675 | 691 |
| 40 | 21 | 693 | रैयती | धनहर | 0.0075 | संजय कुमार, पिता–बैजनाथ सिंह | 1292 | 1994 | 675 | 692 |
| 41 | 13 | 692 | रैयती | धनहर | 0.0075 | सिंचाई विभाग बिहार सरकार | 1291 | 1293 | 675 | 693 |
| 42 | 19 | 1291 | रैयती | धनहर | 0.01 | नागेन्द्र सिंह, पिता–कृष्णा प्रसाद सिंह | 1290 | 1292 | 675 | 693 |
| 43 | 37 | 1290 | रैयती | धनहर | 0.0075 | मंदीप सिंह, पिता–मटुकधारी सिंह | 1289 | 1291 | 675 | 774 |
| 44 | 38 | 1289 | रैयती | धनहर | 0.015 | सरयु सिंह, पिता– रधुपत सिंह | 1288 | 1290 | 675 | 775 |
| 45 | | 788 | डिस्ट्रीक बोर्ड | धनहर | 0.005 | डिस्ट्रीक बोर्ड | 1287 | 1289 | 675 | 776 |
| 46 | | 787 | डिस्ट्रीक बोर्ड | धनहर | 0.01 | डिस्ट्रीक बोर्ड | 1286 | 1288 | 675 | 777 |
| 47 | 31 | 786 | रैयती | धनहर | 0.01 | दुखन यादव, पिता–मदन यादव | 1285 | 1287 | 675 | 789 |
| 48 | | 785 | डिस्ट्रीक बोर्ड | धनहर | 0.0075 | डिस्ट्रीक बोर्ड | 1284 | 1286 | 675 | 783 |
| 49 | 40 | 1284 | रैयती | धनहर | 0.03 | प्रहलाद सिंह, पिता–जमुना सिंह, रामदास पासवान, पिता–रतन पासवान | 785 | 1285 | 675 | 784 |
| 50 | 31 | 1580 | रैयती | धनहर | 0.015 | दुखन यादव, पिता–मदन यादव | 789 | 785 | 675 | 786 |
| 51 | 65 | 806 | गै0 मालिक | रास्ता | 0.015 | गैरमजरूआ मालिक | 807 | 805 | 675 | 805 |
| 52 | 34 | 1578 | रैयती | धनहर | 0.0075 | प्रेमती कुवंर, पति– स्व0 रामस्वरूप सिंह | 809 | 806 | 675 | 807 |
| 53 | 04 | 809 | रैयती | धनहर | 0.025 | संजय कुमार, पिता–बैजनाथ सिंह, डब्लू सिंह, पिता–मिथलेश सिंह, महेन्द्र राम, पिता– मधे वरराम | 271 | 1578 | 675 | 808 |
| 54 | 34 | 1575 | रैयती | धनहर | 0.02 | गोपाल राम, पिता–जगदीश राम | 1774 | 1771 | 675 | 810 |
| 55 | 19 | 929 | रैयती | धनहर | 0.0075 | नगेन्द्र सिंह, पिता–कृष्णा प्रसाद सिंह | 927 | 928 | 675 | 928 |
| 56 | 11 | 927 | रैयती | धनहर | 0.01 | रूपनारायण सिंह, शिवदेनी सिंह, | 924 | 929 | 675 | 926 |
| 57 | 09 | 924 | रैयती | धनहर | 0.01 | मानदीप सिंह, पिता–मटुकधारी सिंह | 923 | 927 | 675 | 925 |
| 58 | 19 | 923 | रैयती | धनहर | 0.025 | बिरजा सिंह, पिता–कैलाश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, पिता–भरत सिंह | 919 | 924 | 675 | 922 |
| 59 | 51 | 1573 | रैयती | धनहर | 0.0075 | मनोज सिंह, पिता–सरयु सिंह | 1572 | 916 | 675 | 914 |
| 60 | 31 | 1304 | रैयती | आवासीय | 0.01 | अंगद चन्द्रवंशी, पिता–रामबली चन्द्रवंशी,, दिलीप चन्द्रवंशी,, पिता–नारायण चन्द्रवंशी,, अजय चन्द्रवंशी, पिता–उमेश चन्द्रवंशी, | 675 | 1303 | 1305 | 675 |
| 61 | 11 | 1305 | रैतयी | – | 0.01 | विजनय चन्द्रवंशी,, पिता–विपत चन्द्रवंशी, | 1308 | 1304 | 1306 | 675 |
| 62 | 40 | 1308 | रैयती | परती | 0.01 | मुन्ना सिंह, पिता–रामप्रित सिंह | 1309 | 1305 | 1307 | 675 |
| 63 | 21 | 1309 | रैयती | परती | 0.01 | बबन सिंह, पिता–जगनारायण सिंह | 1311 | 1308 | 1310 | 675 |
| 63 | 34 | 1315 | रैयती | परती | 0.02 | संजीव सिंह वगैरह पिता–बबुरी सिंह | 1316 | 1011 | 1314 | 675 |
| 64 | 06 | 1316 | रैयती | आवासीय | 0.02 | अजय चन्द्रवंशी,, पिता–उमेश चन्द्रवंशी, | 1318 | 1315 | 1317 | 675 |
| 65 | 38 | 1319 | रैयती | धनहर | 0.05 | सरयु सिंह, पिता– रधुपत सिंह, | 1320 | 1316 | 1318 | 675 |
| 66 | 11 | 1320 | रैयती | धनहर | 0.025 | रूपनारायण सिंह, पिता–शिवदेनी सिंह, | 1322 | 1319 | 1321 | 675 |
| 67 | 37 | 1322 | रैयती | धनहर | 0.01 | मनदीप सिंह, पिता–मटुकधारी सिंह | 1324 | 1320 | 1325 | 675 |
| 68 | 37 | 1323 | रैयती | धनहर | 0.01 | सिंचाई विभाग बिहार सरकार | 1325 | 1322 | 1325 | 675 |
| 69 | 65 | 1324 | गै0 मालिक | आवासीय | 0.02 | गै0 मालिक | 1326 | 1323 | 1325 | 675 |
| 70 | 21 | 1326 | रैयती | धनहर | 0.03 | मनोज सिंह, पिता–सरयु सिंह, जितेन्द्र सिंह, पिता–रामपुकार सिंह | 1283 | 1324 | 1327 | 675 |
| 71 | 08 | 1283 | रैयती | धनहर | 0.02 | रधुनंदन पासवान, पिता–बुल्लु पासवान | 1279 | 1326 | 1282 | 675 |
| 72 | 65 | 1279 | गै0 मालिक | आवासीय | 0.01 | गैरमजरूआ मालिक | 1278 | 1283 | 1280 | 675 |
| 73 | 23 | 1278 | रैयती | धनहर | 0.02 | हरिहर सिंह, पिता–जगमोहन सिंह, विनेश सिंह, पिता–लखन सिंह | 1261 | 1279 | 1277 | 675 |
| 74 | 65 | 1261 | गैरमजरूआ मालिक | – | 0.05 | गैरमजरूआ मालिक | 1254 | 1278 | 1260 | 675 |
| 75 | 40 | 1254 | रैयती | धनहर | 0.01 | सरयु सिंह, पिता– रधुपत सिंह | 1253 | 1261 | 1255 | 675 |
| 76 | 36 | 1253 | रैयती | धनहर | 0.01 | बृजा सिंह, पिता–कैलाश सिंह, शैलेन्द्रकुमार सिंह, पिता– भरत सिंह | 1250 | 1254 | 1252 | 675 |
| 77 | 51 | 1250 | रैयती | धनहर | 0.04 | सरयु सिंह, पिता– रधुपत सिंह | 1248 | 1253 | 1251 | 675 |
| 78 | 65 | 1249 | गै0 मालिक | आवासीय | 0.015 | गैरमजरूआ मालिक | 1245 | 128 | 1247 | 675 |
| 79 | 51 | 1244 | रैयती | धनहर | 0.01 | प्रहलाद सिंह, पिता– यमुना सिंह | 1576 | 1245 | 1243 | 675 |
| 80 | 09 | 1576 | रैयती | धनहर | 0.015 | मुन्दराम सिंह, पिता–चन्द्रदीप सिंह | 935 | 1244 | 931 | 675 |
| 81 | 19 | 935 | रैयती | धनहर | 0.01 | नागेन्द्र सिंह, पिता–कृष्णा प्रसाद सिंह | 936 | 1556 | 934 | 675 |
| 82 | 07 | 936 | रैयती | धनहर | 0.01 | प्रेमती कुवंर, पति– स्व0 रामस्वरूप सिंह | 939 | 935 | 937 | 675 |
| 83 | 31 | 942 | रैयती | धनहर | 0.01 | उदय सिंह, पिता–नागे वर सिंह | 943 | 939 | 941 | 675 |
| 84 | 47 | 943 | रैयती | धनहर | 0.01 | नागेन्द्र सिंह, पिता–कृष्णा प्रसाद सिंह | 946 | 942 | 941 | 675 |
| 85 | 21 | 946 | रैयती | धनहर | 0.01 | मनोज सिंह, पिता–सरयु सिंह | 947 | 943 | 945 | 675 |
| 86 | 40 | 947 | रैयती | धनहर | 0.0125 | प्रहलाद सिंह, पिता– यमुना सिंह | 951 | 946 | 948 | 675 |
| 87 | 31 | 951 | रैयती | धनहर | 0.015 | उदय सिंह, पिता–नागे वर सिंह, प्रदीप सिंह, पिता–बृजा सिंह | 952 | 947 | 950 | 675 |
| 88 | 65 | 952 | गै0 मालिक | आवासीय | 0.01 | गै0 मालिक | 953 | 951 | 954 | 675 |
| 89 | 36 | 953 | रैयती | धनहर | 0.01 | जैन सिंह, पिता–अलखदेव सिंह, बृजा सिंह, पिता–कैलाश सिंह, प्रेमतीकुवंर, पति– स्व0 रामस्वरूप सिंह | 955 | 952 | 954 | 675 |
| 90 | 65 | 955 | गै0 मालिक | आवासीय | 0.02 | गै0 मालिक | 675 | 953 | 956 | 675 |
| 91 | 35 | 897 | रैयती | धनहर | 0.015 | प्रदीप सिंह, पिता–बृजा सिंह, उदय सिंह, पिता–नागे वर सिंह | 895 | 874 | 675 | 696 |
| 92 | 11 | 895 | रैयती | धनहर | 0.015 | विजय सिंह, पिता–रहीस सिंह | 893 | 897 | 675 | 894 |
| 93 | 49 | 893 | रैयती | धनहर | 0.015 | विजय सिंह, पिता–रहीस सिंह | 892 | 895 | 675 | 891 |
| 94 | 40 | 892 | रैयती | धनहर | 0.015 | लौकेश सिंह, पिता–तिले वर सिंह | 887 | 893 | 675 | 889 |
| 95 | 65 | 887 | गै0 मालिक | मकान | 0.01 | गै0 मालिक | 886 | 892 | 675 | 888 |
| 96 | 19 | 886 | रैयती | धनहर | 0.01 | शैलेन्द्र कुमार सिंह, पिता–भरत सिंह | 885 | 887 | 675 | 880 |
| 97 | 51 | 885 | रैयती | धनहर | 0.01 | सरयु सिंह, पिता– रधुपत सिंह | 884 | 886 | 675 | 881 |
| 98 | 65 | 884 | गै0 मालिक | आवासीय | 0.0075 | गै0 मालिक | 883 | 885 | 675 | 882 |
| | | | योग | | 1.0625 | | | | | |
| मौजा–गोठानी, थाना नं0– 656 | | | | | | | | | | |
| 99 | 58 | 83 | गै0 मालिक | आवासीय | 0.055 | गै0 मालिक | 75 | 151 | 88 | भदवा सिमाना |
| | | | योग | | 0.055 | | | | | |
| मौजा–बंचर खुर्द, थाना नं0– 651 | | | | | | | | | | |
| 100 | 62 | 421 | गै0 मालिक | धनहर | 0.02 | गै0 मालिक | 420 | 429 | 431 | 422 |
| 101 | 54 | 422 | रैयती | धनहर | 0.01 | गनौरी प्रजापति, पिता–पुनीत प्रजापति साकिन बंचर खूर्द | 420 | 428 | 421 | 426 |
| 102 | 56 | 426 | रैयती | धनहर | 0.015 | देवनंदन प्रजापति, पिता–स्व0 रामदास प्रजापति साकिन बंचर खूर्द | 420 | 427 | 422 | 423 |
| 103 | 42 | 423 | रैयती | धनहर | 0.02 | महावीर यादव वो सहवीर यादव, पिता–कौलेश्वर यादव सा0– बंचर खूर्द | 420 | 425 | 426 | 424 |
| 104 | 46 | 424 | रैयती | धनहर | 0.01 | कृष्णा सिंह, पिता–जानकी सिंह, साकिन बंचर खूर्द | 420 | 261 | 423 | 461 |
| 105 | 35 | 419 | बका त | धनहर | 0.065 | बकाश्त | 418 | 420 | 418 420 | 411 |
| 106 | 35 | 307 | बका त | आवासीय | 0.01 | बकाश्त | 309 | 420 | 310 | 306 |
| 107 | 42 | 306 | रैयती | आवासीय | 0.01 | राजबलम प्रजापति, पिता–कुलदीप प्रजापति, साकिन बंचर खूर्द | 308 | 420 | 307 | 305 |
| 108 | 56 | 305 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | जर्नादन प्रजापति, पिता–पुनीत प्रजापति, साकिन बंचर खुर्द | 303 | 420 | 306 | 304 |
| 109 | 39 | 304 | रैयती | आवासीय | 0.01 | गनौरी प्रजापति वो जर्नादन प्रजापति, पिता–पुनीत प्रजापति, बसंती कुवंर पति–राजाराम प्रजापत, बरती देवी, पति–गोपाल प्रजापति, साकिन बंचर खूर्द | 302 | 420 | 305 | 301 |
| 110 | 67 | 311 | गै0 आम | पईन | 0.005 | गै0 आम | 312 | 420 | 419 | 310 |
| 111 | 35 | 268 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.025 | बकाश्त | 420 | 266 | 267 | 239 |
| 112 | 67 | 239 | गै0 आम | पईन | 0.02 | गै0 आम | 420 | 240 | 268 | 238 |
| 113 | 35 | 238 | बका त मालिक | धनहर | 0.17 | बका त मालिक | 420 | 240 | 239 | 237 |
| 114 | 69 | 237 | डिस्ट्रीक बोर्ड | धनहर | 0.04 | डिस्ट्रीक बोर्ड | 420 | 266 | 238 | 266 |
| 115 | 67 | 95 | गै0 आम | परती कदीम | 0.02 | गै0 आम | 94 | 420 | 277 | 96 |
| 116 | 19 | 152 | रैयती | धनहर | 0.0875 | बिरेन्द्र सिंह, पिता–रामाश्रय सिंह, साकिन बंचर खूर्द | 151 | 420 | 153 | 197 |
| 117 | 17 | 192 | रैयती | धनहर | 0.13 | कृष्णा सिंह, पिता–जानकी सिंह, साकिन बंचर खूर्द | 420 | 193 | 190 | 420 |
| 118 | 26 | 153 | रैयती | धनहर | 0.03 | बिरेन्द्र सिंह, पिता–रामाश्रय सिंह, साकिन बंचर खूर्द | 154 | 420 | 155 | 151 |
| 119 | 34 | 191 | गै0 आम | आहर | 0.04 | गै0 आम | 190 | 235 | 190 | 190 |
| 120 | 35 | 99 | बका त मालिक | धनहर | 0.01 | बकाश्त मालिक | 76 | 420 | 97 | 100 |
| 121 | 60 | 100 | रैयती | धनहर | 0.01 | शिव शंकर प्रजापति, पिता–राधो प्रजापति साकिन बंचर खूर्द | 101 | 420 | 99 | 420 |
| 122 | 44 | 97 | रैयती | धनहर | 0.035 | अक्षेवर प्रजापति, पिता–राधो प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, बिनोद प्रजापति, पिता– जय गोबिन्द्र प्रजापति, साकिन बंचर खूर्द | 93 | 420 | 95 | 99 |
| | | | योग | | 0.80 | | | | | |
| मौजा–केराप, थाना नं0– 423 | | | | | | | | | | |
| 123 | 37 | 3627 | बका त ठिकेदार | धनहर | 0.075 | बकाश्त ठिकेदार | 3629 | 3633 | 3633 | 3615 |
| 124 | 37 | 3629 | बका त ठिकेदार | धनहर | 0.14 | बकाश्त ठिकेदार | 3628 | 3633 | 3633 | 3615 |
| 125 | 23 | 3630 | रैयती | धनहर | 0.025 | रामपुकार यादव, पिता–जगे Iर यादव, विरेन्द्र यादव, पिता– स्व0 रामविला I यादव | 3629 | 3631 | 3633 | 3615 |
| 126 | 343 | 3632 | बका त मालिक | परती | 0.025 | बका त मालिक | 3631 | 3633 | 3633 | 3633 |
| 127 | 200 | 1580 | रैयती | आवासीय | 0.025 | कृष्णा पासवान, पिता– स्व0 देवशरण पासवान, उपेन्द्र पासवान, पिता– स्व0 देवशरण पासवान, विरेन्द्र पासवान, पिता– स्व0 देव Iरण पासवान | 3633 | 1581 | 1579 | 3633 |
| 128 | 208 | 1603 | रैयती | आवासीय | 0.175 | लखनराम, पिता– स्व0 देवनराम, महेन्द्र राम, पिता–रामदास राम, संजय राम, पिता–सुबेदार राम, बिंदा राम, पिता–सहदेव राम, जानकी राम, पिता–जगदेव राम, कमता राम, पिता–शिवलाल राम, अर्जुन राम, पिता–शिव लाल राम, मनोज साव, हरिद्वारा सिंह, पिता–रामजन्म सिंह, पिता–उमर यादव | 1604 | 3633 | 3633 | 1377 |
| 129 | 203 | 1470 | रैयती | आवासीय | 0.05 | कमलेशराम, पिता–श्यामलाल राम, विजय राम, पिता–श्यामलाल राम, रनीया देवी, पति–मुनारिक राम, शारदा देवी, पति– स्व0 देवलाल राम | 1442 | 1471 | 1555 | 1442 |
| 130 | 214 | 1469 | गै0 मालिक वो ठिकेदार | धनहर | 0.025 | गै0 मालिक वो ठिकेदार | 1442 | 1468 | 1442 1468 | |
| 131 | 199 | 1468 | रैयती | धनहर | 0.015 | मोती राम, पिता–देवन राम, गिरजा राम, पिता–मोती राम, श्रवण यादव, पिता–देवलाल यादव, विजेन्द्र यादव, पिता–चन्द्रदेव यादव, अर्जुन यादव, पिता–देवलाल यादव | 1442 | 1467 | 1471 | 1463 |
| 132 | 181 | 1463 | रैयती | आवासीय | 0.01 | देव मोहन यादव, पिता–स्व0 जगन यादव | 1442 | 1464 | 1468 | 1442 |
| 133 | 203 | 1462 | रैयती | आवासीय | 0.01 | मनोज साव | 1442 | 1461 | 1463 | 1459 |
| 134 | 197 | 1459 | रैयती | धनहर | 0.01 | कबुतरी देवी, पति– स्व0 कृत यादव | 1442 | 1460 | 1442 | 1458 |
| 135 | 179 | 1458 | बका त | धनहर | 0.025 | बका त | 1442 | 1473 | 1458 | 1455 |
| 136 | 182 | 1457 | रैयती | धनहर | 0.025 | अज्ञात | 1442 | 1473 | 1458 | 1455 |
| 137 | 209 | 1455 | रैयती | धनहर | 0.01 | अज्ञात | 1442 | 1456 | 1457 | 1454 |
| 138 | 201 | 1451 | रैयती | धनहर | 0.01 | राजदेव यादव, पिता– स्व0 जगदेव यादव | 1442 | 1473 | 1452 | 1450 |
| 139 | 204 | 1452 | रैयती | धनहर | 0.025 | राजदेव यादव, पिता– स्व0 जगदेव यादव | 1442 | 1453 | 1454 | 1451 |
| 140 | 215 | 1449 | गै0 आम | पईन | 0.0025 | गै0 आम | 1442 | 1448 | 1450 | 1448 |
| 141 | 188 | 1448 | रैयती | धनहर | 0.02 | सुरेश यादव, पिता– स्व0 मंगर यादव, एकरम खॉ, चन्दर यादव, पिता– स्व0 मंगर यादव | 1442 | 1473 | 1449 | 1447 |
| 142 | 190 | 1447 | रैयती | धनहर | 0.01 | सुरेश यादव, पिता– स्व0 मंगर यादव | 1442 | 1473 | 1448 | 1456 |
| 143 | 181 | 1446 | रैयती | धनहर | 0.01 | योगेन्द्र यादव, पिता–रामधनी यादव | 1442 | 1473 | 1447 | 1445 |
| 144 | 188 | 1445 | रैयती | धनहर | 0.075 | श्रवण यादव, पिता–देवलाल यादव, सजनी देवी, लड्डू कुमार, उमेश यादव कियाखाप, मिथलेश पाल रफीगंज, रामपति यादव, पिता– स्व0 पॉचु यादव, रामलाल यादव, स्व0 पॉचु यादव सा0–खैरा | 1442 | 1473 | 1446 | 1444 |
| 145 | 199 | 1444 | रैयती | धनहर | 0.015 | रामबली यादव, पिता–देवलाल यादव | 1442 | 1473 | 1445 | 1443 |
| | | | योग | | 0.8125 | | | | | |
| मौजा–अब्दुलपुर, थाना नं0– 420 | | | | | | | | | | |
| 146 | 90 | 664 | रैयती | आवासीय | 0.005 | अज्ञात | 667 | 665 | 666 | 663 |
| 147 | 09 | 663 | रैयती | आवासीय | 0.005 | जितेन्द्र कुमार, मंतोष कुमार, नागेन्द्र कुमार, पिता–शिवनंदन पासवान, विकास कुमार, पिता–सुरेन्द्र कुमार, शिवनंदन पासवान, पिता– माधव पासवान | 667 | 639 | 664 | 662 |
| 148 | 19 | 662 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | विरेन्द्र सिंह वगैरह, पिता–रामाश्रय सिंह, अर्जुन दास, पिता–रामचन्द्र दास | 667 | 639 | 663 | 661 |
| 149 | 58 | 661 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | रामबली यादव, पिता– स्व0 मोती साव, जगदम्बा साव, पिता– कारू चौधरी | 667 | 639 | 662 | 660 |
| 150 | | 660 | रैयती | आवासीय | 0.005 | मंटु साव वगैरह, पिता–शिवसाव | 667 | 639 | 661 | 659 |
| 151 | 16 | 659 | रैयती | आवासीय | 0.005 | मोहन यादव वगैरह, पिता–मंगर यादव | 667 | 639 | 660 | 658 |
| 152 | 57 | 658 | रैयती | आवासीय | 0.0025 | मोहन यादव वगैरह, पिता–मंगर यादव | 667 | 639 | 659 | 657 |
| 153 | 04 | 657 | रैयती | आवासीय | 0.0025 | जगदीश साव | 667 | 639 | 658 | 656 |
| 154 | 60 | 656 | रैयती | आवासीय | 0.0025 | जगदीश साव | 667 | 639 | 658 | 656 |
| 155 | 50 | 655 | रैयती | आवासीय | 0.005 | अरविन्द कुमार, पिता–रामजी प्रसाद सिंह, सोनम देवी, पति–संतोष कुमार | 667 | 639 | 656 | 654 |
| 156 | 29 | 654 | रैयती | आवासीय | 0.005 | अरविन्द कुमार, पिता–रामजी प्रसाद सिंह, सोनम देवी, पति–संतोष कुमार | 667 | 639 | 655 | 653 |
| 157 | 48 | 653 | रैयती | आवासीय | 0.005 | अरविन्द कुमार, पिता–रामजी प्रसाद सिंह, सोनम देवी, पति–संतोष कुमार | 667 | 639 | 654 | 652 |
| 158 | 73 | 652 | रैयती | आवासीय | 0.0030 | अनुपमा कुमारी, पति–रविन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार वगैरह, पिता–कन्हैया शर्मा | 667 | 650 | 653 | 651 |
| 159 | 38 | 651 | रैयती | आवासीय | 0.0025 | अनुपमा कुमारी, पति–रविन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार वगैरह, पिता–कन्हैया शर्मा | 667 | 650 | 652 | 646 |
| 160 | 12 | 646 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | राजेश प्रसाद, पिता– स्व0 गोविंद साव, विनेश कुमार सत्यवादी, सत्यनारायण साव, संजय कुमार ,पिता–गोविन्द साव | 667 | 649 | 651 | 645 |
| 161 | 12 | 645 | रैयती | आवासीय | 0.015 | प्रियंका कुमारी, पति–विकास कुमार, भिखर यादव, पिता–स्व0 राजु यादव | 667 | 639 | 646 | 644 |
| 162 | 43 | 644 | रैयती | आवासीय | 0.015 | धीरज कुमार, कमलेश विश्वकर्मा, प्रकाश कुमार, आशा देवी, पति–सत्येन्द्र प्रजापति, पिता–बिन्देश्वर प्रजापति | 667 | 639 | 645 | 643 |
| 163 | 92 | 567 | रैयती | आवासीय | 0.025 | उपेन्द्र सिंह, पिता–राजेन्द्र सिंह, कुमुद सिंह, पिता–रामरक्ष्या सिंह, केदार सिंह, पिता–रामबरन सिंह, जगदेव यादव, पिता– स्व0 भुई यादव, फुल कुवंर, पति–स्व0 मुखा सिंह | 551 | 667 | 561 | 568 |
| 164 | 92 | 568 | रैयती | आवासीय | 0.0125 | फुल कुवंर, पति–मुख्य सिंह | 548 | 667 | 567 | 569 |
| 165 | 58 | 569 | रैयती | आवासीय | 0.005 | मोहन यादव वगैरह, पिता–मंगर यादव | 548 | 667 | 568 | 570 |
| 166 | 76 | 570 | गै0 मालिक | आवासीय | 0.0025 | गै0 मालिक | 548 | 667 | 568 | 571 |
| 167 | 17 | 571 | रैयती | आवासीय | 0.005 | मोहन यादव वगैरह, पिता–मंगर यादव | 570 | 667 | 567 | 572 |
| 168 | 16 | 572 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | मोहन यादव वगैरह, पिता–मंगर यादव | 570 | 667 | 571 | 573 |
| 169 | 5 | 573 | रैयती | आवासीय | 0.0028 | मोहन यादव वगैरह, पिता–मंगर यादव | 74 | 667 | 572 | 575 |
| 170 | 60 | 575 | रैयती | आवासीय | 0.05 | रामे वर यादव, पिता– स्व0 घमड़ी यादव, चन्द्रदीप सिंह, पिता– स्व0 के वर सिंह | 579 | 667 | 573 | 576 |
| 171 | 50 | 576 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | अज्ञात | 579 | 667 | 575 | 577 |
| 172 | 29 | 577 | रैयती | आवासीय | 0.0025 | चूड़ामन यादव | 579 | 667 | 576 | 578 |
| 173 | 48 | 578 | रैयती | आवासीय | 0.0025 | सुजाता देवी, पति–अजीत चौरसिया | 579 | 667 | 577 | 587 |
| 174 | 72 | 588 | रैयती | आवासीय | 0.0025 | सुनीता देवी, पति–भूपेन्द्र कुमार सिंह | 586 | 667 | 587 | 589 |
| 175 | | 587 | रैयती | आवासीय | 0.0025 | चन्द्रमणी देवी, पति–रामप्रवेश पासवान | 586 | 667 | 578 | 588 |
| 176 | 57 | 589 | रैयती | आवासीय | 0.005 | साधु शरण गुप्ता, रिंकी गुप्ता, पति–अजय कुमार, चंदन कुमार, पिता–भोला प्रसाद | 585 | 667 | 588 | 590 |
| 177 | 51 | 590 | रैयती | आवासीय | 0.005 | सुरेन्द्रपासवान | 591 | 667 | 589 | 596 |
| 178 | 72 | 596 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | गुप्ता प्रसाद, पिता– स्व0 चमारी साव, वि वनाथ साव, पिता– स्व0 कारू साव, अजय साव, पिता–दशरथ साव | 591 | 667 | 590 | 597 |
| 179 | 54 | 597 | रैयती | आवासीय | 0.0075 | कारू यादव वगैरह, पिता–स्व0 किशुन यादव | 599 | 667 | 596 | 598 |
| 180 | 09 | 598 | रैयती | आवासीय | 0.005 | मोहन प्रसाद गुप्ता वगैरह, पिता–जगदीश साव | 599 | 667 | 597 | 601 |
| 181 | 03 | 601 | बका त मालिक | आवासीय | 0.0125 | ब्काश्त मालिक | 600 | 667 | 598 | 602 |
| 182 | 69 | 602 | रैयती | आवासीय | 0.0025 | रघुनाथ कुमार, अजय कुमार, विजय कुमार, संजय कुमार, पिता–जगदीश साव | 603 | 667 | 601 | 639 |
| | | | योग | | 0.2283 | | | | | |
| मौजा–फेसरा, थाना नं0– 422 | | | | | | | | | | |
| 183 | 37 | 496 | रैयती | धनहर | 0.075 | रामस्वरूप सिंह, बृजमोहन सिंह, पिता–नरसिंह सिंह, | 495 | 47 | 494 | 497 |
| 184 | 49 | 497 | रैयती | धनहर | 0.015 | अज्ञात | 498 | 47 | 501 | 500 |
| 185 | 51 | 500 | रैयती | धनहर | 0.01 | अजय सिंह, रेणुकुवंर, शकुंतला देवी, | 499 | 47 | 597 | 501 |
| 186 | 42 | 501 | रैयती | धनहर | 0.01 | हरि विशुण यादव वगैरह, पिता– स्व0 मुंशी यादव | 502 | 47 | 500 | 505 |
| 187 | 45 | 505 | रैयती | धनहर | 0.0175 | हरि विशुण यादव वगैरह, पिता– स्व0 मुंशी यादव | 504 | 47 | 501 | 506 |
| 188 | 39 | 506 | रैयती | धनहर | 0.01 | सुरज कुमार वगैरह, पिता–स्व0 सुखदेव यादव | 507 | 47 | 505 | 508 |
| 189 | 49 | 517 | रैयती | धनहर | 0.095 | नरेन्द्र सिंह, बिरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पिता– स्व0 कुलदीप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, बलिराम सिंह, पिता– स्व0 सुरत सिंह, बिमला देवी, पति–उपेन्द्र सिंह, मंजु देवी, पति–जितेन्द्र सिंह, दिपक कुमार सिंह, राजे I कुमार सिंह, पिता– यदुवीर सिंह, ललन सिंह वगैरह पिता–स्व0 रामस्वरूप सिंह | 516 | 47 | 508 | 510 |

P.T.O.

# 24 नवंबर को जिला स्तरीय यूनिटी मार्च

## पदयात्रा का आयोजन अस्पताल मोड़ से गांधी मैदान के बीच किया जायेगा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला स्तरीय यूनिटी मार्च पदयात्रा 2025 के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, जहानाबाद अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार प्रभारी पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सह सहायक निदेशक, जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग श्रीमती पूनम कुमारी के नेतृत्व मे बैठक आयोजित की गयी। बैठक में इससे संबंधित कई निर्णय सर्वसम्मति से लिये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय यूनिटी मार्च पदयात्रा 2025 दिनांक-24.11.2025 को समय 10:00 बजे पूर्वाहन हॉस्पीटल मोड़ से गांधी मैदान, जहानाबाद तक आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय यूनिटी मार्च पदयात्रा 2025 के आयोजन हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जहानाबाद को नोडल एवं सहायक निदेशक, जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग सह प्रभारी गोपनीय शाखा को नामित किया गया। जिला स्तरीय यूनिटी मार्च पदयात्रा मार्ग हॉस्पीटल मोड़ से गाँधी मैदान, जहानाबाद तक की साफ-सफाई नगर परिषद के द्वारा किया जाएगा। पदयात्रा मार्ग पर सुचारू यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस उपाधीक्षक यातायात को निदेशित किया गया कि पदयात्रा के दौरान प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस तैनाती किया जाएगा। जिला स्तरीय यूनिटी मार्च पदयात्रा में जिला के जनप्रतिनिधि सांसद एवं विधायक तथा अन्य गणमान्य अतिथियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रभारी पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, जहानाबाद को आमंत्रित करने के लिए निदेशित किया गया। पदयात्रा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के टीम की प्रतिनियुक्ति हॉस्पीटल मोड़ से गांधी मैदान, जहानाबाद तक साथ ही चिकित्सा कर्मी के साथ एंबुलेंस इसकी तैयारी सिविल सर्जन सह चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की सूचना प्रसारण एवं कार्यक्रम आयोजन के दिन मीडिया कर्मियों को सूचना एवं मीडिया कवरेज के लिए जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी को निदेशित किया गया।

## जनसुविधाओं से संबंधित मामलों का डीएम ने किया निवारण

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो ।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता मे उनके कार्यालय प्रकोष्ठ मे तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमे सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से जनसुविधाओं से संबंधित थे। जिन मामलों का निवारण तत्काल संभव था, उन्हें वहीं उपस्थित संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित कर समाधान हेतु कार्रवाई की गई। जबकि जिन मामलों की सुनवाई जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अधीन है, उन्हें विधि अनुसार लोक शिकायत निवारण कार्यालय को भेजा गया। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं प्राथमिकता के आधार पर निवारण सुनिश्चित किया जाएगा।

# टीबी मरीजों के बीच निक्षय मित्रों ने किया फूड बास्केट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में सिविल सर्जन जहानाबाद की उपस्थिति में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जी.एन.एम. प्रशिक्षण संस्थान जहानाबाद के परिसर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पदाधिकारी के सौजन्य से दो, डॉ मीना कुमारी के सौजन्य से पांच,बालाजी अल्ट्रासाउंड जहानाबाद के सौजन्य से 10 टीबी मरीजों , अल्ट्रासाउंड एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन, जहानाबाद के सौजन्य से 50 टीबी मरीजों यानी जिले के कुल 65 टीबी मरीजों का सुबह 10:00 बजे उक्त निक्षय मित्रों द्वारा फूड बास्केट का वितरण किया गया।इस मौके पे



कार्यकारी सिविल सर्जन,जिला संचारी रोग पदाधिकारी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, अल्ट्रासाउंड एवं जाँच एसोसिएशन के सदस्य, एनटीईपी कर्मी एवं अन्य सदस्य भी शामिल हुए। जैसा कि ज्ञात हो क्षय रोग के खिलाफ देश की लड़ाई में तेज़ी लाने और वर्ष 2025 तक रोग को खत्म करने के प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया।प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत भारत के राष्ट्रपति द्वारा 9 सितंबर, 2022 को की गई थी। 21नवंबर के दिन ही इस कार्यक्रम का उदघाटन किया गया था। इसका उद्देश्य टीबी रोगियों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करना है ताकि उपचार के परिणामों में सुधार हो, सामुदायिक भागीदारी बढ़े और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों का लाभ उठाया जा सके।

## कार से 389 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर टोल प्लाजा के समीप एक कार से 389 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ ही इस दौरान वाहन चालक को गिरफ्तार करते हुए उनके द्वारा प्रयुक्त क्रेटा कार को जप्त किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सफेद रंग की क्रेटा कार से शराब का तस्करी किया जा रहा है। जो गयाजी से पटना की ओर शराब का खेप लेकर जा रहा है। खबर मिलने पर पुलिस ने टोल प्लाजा के समीप नाकाबंदी कर सफेद रंग



की क्रेटा कार को रूकवाकर तलाशी लिया तो उसमें से 389 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। इस मामले में कार चालक पटना जिले के खगोल निवासी मोहम्मद इस्तियाक को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

## डूबने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के कचनामा गांव के समीप नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कचनामा गांव निवासी 45 वर्षीय भूषण बिंद के रूप में की गई है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि कचनामा गांव निवासी भूषण बिंद शुक्रवार की शाम गांव के समीप नदी किनारे किसी काम से गया था, जिसमें नदी में डूबकर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया, जिसे पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं शव निकलते ही नदी किनारे मृतक के घर वाले चीत्कार मारकर रोने लगे, जिससे वहां का माहौल गमगीन हो गया।

# नवजात शिशु देखभाल सप्ताह पर ग्राम चौपाल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के काको प्रखंड अंतर्गत बरावां पंचायत में हाल ही में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह के अवसर पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सिमरन राज ने की। कार्यक्रम में पिरामल डेवलपमेंट पार्टनर की सहयोगी काजल सुथार मुख्य सहयोगी के रूप में उपस्थित रही। चौपाल में नवजात शिशुओं की देखभाल से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि जन्म के बाद पहले सात दिनों तक नवजात को नहीं नहलाना चाहिए, नाल पर किसी भी प्रकार का पदार्थ नहीं लगाना चाहिए, और शिशु को सर्दी से बचाने के लिए कंगारू मदर केयर (के.एम.सी.) का उपयोग बेहद लाभदायक है। साथ ही यह भी बताया गया कि जन्म के पहले एक घंटे के भीतर बच्चे को माँ का दूध अवश्य पिलाना चाहिए, क्योंकि यह बच्चे की प्रतिरोधक क्षमता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इसके बाद 6 महीने तक शिशु को केवल मां का दूध ही देना चाहिए, इसमें पानी, शहद या कोई अन्य भोजन नहीं देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को नवजात की सही देखभाल, साफ-सफाई और तापमान बनाए रखने के सरल उपाय भी समझाए गए। चौपाल में ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों से अपने प्रश्न पूछकर समाधान

## चोरो ने नकदी सहित उड़ाए गहने

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थानाक्षेत्र के डिण्डीर गांव टोले विसुनपुरा गांव एक घर में तीस हजार नकद सहित पायल, बिछिया व कीमती कपड़े चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने घटना का अंजाम उस समय दिया जब घर के मंजु कुवंर के पोती दरवाजा बंद कर ट्यूशन पढ़ने चली गई थी। घटना गुरूवार कि बताई जा रही है। बताया जाता है कि मंजु कुवंर शादी में महावल विगहा गई थी। मंजु कुवंर ने हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को चोरी कि घटना का लिखित आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि बबिता कुमारी पढ़कर घर आई तो देखा कि दरवाजा खुला हुआ है और गई घर में बक्सा का ताला टुटा है।उसमें रखा 30 हजार पैसा और पायल, बिछिया समेत अन्य सामान गायब है। बबीता कुमारी घर के पीछे गई तो देखा गांव के ही गुलसन कुमार खड़ा है। शोर मचाने पर वह पकड़ा गया जिसे ग्रामीणों ने दो - चार थप्पड़ मार कर छोड़ दिया। मंजु कुवंर ने चोरी की बात गुलशन पर लगा रही है।

## उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र को मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हसपुरा (औरंगाबाद)। नीतीश कुमार के नेतृत्व एनडीए गठबंधन में कल पटना के गांधी मैदान में बिहार के 10वीं बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया और अपने मंत्रिमंडल में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश कुशवाहा को भी मंत्री पद के लिए शपथ ग्रहण किया।और कुर्था विधानसभा क्षेत्र से पप्पू वर्मा को विधायक निर्वाचित होने की खुशी में राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रखंड हसपुरा के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा अपने आवास ग्राम अहियापुर में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनने पर बधाई दिया। मौके पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष हसपुरा श्रीकांत कुमार वर्मा अजय प्रसाद, अरविंद कुमार, देव प्रसाद, जितेंद्र कुशवाहा, सूरज मेहता, पिंटू कुमार, बिंदेश्वरी प्रसाद, नाथून सिंह, मणिकांत कुमार इत्यादि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धरनास्थल पर बिगड़ी 74 वर्षीय किसान की तबीयत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय में कई महीनों से धरना दे रहे 74 वर्षीय वरिष्ठ किसान भोला नाथ वर्मा की शुक्रवार को अचानक तबियत बिगड़ गई। ठंड लगने के कारण उनकी स्थिति नाजुक होते ही साथी धरनार्थियों ने तत्काल चिकित्सकीय सहायता की व्यवस्था की। सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. सुबोध कुमार मौके पर पहुंचे और उनका उपचार किया। डॉक्टर द्वारा आवश्यक दवाएं व प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद उनकी तबियत में सुधार आया। उपचार उपरांत किसान भोला नाथ वर्मा पुनः धरना स्थल पर लौट गए, जहां धरने पर बैठे अन्य साथियों ने उनका विशेष ध्यान रखा और सहयोग




किया। इस दौरान किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य लड्डु खान, सिद्धि यादव, सत्येंद्र यादव, मंतोष कुमार, डॉ. तुलसी यादव, पुकार सिंह, योगेंद्र प्रसाद और विकास कुमार ने वरिष्ठ किसान के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके स्वास्थ्य की चिंता जताई। धरनास्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि आंदोलन के दौरान वरिष्ठ किसान का हौसला और समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

## स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने रात के अंधेरे में कई बकरियां उड़ाईं, गांव में मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने 10 बकरियां चोरी कर फरार हो गए। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र शिवनाथ बिगहा का है। शुक्रवार की मध्य रात में स्कार्पियो सवार बदमाशों ने दो घरों से बकरियां चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि इस घटना की भनक लगते ही ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन असफल रहे। ग्रामीणों के मुताबिक स्कार्पियो से आए बदमाशों ने स्कॉर्पियो को प्राथमिक विद्यालय के समीप खड़ा कर शिवनाथ विगहा निवासी स्व. तपेश्वर ठाकुर के पुत्र कारु ठाकुर के घर के दरवाजे की कुंडी तोड़ अंदर घुसे और सात बकरियां को उठा लिया। इसके अलावा पास के ही घर से भी बकरियों को उठा लिया तथा सभी बकरियों को स्कॉर्पियो में लाद लिया। इसी क्रम में कारू ठाकुर घर से बाहर निकला तो देखा की बकरियां घर में नहीं है। आसपास देख तो नहीं मिली, लेकिन स्कूल के समीप एक स्कार्पियो खड़ा देख आगे बढ़ा तभी बदमाश स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गए।

# गुप्त सूचना पर शराब के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए थानांतर्गत ग्राम–कजपा के समीप एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल से 23.4 लीटर अंग्रेज़ी शराब तथा 5,420 नकद बरामद किया। मौके से पौथू थाना क्षेत्र के बेगवा निवासी, स्व. मोतीलाल यादव के पुत्र विरेन्द्र यादव को पकड़ा गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलते ही रफीगंज थाना टीम को तत्परता से कार्रवाई के लिए भेजा गया। शराब तस्करी पर रोक लगाने हेतु लगातार अभियान



चलाया जा रहा है और किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 190 | 49 | 522 | रैयती | धनहर | 0.03 | नरेन्द्र सिंह, बिरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पिता– स्व0 कुलदीप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, बलिराम सिंह, पिता– स्व0 सुरत सिंह, बिमला देवी, पति–उपेन्द्र सिंह, मंजु देवी, पति–जितेन्द्र सिंह, दिपक कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, पिता– यदुवीर सिंह, ललन सिंह वगैरह पिता– स्व0 रामस्वरूप सिंह | 521 | 47 | 518 | 523 |
| 191 | 71 | 518 | रैयती | धनहर | 0.0165 | दिलीप कुमार सिंह, पिता– स्व0 रविन्द्र सिंह | 519 | 47 | 517 | 522 |
| 192 | | 523 | रैयती | धनहर | 0.0315 | मंजु देवी, पति– स्व0 जितेन्द्र सिंह, राजेश कुमार सिंह, दिपक कुमार सिंह, पिता– स्व0 यदुवीर सिंह, चन्द्रकांति देवी, पति– स्व0 राम नगीना सिंह | 524 | 47 | 522 | 527 |
| 193 | 37 | 527 | रैयती | धनहर | 0.04 | अज्ञात | 526 | 47 | 523 | 528 |
| 194 | 51 | 528 | रैयती | धनहर | 0.02 | रेणु कुवंर, शकुंतला कुवंर, विक्रम सिंह वगैरह | 531 | 47 | 523 | 529 |
| 195 | 45 | 529 | रैयती | धनहर | 0.075 | अज्ञात | 530 | 47 | 528 | 534 |
| 196 | 42 | 534 | रैयती | धनहर | 0.02 | लखन यादव, पिता– स्व0 चन्द्रदेव यादव | 533 | 47 | 529 | 535 |
| 197 | 44 | 535 | रैयती | धनहर | 0.0175 | ब्रहमदेव यादव, पिता– स्व0 चन्द्रदेव यादव | 536 | 47 | 534 | 538 |
| 198 | 39 | 538 | रैयती | धनहर | 0.02 | स्वीटी सिंह, पति–राजीव सिंह, गिरजा यादव, पिता–भीखर यादव, सुरज कुमार, पिता– स्व0 सुखदेव यादव, विशुनदेव यादव, पिता–करमू यादव | 537 | 47 | 535 | 539 |
| 199 | 44 | 539 | रैयती | धनहर | 0.01 | सूर्यदेव सिंह, पिता–लक्ष्मी सिंह | 540 | 47 | 538 | 542 |
| 200 | 42 | 542 | रैयती | धनहर | 0.01 | रामप्रवेश सिंह, पिता– स्व0 रामपुकार सिंह | 541 | 47 | 539 | 543 |
| 201 | 45 | 543 | रैयती | धनहर | 0.01 | अज्ञात | 544 | 47 | 542 | 546 |
| 202 | 40 | 546 | रैयती | धनहर | 0.0175 | अनुज कुमार सिंह, सनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, पिता–अम्बिका सिंह | 545 | 47 | 543 | 547 |
| 203 | 37 | 547 | रैयती | धनहर | 0.025 | सत्येन्द्र सिंह, बलिराम सिंह, पिता–सूरत सिंह, बिमला देवी, पति–उपेन्द्र सिंह | 548 | 47 | 546 | 550 |
| 204 | 49 | 550 | रैयती | धनहर | 0.025 | मंजु देवी, पति–जितेन्द्र सिंह, विमला देवी, पति–उपेन्द्र सिंह, राजेश कुमार सिंह, दिपक कुमार सिंह, पिता– यदुवीर सिंह | 549 | 47 | 547 | 282 |
| 205 | 60 | 281 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.05 | बकाश्त मालिक | 283 | 47 | 282 | 279 |
| 206 | 60 | 279 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.02 | बकाश्त मालिक | 280 | 47 | 281 | 278 |
| 207 | 60 | 278 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.025 | बकाश्त मालिक | 275 | 47 | 279 | 277 |
| 208 | 60 | 276 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.02 | बकाश्त मालिक | 275 | 47 | 277 | 274 |
| 209 | 60 | 272 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.015 | बकाश्त मालिक | 273 | 47 | 274 | 271 |
| 210 | 60 | 271 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.015 | बकाश्त मालिक | 270 | 47 | 272 | 30 |
| 211 | 60 | 268 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.03 | बकाश्त मालिक | 269 | 47 | 271 | 30 |
| 212 | 34 | 30 | रैयती | धनहर | 0.03 | ब्यासदेव सिंह, पिता–हलधर सिंह, अलखदेव सिंह, पिता–विशेश्वर सिंह, सुभाष देव सिंह, पिता–कामे वर सिंह, कपिल देव सिंह, पिता–नाथून सिंह | 29 | 47 | 268 | 27 |
| 213 | 36 | 27 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.04 | बकाश्त मालिक | 22 | 47 | 30 | 26 |
| 214 | 33 | 26 | रैयती | धनहर | 0.095 | अ ोक सिंह, पिता– शिव नंदन सिंह, ललन प्रसाद सिंह, पिता– स्व0 रामस्वरूप सिंह, अरविंद कुमार सिंह, पिता– स्व0 रामलखन सिंह, अखिलेश सिंह वगैरह पिता–रामकुमार सिंह | 25 | 47 | 27 | 14 |
| 215 | 36 | 23 | बका त मालिक | धनहर | 0.04 | बकाश्त मालिक | 22 | 47 | 14 | 40 |
| 216 | 34 | 40 | रैयती | धनहर | 0.035 | अनुज कुमार सिंह, पिता–अम्बिका प्रसाद सिंह | 21 | 47 | 23 | 41 |
| 217 | 33 | 41 | रैयती | धनहर | 0.095 | राम एकबाल सिंह, पिता– स्व0 रामलखन सिंह, विरेन्द्र सिंह वगैरह, पिता–अवध सिंह, अखिलेश सिंह वगैरह पिता– स्व0 रामकुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह वगैरह पिता–अम्बिका प्रसाद सिंह, नीति कुमारी, बरियार, पति–अजीत कुमार सिन्हा | 20 | 47 | 40 | 42 |
| 218 | 36 | 46 | बका त मालिक | धनहर | 0.10 | बकाश्त मालिक | 45 | 47 | 42 | 647 |
| योग | | | | | 1.2105 | | | | | |
| मौजा–माड़ीपुर, थाना नं0– 421 | | | | | | | | | | |
| 219 | 64 | 426 | रैयती | धनहर | 0.035 | हिरालाल, पिता–भगवान प्रसाद | 16 | 54 | 425 | 10 |
| 220 | 64 | 425 | रैयती | धनहर | 0.0525 | अविनाश कुमार, पिता– स्व0 क्रांति कुमार, अर्जुन लाल वगैरह पिता–महेश प्रसाद | 16 | 54 | 18 | 426 |
| 221 | 64 | 53 | रैयती | धनहर | 0.03 | अज्ञात | 19 | 54 | 51 | 19 |
| 222 | 64 | 52 | रैयती | धनहर | 0.015 | भगवान प्रसाद वगैरह, पिता–शिव भारण लाल | 25 | 54 | 51 | 19 |
| 223 | 64 | 51 | रैयती | धनहर | 0.0125 | अज्ञात | 27 | 54 | 50 | 52 |
| 224 | 64 | 50 | रैयती | धनहर | 0.07 | मनोज कुमार, पिता–राजेन्द्र साव | 49 | 54 | 48 | 51 |
| 225 | 05 | 48 | रैयती | धनहर | 0.02 | दिलीप कुमार, पिता–प्रहलाद प्रसाद | 47 | 54 | 264 | 50 |
| योग | | | | | 0.2350 | | | | | |
| मौजा–बिजोई, थाना नं0– 637 | | | | | | | | | | |
| 226 | 91 | 1227 | रैयती | धनहर | 0.01 | आनंद सिंह वगैरह पिता–स्व0 रामप्रसाद सिंह, सा0–देह | 721 | 1226 | 1228 | 726 |
| 227 | 95 | 1228 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.01 | बकाश्त मालिक | 722 | 1226 | 1229 | 1227 |
| 228 | 47 | 770 | बकाश्त मालिक | भीठ | 0.07 | बकाश्त मालिक | 769, 1234 | 771 | 1234 | 755 |
| 229 | 89 | 1229 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.05 | बकाश्त मालिक | 723 | 1226 | 1230 | 1228 |
| 230 | 40 | 1230 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.04 | बकाश्त मालिक | 751 | 771 | 1231 752 | 1229 |
| 231 | 45 | 1231 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.01 | बकाश्त मालिक | 750 | 1252 | 1253 | 1230 |
| 232 | 47 | 752 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.03 | बकाश्त मालिक | 1231 | 771 | 752 | 1230 |
| 233 | 31 | 753 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.05 | बकाश्त मालिक | 750 | 771 | 754 | 752 |
| 234 | 31 | 1234 | बकाश्त मालिक | भीठ | 0.06 | बकाश्त मालिक | 769 एवं 1235 | 771 | 768 | 770 |
| 235 | 31 | 1235 | बकाश्त मालिक | भीठ | 0.12 | बकाश्त मालिक | 767 | 768 | 1236 | 1234 |
| 236 | 54 | 1236 | गैरमजरूआ मालिक | – | 0.02 | गैरमजरूआ मालिक | 1235 | 771 | 1235 | 1235 |
| 237 | 47 | 768 | बकाश्त मालिक | – | 0.04 | बकाश्त मालिक | 1235 | 771 | 771 | 1234 |
| 238 | 33 | 781 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.04 | बकाश्त मालिक | 779 | 780 एवं 786 | 782 | 1232 |
| 239 | 54 | 776 | गैरमजरूआ मालिक | परती कदीम | 0.09 | गैरमजरूआ मालिक | 771 | 775 | 1232 | 771 |
| योग | | | | | 0.64 | | | | | |
| कुल योग | | | | | 5.6848 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन में उचित प्रतिकर एवं परदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम स० 30/2013) की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित के लिए की गई है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। बिहार सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिश्ट कार्यों के समुचित नि पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविश्टि करने, किसी भूमि के किसी भूमि के किसी स्तर को अधिकार में लेने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने के लिए, सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

इस अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दि ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लगंम उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रका न की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**समाहर्ता, औरंगाबाद**

PR- 017767 ( Revenue ) 2025-26

**उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

# जिले में चल रही योजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं का डीएम तुषार सिंगला ने शुक्रवार को स्थल निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों और कार्य एजेंसियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत बाजार समिति स्थित प्रशासनिक भवन से की गई। जहां उन्होंने निर्माणाधीन भवन में चल रहे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अभियंताओं एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बाजार समिति क्षेत्र में विकसित होने वाला यह भवन प्रशासनिक कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः सभी एजेंसियाँ समन्वय बनाते हुए कार्यों में गति लाएँ। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी ने डीपीआरसी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की समग्र निर्माण प्रगति, प्रशिक्षण हलों की संरचना, विद्युत एवं स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी तंत्र तथा भवन परिसर की साफ-सफाई की विस्तृत समीक्षा की। श्री सिंगला ने डीपीआरसी भवन को दिसंबर माह में प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला पंचायत राज पदाधिकारी को प्राथमिकता के आधार कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके बाद जिला पदाधिकारी ने आर्ट गैलरी का निरीक्षण किया, जहाँ निर्माणाधीन कमरों, मीटिंग हॉल तथा आंतरिक संरचनात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गैलरी परिसर में वाहनों के पार्किंग प्रबंधन की भी जांच की और निर्देश दिया कि पार्किंग क्षेत्र को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाए, ताकि भविष्य में यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी श्री सिंगला ने श्रीकृष्ण इंडोर स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्यों का भी स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की संरचना, फर्श निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, खेल कक्षों तथा सुरक्षा से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। अतः जीर्णोद्धार कार्य ससमय और मानक गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाए। स्टेडियम के समीप जीर्णोद्धार किए जा रहे अतिथि गृह का भी निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, कमरों की संरचना, विद्युत व्यवस्था तथा फिनिशिंग कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परियोजना की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए, समस्याएं उत्पन्न होने पर तत्क्षण समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा शहर में निर्माणधीन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएचएआई के पदाधिकारियों को पुल निर्माण को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था की भी समीक्षा की, साथ ही समय पर पुल निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। अंत में जिला पदाधिकारी ने विकास भवन में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन के इस निरीक्षण का उद्देश्य जिले में चल रही विकास योजनाओं को गति प्रदान करना, कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा प्रशासनिक उत्तरदायित्व को और अधिक प्रभावी बनाना है। निरीक्षण में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कला संस्ति पदाधिकारी, डीपीएम हेल्थ, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बाल विवाह के खिलाफ बच्चे व शिक्षक लेंगे संकल्प

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी स्कूलों में 27 नवंबर को चेतना सत्र में 'बाल विवाह मुक्त भारत' बनाने के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा कराई जाएगी। विद्यार्थी और शिक्षक बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने का सामूहिक संकल्प लेंगे। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 27 नवंबर को बाल विवाह के खिलाफ जनजागरूकता के लिए प्रतिज्ञा दिवस के रूप में मनाना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता फैलाना और कानून की जानकारी देना है।

### चार लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में इन दिनों बिजली विभाग चोरों पर नकेल कसने की पूरी तैयारी के साथ ही छापेमारी की शुरूआत बुधवार से कर दी है। जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के कनीय अभियंता पंकज कुमार शर्मा ने बताया है कि 19 नवंबर को थाना क्षेत्र के करीम टोल वार्ड संख्या 7 निवासी योगेंद्र पासवान के पुत्र गोविंद कुमार एवं कमलेश्वर पासवान के पुत्र जवाहर कुमार पासवान, तिथिर पासवान के पुत्र लखन पासवान, के साथ पिंकी देवी पति रंजय कुमार के घर पर छापेमारी के क्रम में विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया जिससे चारो व्यक्ति के मिलाकर कंपनी को कुल 77378 रुपए की नुकसान हुई है। वहीं इसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध हथियार की तस्करी मामले में दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** जिला के बलिया थाना की पुलिस को एसटीएफ के सहयोग से छापेमारी के दौरान भारी सफलता हाथ लगी। अबैध हथियार तश्करी के आरोप में दो तश्कर पुलिस के द्वारा खदेड़ कर दबोचे गए।वही दबोचे गए तश्कर के पास से तीन देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस, एक मिस फायर, एक मोवाइल, एक चिलम बरामद हुआ। गिरफ्तार दोनो युवा तश्करों की पहचान बलिया थाना क्षेत्र के राहतपुर गांव वार्ड एक निवासी निवासी कौशल कुमार सिंह का पुत्र मुन्ना कुमार सिंह एवं रामानन्द सिंह के पुत्र शिवम कुमार बताया गया। बलिया थानाध्यक्ष पु.नि. विकास कुमार राय एवं सशस्त्र पुलिस बल एवम एसटीएफ के पदाधिकारी एवम बल के सहयोग से छापेमारी की गयी। गिरफ्तार दोनो तश्करों से आइपीएस बलिया डीएसपी साक्षी कुमारी ने भी पूछताछ किया। साथ ही स्थल का जायजा लिया। उक्त संबंध में बेगूसराय जिला पुलिस कार्यालय से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि बलिया थाना पुलिस टीम एवम एसटीएफ के द्वारा राहतपुर गांव से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से तीन देशी कट्टा एवम पांच जिंदा कारतूस, एक मिस फायर, एक मोवाइल एवम एक चिलम जब्त किया गया। जिसमें बताया गया कि बलिया थाना को विगत बुधवार को गुप्त सूचना मिली थी कि राहतपुर में मुन्ना कुमार सिंह एवम शिवम कुमार के द्वारा अबैध हथियार खरीद बिक्री करने वाला है जिस पर त्वरित करवाई करने पर पकड़ा जा सकता है। प्राप्त सूचना को वरीय पुलिस पदाधिकारी को दिया गया तथा वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार अविलंब बलिया थानाध्यक्ष बिकास कुमार राय सशस्त्र पुलिस बल एवम एसटीएफ टीम के द्वारा त्वरित करवाई को राहतपुर में स्थित मून्ना कुमार सिंह के बथान के पास पहुंचा तो दो व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस बल के साथ दोनो को दबोच लिया गया। बथान की तलाशी लेने पर तीन कट्टा, पांच जिंदा कारतूस, एक मिस फायर,एक मोबाइल, एक चिलम बरामद हुआ। पकड़ाए दोनो व्यक्तियों ने अबैध हथियार तश्करी करने की बात स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी के बिरुद्ध बलिया थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में बेगूसराय भेज दिया गया।

## जॉब कार्ड के लिए लगा केवाईसी शिविर

**नावकोठी (नबिटा संवाददाता)।** नावकोठी के वार्ड संख्या 09 में जांब कार्ड केवायसी शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। पंचायत रोजगार सेवक विनोद कुमार ने बताया कि पंचायत में कुल 3109 जाब कार्ड धारक हैं। इनके जांब कार्ड को जीवित रहने हेतु पंचायत के सभी वार्ड में केवाइसी शिविर का आयोजन होना है। अभी तक 576 जाब कार्ड का केवाइसी कार्य पूरा हो चुका है। इसके हो जाने से मनरेगा के तहत मिलने वाले कार्य तथा लाभ से मजदूरों को आच्छादित किया जाएगा। मौके पर उपमुखिया विजय सहनी, वार्ड सदस्य मो सलमान, राजा विकास तथा जांब कार्ड धारक मौजूद थे।

# गर्भवतियों के लिए प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** गर्भवतियों के प्रसव में होने वाली जटिलता को दूर करने के लिए समय समय पर प्रसव पूर्व चार जांच आवश्यक है। इस जांच से गर्भस्थ शिशु की स्थिति की सही जानकारी मिल जाती है। जिसे समय रहते दूर करने में सहुलियत होती है। उक्त परामर्श डा. नितिन कुमार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी में आयोजित एएनसी जांच शिविर में गर्भवती महिलाओं को दी। उन्होंने कहा कि शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से महीने में तीन बार इस शिविर का आयोजन कर गर्भवतियों को ऊंचाई, वजन, मूत्र, हीमोग्लोबीन, एचआईवी आदि की जांच कर आवश्यक दवा दी जाती है। शिविर में कुल 29 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई जिसमें दो डायबिटिक रोग से ग्रसित महिला मिली। गर्भ में पल रहे शिशु तथा गर्भवतियों को एनीमिया से बचाव हेतु तथा स्वस्थ रहने हेतु भोजन में प्रोटीन, विटामिन, वसायुक्त भोजन को शामिल करने तथा कम से कम दो घंटे आराम करने, भारी सामान नहीं उठाने की सलाह दी। डॉक्टर ने गर्भवतियों की जांच के बाद आयरन फोलिक एसीड, कैलशियम की गोली दी गई। अस्थायी गर्भनिरोधक साधन छाया, अंतरा, कंडोम, कांपर टी आदि के संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर एलटी पंकज जोशी, सीएचओ राजा, प्रियदर्शनी, जुली, एएनएम शशि कला, शालिनी, रेणु, विश्व भारती, पीरामल फाउंडेशन से नव्या,आशा एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** कृषि विज्ञान केंद्र अररिया एवं बिहार पशु विश्वविद्यालय पटना द्वारा ग्राम - रहिकपूर आईएस प्रखंड- अररिया में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गयाम जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर विनोद कुमार एवं डॉ पुष्पेंद्र कुमार सिंह डॉ वीरेंद्र कुमार वैज्ञानिक (बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना) सुमन कुमारी (विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान) अपनी भागीदारी दी। यह कार्यक्रम बिहार पशु विश्वविद्यालय पटना द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के लिए मुख्य रूप से आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को पशुओं की अच्छी देखरेख किस प्रकार से की जाए जानकारी देते हुए कहा पशुपालन का मतलब सिर्फ पालना नहीं, बल्कि उनके भोजन, आश्रय, स्वास्थ्य और प्रजनन जैसी सभी ज़रूरतों का प्रबंधन करना है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और कई किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ विनोद कुमार के द्वारा किया गया, किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा पशुपालन का महिल सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान है जिससे समाज में उनकी आय और भूमिका में वृद्धि हो रही है और आजीविका के दृष्टिकोण से गरीबी उन्मूलन का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। मौके पर मौजूद वैज्ञानिक उद्यान सुमन कुमारी ने किसानों को देसी नस्ल के गाय पालने की सलाह दी उन्होंने , बताया देसी गायें अपनी उच्च रोग प्रतिरोधक क्षमता और स्थानीय जलवायु के अनुकूल होने के साथ मानव, स्वस्थ के लिए बहुत ही लाभकारी होता है देसी नस्ल, दूध देती है जो की पोषक तत्वों से भरपूर होता है और कुपोषण जैसी समस्या से लड़ने में बहुत ही लाभकारी होता है। डॉ वीरेंद्र कुमार के द्वारा उपस्थित किसानों को देसी नस्ल के मुर्गी पालन को किस प्रकार समृद्ध बनाएं इसकी विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही साथ किसानों को को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कुकुट पालन से जुड़े किसानों को ड्रिंकर फीडर उपादान के तौर पर दिया गया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संवाद कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** आईसीडीएस विभाग के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संवाद कार्यक्रम गुरुवार को नावकोठी में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक विभाकर कुमार ने की। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका शालिनी कुमारी ने छात्राओं से संवाद के दौरान बताया महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य और कल्याण विभाग एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में कन्या शिशु को महत्व देने, शिक्षा के द्वारा उसकी सुदृढीकरण इसका उद्देश्य है। जेंडर पक्षपाती लिंग चयन के उन्मूलन की रोकथाम, कन्या शिशुओं के जीवन और सुरक्षा को सुनिश्चित करना, बालिकाओं के शिक्षा को सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया बाल लिंगानुपात में दर्ज गिरावट को संतुलित करना तथा सामाजिक सांस्तिक पूर्वाग्रह लड़के की चाहत एवं लड़कियों के प्रति भेदभाव को समाप्त कर इस समस्या को जड़ से मिटाना है। जेंडर आधारित भेदभाव तथा हिंसा पीड़ित महिलाओं के वर्तमान सामाजिक सोच में परिवर्तन हेतु जागरूक करना है। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई। जिसमें परिवार तथा दोस्तों में बेटियों के जन्म का उत्सव मनाने,बेटी और बेटियों के एक समान बड़ा करने, उनके बीच समानता को प्रोत्साहित करने, बेटियों को लेकर बोझ जैसी मानसिकता का विरोध करने के शपथ दिलाये गये। मौके पर ष्णा कुमारी आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-17/2025-26

पत्रांक – 754 गढ़वा/दिनांक – 21/11/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पोखरिया वीयर एवं नहर का जीर्णोद्वार कार्य ग्राम– पोखरिया, पंचायत– झोतर, प्रखण्ड– डण्डई, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 94,74,600.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 03.12.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.12.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 17.12.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 18.12.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e- Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 366774 Minor Irrigation(25-26)#D लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा


# भोजपुर में बाल विवाह रोकने को लेकर संस्था ने छेड़ी मुहिम




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** एक्सेस टू जस्टिस (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन) परियोजना के तहत 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास द्वारा भोजपुर जिला के आरा सदर और उदवंतनगर प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था की सचिव डॉ कुमारी सुनिता सिंह ने बताया कि इस का मुख्य उद्देश्य समुदाय में जागरूकता फैलाना, अभिभावकों को बाल विवाह के सामाजिक व मानसिक नुकसान से अवगत कराना, बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों से जोड़ना है। टीम द्वारा गांव-गांव में रैलियां, चौपाल, माता-पिता के साथ बैठक, किशोर-किशोरियों के साथ संवाद तथा स्कूलों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई है बल्कि एक दंडनीय अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत किसी भी बालक (उम्र 21 वर्ष से कम) या बालिका (उम्र 18 वर्ष से कम) का विवाह कराना, करवाना या उसमें सहयोग करना अपराध की श्रेणी में आता है। इस कानून के अनुसार बाल विवाह में शामिल अभिभावक, रिश्तेदार, पंडित/काज़ी, बाराती, वाहन चालक सहित सभी जिम्मेदार व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। कानून का उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक की कारावास, एक लाख तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। बाल विवाह की सूचना तुरंत मिलते ही बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्थानीय थाना या प्रखंड प्रशासन को सूचित करना आवश्यक है। संस्था का लक्ष्य है कि कानूनी जानकारी, सामाजिक संवाद और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से जिले को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। इस अभियान में कुणाल गुप्ता, संजीत कुमार सिंह, रंजू कुमारी, बीरेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार यादव समेत अन्य सक्रिय शामिल थे।


**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
विद्युत आपूर्ति अचंल, गढ़वा
Email: esegarhwa@yahoo.in

**सूचना**

बिजली आज के समय में मौलिक जरूरत है एवं हर घर में इस की जरूरत आवश्यक हो गयी है। सभी घरो में शक्ति उपकेन्द्र से 11 KV लाईन का विस्तार, एवं इस लाईन से टांसफार्मर को जोड़ना फिर घरेलू एवं कार्मशीयल कार्य हेतू 440 V अथवा 220 V सप्लाई हेतू एल0 टी0 लाईन का विस्तार किया जाता है जिस, के लिए रेल पोल सिमेन्ट पोल, सड़क /गली के किनारे सरकारी एवं नीजी जमीन से घरों तक पहुचाई जाती है। इन सभी कार्यो में सभी लोगो की सहभागिता, स्वीकरता एवं सहमती होती है जो आपेक्षित भी है। बिजली जितना आराम देती है उतना ही इस के उपयोग में सावधानी एवं सुरक्षा नियमों का पालन आवश्यक है। विभाग एवं सरकार का लक्ष्य है कि शहर एवं सूदूर गावं के हर घर तक बिजली उपलब्ध कराने के साथ विभाग की यह भी जिम्मेवारी है कि बिजली से होने वाली अप्रिय घटना सें बचाव की जानकारी दी जाए। गढ़वा जिला अन्तर्गत अवलोकन के पश्चात यह देखा जा रहा है कि लोग बिजली सुरक्षा मानको की अनदेखी कर अनुचित एवं असुरक्षित क्रिया कलाप करते हैं जिस पर रोक लगनी चाहिए जो इस प्रकार है।

1. पूर्व से गुजर रहे 33/11 KV एवं LT लाईन के निचे सटकर मकान/दुकान अथवा अन्य निर्माण का कार्य कर रहे है जो अवैध एवं असुरक्षात्मक है, जो सही नही है।
   कोई भी निर्माण (i) 11 KV लाईन से 4 फीट दुरी हो।
   (ii) 33 KV लाईन से 6 फीट दुरी हो।
   (iii) LT Line (440V) से 4 फीट दुरी हो।
2. मछली मारने हेतू एलटी लाईन का नगां या किसी प्रकार का उपयोग नियम विरूद्ध है एवं इस से सभी जीवों को खतरा है, इस तरह का कार्य नही किया जाए।
3. जंगली जानवर हाथी, नीलगाय इत्यादि को खेतों में घुसने से रोकने हेतू पहाड़ी क्षेत्र में नंगा तार में विद्युत प्रवहित तार लगाना गलत है इस में स्वंय के साथ अन्य जीव जन्तू को खतरा है इस पर रोक लगनी चाहिए।
4. अस्थायी सपोर्ट अर्थात बांस/बल्ली पर चाईनीज तार से खेतों में सिचाई हेतू चाईनीज तार का प्रयोग सुरक्षात्मक दृश्टि से खतरनाक है इसका प्रयोग नही किया जाए।
5. बिजली बन्द की स्थिति में विभाग के बिना जानकारी स्वंय टांसफार्मर/एलटी लाईन पर काम न करें और न अनाधिकृत व्यक्ति को करने दें। विभाग को सूचित करें।
6. अपने घरों अस्थायी रूप से वायरिगं एवं बिना मीटर का विद्युत का उपयोग नही करें ऐसा करना गैर कानुनी एवं असुरक्षात्मक कार्य हैं।
7. एलटी लाईन से टोका नही लगायें और न अपने पास के दुसरो को लगाने दें एवं विभाग को सूचित करे।
8. अपने मकान अथवा प्रतिश्ठान से दुसरे लोगो को विद्युत आपूर्ति न करें।

9- Smart meter लगाने हेतू एजेन्सी के आदमी जाए तो सहयोग करे एवं मीटर लगाए।

आम जनता से अनुरोध है कि उपर बताए गये सूरक्षात्मक बिन्दुओ को समझे एवं पास पड़ोस के लोगों को भी बताए। जीवन अनमोल है, अतैव अपनी सुरक्षा स्वयं करे एवं विभाग को अपेक्षित सहयोग करें।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

ह०/–
विद्युत अधीक्षण अभियंता
विद्युत आपूर्ति अंचल, गढ़वा

PR 366780 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D


# तारा कॉलेज में ऊर्जा संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** चेरिया बरियारपुर प्रखंड के तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन बिक्रमपुर, मंझील, बेगूसराय की सह पाठयक्रम समिति द्वारा ऊर्जा संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरूआत प्रबंधन समिति के सदस्य आगम कुमार, कलेज के सचिव राजकिशोर सिंह और प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। यह अभियान कॉलेज से सटे गांव कोरजाना तथा बिक्रमपुर के गांव में चलाया गया। इस अभियान के दौरान लोगों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व और ऊर्जा संचयन के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और ऊर्जा संचयन के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के माध्यम से लोगों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ऊर्जा संचयन को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। कॉलेज के सचिव राजकिशोर सिंह ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है और हमें ऊर्जा संचयन के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण के बिना हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं है। इसलिए हमें ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूक और सक्रिय रहना होगा।

## प्रखंड क्षेत्र में थ्रेसर के अभाव में किसान परेशान

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र मे थ्रेसर उपलब्ध नहीं होने के कारण धान उत्पाद किसानों की कटी हुई फसल खेतों में चूहे खाकर क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। महेशवारा निवासी किसान वेदानंद सिंह सिकंदर सिंह, छपकी निवासी किशन सुधीर महतो आदि ने बताया कि 10-15 दिन से कटी हुई धान की फसल बोझा बांधकर खेत के बीच में रखा हुआ है लेकिन थ्रेसर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। धान का दौनी नहीं होने के कारण खेतों में नमी समाप्त होते जा रहा है तथा गेहूं की बुवाई भी नहीं हो पा रहा है। मजदूर धान झाड़ने के लिए तैयार नहीं है। क्षेत्र में पहसारा में एकमात्र धान का थ्रेसर उपलब्ध है। जिस पर किसान नंबर लगाए हुए हैं। थ्रेसर मलिक के यहां चक्कर लगाते लगाते किसान परेशान हो चुके हैं। मजदूर एवं बोरा लेकर खेत पर जाते हैं। थ्रेसर उपलब्ध नहीं होने के कारण लगभग 10 दिनों से बार-बार लौट कर आ रहे हैं।

# भदौरा पैक्स के 6 नवनिर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों ने दिया इस्तीफा

## समिति हो सकती है भंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले भदौरा पैक्स के छह नवनिर्वाचित प्रबंधकार्यकारीणी सदस्यों ने संयुक्त निबंधक सहयोग समिति संतोष कुमार झा के समक्ष अपना त्यागपत्र दे दिया है। त्यागपत्र देने के आलोक में बिहार सहकारी समिति अधिनियम 1935 की धारा 41 (5) ए एवं ब के तहत प्रबंध समिति को भंग करते हुए प्रशासक को नियुक्त करने की मांग की गई है। गौरतलब है की भदौरा नगर परिषद पैक्स का चुनाव बीते 25 जुलाई 2025 को कड़े मुकाबले के बीच वोटिंग के जरिए संपन्न हुआ था, जहां चुनाव में 85 वोट से लक्ष्मण पांडे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नागेश्वर प्रसाद सिंह को हराकर जीत हासिल की थी। लेकिन चुनाव जीतने के कई बैठकों के बावजूद प्रबंध कार्यकारीणी का कोरम पूरा नहीं हो सका, दरअसल 6 प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों ने चुनाव के महज कुछ ही दिनों बाद यानी 5.8.2025 को जिला सहकारिता पदाधिकारी, एवं संयुक्त निबंधक सहयोग समिति समेत संबंधित सभी विभागों को शपथ पत्र लगाते हुए अपना त्यागपत्र सौंप दिया था। त्यागपत्र देने वाले नवनिर्वाचित सदस्यों में आर्यन वर्मा, रंजन पंडित, तन्नु देवी, तेतरी देवी, रामेश्वर रविदास और प्रमिला देवी हैं। ऐसे में सभी 6 नवनिर्वाचित सदस्यों के त्यागपत्र मिलने के उपरांत संयुक्त निबंधक संतोष कुमार झा ने प्राप्त आवेदन की जांच, त्यागपत्र के सत्यापन को लेकर 21.11.2025 को सभी नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए सुनवाई के लिए समय को निर्धारित की गई थी, जहां सभी नवनिर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष सहित उपस्थित होकर अपने निर्वाचन प्रमाण पत्र एवं आधार पहचान पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित हुए, जहां सभी 6 नवनिर्वाचित सदस्यों ने अपना त्यागपत्र समर्पित का कबूल किया। ऐसे में संयुक्त निबंधक संतोष कुमार झा ने सुनवाई के उपरांत अब भदौरा नगर परिषद पैक्स के प्रबंध समिति को भंग की कार्रवाई में जुट गए हैं।

# बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** बापू परली है पर्यावरण का दुश्मन इस खेतों में ना जलाएं यह संदेश उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा के सभी छात्र-छात्रा अपने किसान बापू को दे रहे हैं। बता रहे हैं कि खेतों में पराली ना जलाएं पराली जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है, बल्कि प्रदूषण का भी खतरा मंडराने लगता है। बहरहाल मसौढी के पश्चिमी इलाकों में इन दोनों धान की कटनी जोरों पर हो गई है और धान की कटनी के बाद बचे हुए अवशेष जिसे परली कहते हैं उसे किसान अपने खेतों में ही जला देते हैं। जिससे न केवल पर्यावरण का खतरा मंडराने लगा है, बल्कि खेतों की मिट्टी के जो मित्र कीट होते हैं और जो पोषक तत्व होते हैं वह खत्म हो जाते हैं पराली नहीं जलाने को लेकर लगातार सरकार के द्वारा किसानों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाई जा रही है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी के द्वारा सभी किसान सलाहकारों को निर्देशित किया गया है कि आपने अपने आवंटित पंचायत में जाकर किसानों को जागरूक करें। बहरहाल उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा के प्रधानाध्यापक मो. मंजर शादाब ने बताया की सरकार के द्वारा लगातार किसानों को पराली नहीं जलाने को लेकर जागरूक अभियान भी चलाया जा रहा है। ऐसे में हमारा क्षेत्र भी ग्रामीण परिवेश का है जहां पर इस स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्रा किसान परिवार से जुड़े हैं ऐसे में उन सभी किसानों को बच्चों के स्लोगन के माध्यम से किसानों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्रा एवं शिक्षक भी शामिल हुए। छात्र-छात्राओं में शिवानी कुमारी, सीमा कुमारी, रूपाली, अलका, गुड़िया, मंचल, डॉली,निरंजन कुमार के अलावा शिक्षकों में अंजू कुमारी, चंदन कुमार अख्तर अली अंसारी शामिल रहे।

# बकाया बिजली उपभोक्ताओं के घरों पर छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी थाना क्षेत्र के चरमा पंचायत के दुधीचक गांव में बिजली विभाग की टीम ने बिजली बकायदारों के घरों पर छापेमारी करते हुए कार्रवाई की है। कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि दूधीचक गांव में बिजली बकाया रहने के कारण चिन्हित करते हुए उन सभी के घरों में बिजली के कनेक्शन काट दी गई थी। बावजूद ऐसी सूचना मिल रही थी कि बिजली का कनेक्शन कट जाने के बाद भी बिजली चोरी कर बिजली का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में टीम गठित करते हुए दूधीचक में छापेमारी की गई है जहां पर चार उपभोक्ताओं के खिलाफ बकाया बिजली और बिजली चोरी की गई ऊर्जा को जोड़कर जुर्माना रसीद की गई है। जिसमें दूधीचक के रहने वाले जागेश्वर राम पिता सुरेश राम का बिजली बकाया 22569 रुपया था जहां 10606 की जुर्माना लगाते हुए कल 33165 रुपया जुर्माना लगाया गया है। जबकि दूसरे उपभोक्ता अरुण मिस्त्री पिता राजेंद्र मिस्त्री का बकाया राशि 33671 रुपया था जहां 5189 रुपया के ऊर्जा की हानि जोड़ते हुए 38860 जुर्माना लगाया गया है जबकि तीसरा उपभोक्ता शांति देवी पति संजय मिस्त्री के यहां 25771 रुपया बिजली का बकाया राशि थी जहां 10606 रुपए के साथ 36373 का जुर्माना रसीद की गई है। इसके अलावा लालिसा देवी पति चितरंजन सिंह के यहां 26492 बिजली बकाया थी और 10606 का जुर्माना लगाते हुए कुल 37098 रुपया जुर्माना लगाते हुए इन सभी चारों बिजली बकायदालों के खिलाफ मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज गई है।

# पुनपुन के एसएमडी कॉलेज के तीन एनसीसी कैडेटों का अग्निवीर में चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पुनपुन के एस.एम.डी. कॉलेज स्थित एनसीसी इकाई के तीन एन.सी.सी कैडेट्स का चयन भारतीय सेना में अग्नि वीर के रूप में हुआ है। चयनित कैडेट्स में मंजय कुमार, सचिन कुमार एवं अंकित कुमार है। चयनित कैडेट्स ने कहा कि एनसीसी ने उन्हें अनुशासन सिखाया। उसी अनुशासन से तैयारी की और सफलता मिली। एनसीसी ने उन्हें मेहनत और लगातार प्रयास करना सिखाया। इसी से वह अपने लक्ष्य तक पहुंचे। कॉलेज के एन.सी.सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार और 2014 बैच का सीनियर मोहम्मद मेराज हुसैन तीनों कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनसीसी छात्रों के समग्र विकास का सशक्त माध्यम है। जूनियर कैडेट्स ने भी शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि से महाविद्यालय एनसीसी परिवार और चयनित कैडेट्स के परिवारों में खुशी का माहौल है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षक जख्मी

**मसौढ़ी।** बिहटा सरमेरा फोरलेन पर पुनपुन थाना क्षेत्र के नीमा पुल के पास में बाइक पर सवार शिक्षक गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं। जख्मी शिक्षक की पहचान राहुल जायसवाल के रूप में हुई है जो पुनपुन के लखना स्थित शहीद रामानंद उच्च माध्यमिक प्लस टू हाई स्कूल के अंग्रेजी के शिक्षक थे, इनके साथ बाइक पर एक महिला शिक्षिका जिसका नाम रिंकी कुमारी है जो हिंदी विषय की शिक्षिका है। बताया जाता है कि नीमा पुल के पास में एक बेकाबू बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं, मौके पर पहुंची पुनपुन थाने के पुलिस पुनपुन बांध स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। इसका इलाज चल रहा है वही इस घटना में महिला शिक्षिका ठीक हैं उन्हें मामुली सी चोटे आई है।

# नवंबर माह का अब तक नहीं हुआ राशन उठाव

## लाभुकों के बीच पनप रहा आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी प्रखंड में इन दिनों जन वितरण प्रणाली की राशन उठाव की ब्यवस्था सिस्टम की भेंट चढ़ गई है। जिस वजह से अभी तक इस पूरे नवंबर माह का राशन उठाव नहीं हो पाया है दरअसल दरअसल जिस परिवहन अभिकर्ता के जिम्मे राशन उठाव की जिम्मेवारी दी गई थी उन्होंने हाथ खड़े कर दिए हैं और बिहार राज्य खाद निगम और जिलाधिकारी को पत्र लिखकर राशन उठाव में असमर्थता दिखा दिया है। एसएमएस पूरी नवंबर माह का राशन उठाओ बंद हो गया है नतीजन राशन डीलर को नहीं मिल पाया है और ना ही लाभुको के बीच पहुंच पा रहा है। ऐसे में राशन का इंतजार कर रहे हैं लाभुको के बीच गुस्सा पनपने लगा है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि पहले राशन उठाव की जिम्मेवारी विवेक इंटरप्राइजेज को दी गई थी उसी के माध्यम से तकरीबन 6 पिकअप वैन के जरिए राशन डीलर के दुकान तक पहुंचाया जाता था। लेकिन सरकार के द्वारा जो उन्हें पैसा लंबित रहने के कारण राशन उठाव के लिए हाथ खड़े कर दिया गया है। डीएसडी परिवहन अभिकर्ता विवेक इंटरप्राइजेज ने बिहार खाद्य निगम और जिलाधिकारी को पत्र लिखकर असमर्थता जाहिर कर दी है। ऐसे में अभी फिलहाल टुन्नू गुप्ता को परिवहन अभिकर्ता डीएसडी का लाइसेंस मिल गया है लेकिन अभी तक राशन का उठाव नही हो सका है।

## घर के पास लगे ई रिक्शा की हुई चोरी

**मसौढ़ी।** चार पहिया और दुपहिया वाहनों की चोरी के बाद अब चोरों की काली नजर ई रिक्शा पर भी पड़ गई है। ऐसे में मसौढी थाना क्षेत्र के तारेगना गोला रोड स्थित एक घर के पास लगी हुई ई-रिक्शा बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली हैं। जहां इस मामले में राजेश प्रसाद पिता अशोक साव ने मसौढी थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित राजेश प्रसाद ने बताया कि रोज की तरह अपने घर के बाहर दरवाजे पर ई-रिक्शा लगाकर चार्जिंग करते थे। ऐसे में जब सुबह देखे तो ई रिक्शा गायब था। बहरहाल इस घटना के बाद ई रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गई है और लोगों में दहशत व्याप्त हैं वैसे सभी ई रिक्शा चालक जो दिन भर ई रिक्शा चलाते हुए शाम को अपने घर वापस लौटते हैं और घर के दरवाजे पर ई-रिक्शा को लगाकर चार्ज में रात भर छोड़ते हैं वैसे लोग उनके बीच भय ब्याप्त हैं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सीएम नीतीश कुमार ...

है। नितिन नवीन को पथ निर्माण और नगर विकास एवं आवास जैसे बड़े विभाग सौंपे गए हैं। भाजपा कोटे से महिला मंत्री, शूटिंग चैंपियन श्रेयसी सिंह को सूचना प्रौद्योगिकी और खेल जैसे आधुनिक व युवा केंद्रित विभाग सौंपे गए हैं। भाजपा के टिकट पर दूसरी बार विधायक और पहली बार मंत्री बनी श्रेयसी सिंह को खेल विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सबसे अधिक विभाग जदयू के वरिष्ठ मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को दिए गए हैं। उन्हें ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त और वाणिज्यकर जैसे पांच बड़े विभाग मिले हैं। यह विभाग राज्य की अर्थव्यवस्था और राजस्व के लिए रीढ़ माने जाते हैं। जब तक जदयू के मंत्रियों की संख्या नहीं बढ़ती है तब तक सबसे ज्यादा विभागों वाले मंत्री बिजेंद्र यादव ही हैं। वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जनसंपर्क और भवन निर्माण जैसे चार महत्वपूर्ण विभाग मिले हैं। अशोक चौधरी को ग्रामीण कार्य, लेसी सिंह को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, राम कृपाल यादव को कृषि, सुनील कुमार को शिक्षा और तकनीकी शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। बसपा से जदयू में आए मो. जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण मिला है जबकि सहकारिता और पर्यावरण-वन जैसे आवश्यक विभाग डॉ. प्रमोद कुमार के पास गए हैं। इसके अलावा दिलीप जायसवाल को उद्योग, मदन सहनी को समाज कल्याण, संतोष सुमन को लघु जल संसाधन, सुरेश महेता को पशु एवं मत्स्य संसाधन, नारायण प्रसाद को आपदा प्रबंधन, रमा निषाद को पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, लखेंद्र रोशन को अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण, संजय कुमार को गन्ना उद्योग, संजय कुमार सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण और दीपक प्रकाश को पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

### ज्ञान व अध्यात्म...

नहीं कर सकती है। विनम्रता हमारे सैकड़ों बंद रास्तों को भी खोलने में सक्षम है। गीता के अनुसार शिक्षा प्राप्ति से लोग माया, मोह आदि बंधनों से मुक्त हो जाते हैं। कुलाधिपति ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि आज का दिन इन छात्र-छात्राओं, उनके माता-पिता एवं शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि डिग्री प्राप्ति के बाद अब छात्र अपने पैरों पर खड़े होंगे। धर्म आस्था की अभिव्यक्ति का एक बेहतरीन माध्यम है जो हमें सही-गलत एवं नैतिक-अनैतिक का फर्क बतलाता है। गीता हमें अच्छे जीवन जीने का मार्गदर्शन करती है। सफल जीवन जीने का रहस्य गीता में वर्णित है, जिसकी आज पश्चिमी देशों के लोग भी अनुकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारी आत्मा नियंत्रित होती है तब वह मित्र बन जाती है परंतु जब वह हमारे नियंत्रण में नहीं हो तो वह हमारा शत्रु बन जाती है। राज्यपाल ने कहा कि सिर्फ पुस्तकीय शिक्षा से ही हम पूर्ण नहीं हो सकते, व्यावहारिक ज्ञान बहुत जरूरी है। हम अपनी महत्वाकांक्षाएं पूर्ण करने के लिए मर्यादा की सीमा को न तोड़ें। लघु बुद्धि वालों में धन, विद्या या कुल आदि नशा पैदा करते हैं, परंतु सात्विक प्रवृत्ति वालों में ये आत्मगौरव का भाव उत्पन्न करते हैं। विनम्रता में हम जितना झुकते हैं, दुनिया उतना ही हमें ऊपर उठाती है। कुलाधिपति ने कहा कि मिथिला ज्ञान एवं आध्यात्मिकता की धरती रही है। यहां जो शास्त्रार्थ हुए हैं, दुनिया उनका रहस्य जानने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दीक्षांत समारोह को छात्रों के जीवन का विशेष महत्वपूर्ण दिन बताया। स्वामी विवेकानन्द के कथनों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए भी जीना चाहिए। इस दीक्षांत समारोह से डिग्रीधारी छात्रों की औपचारिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हुआ है परंतु अर्जित ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाना भी उनका परम दायित्व है। तैत्तिरीयोपनिषद् में भी दीक्षांत समारोह का उल्लेख है जिसकी दीक्षा आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का लक्ष्य छात्रों को अच्छा इंसान एवं सुयोग्य नागरिक बनाना है। हमारी शिक्षा प्रणाली भारतीय संस्कृति पर आधारित है जो हमें चरित्रवान बनाने के साथ ही नैतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है।

# आवारा कुत्तों की समस्याओं से शहरवासियों को नगर परिषद दिलाएगी निजात, टोल फ्री नंबर जारी

## पकड़े गए कुत्तों को पशु चिकित्सालय में लाकर लगाया जाएगा टीका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परीषद मसौढी ने शहरवासियों की सुविधा और सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवारा कुत्तों की समस्या से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से ठोस कदम उठाया है। अब नगर परिषद क्षेत्र में यदि कोई आवारा कुत्ता से किसी को परेशानी हो रही है तो टोल फ्री नंबर-7948518686 पर सूचना देकर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं। नगर परिषद प्रशासन की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। नगर प्रबंधक शेखर कुमार प्रसाद ने बताया कि शहर के सभी 34 वार्डों में आवारा श्वान के एंटी-रेबीज टीकाकरण, नसबंदी और कृमिनाशक दवा के लिए एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना लागू की है। इस कार्य के निष्पादन के लिए दो दल गठित कि गई है। जो नियमित रूप से इस अभियान में सक्रिय हैं। पकड़े गए कुत्तों को पशु चिकित्सालय में लाया जाएगा, जहां उनका एंटी-रेबीज टीकाकरण, नसबंदी, कृमिनाशक दवा और उपचार कर सुरक्षित स्थान पर रखा जाएगा। बीमार कुत्तों के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था भी वहीं उपलब्ध होगी। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजु रंजन ने बताया की नगर परीषद का यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि शहरवासियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ परिवेश मिल सके। नागरिकों से अपील की है कि वे सहयोग करें और अपने क्षेत्र में आवारा कुत्तों समस्या पर हेल्पलाइन नं पर सूचना दे।

## मसौढ़ी के काश्मीरगंज में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी।** मसौढी नगर मुख्यालय के कश्मीरगंज में बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी की है जहां कश्मीरगंज में मीटर को बाईपास कर बिजली चोरी कर रहे उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज की है। कनिय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार के द्वारा मसौढी थाने में दिए गए दर्ज प्राथमिकी में उपभोक्ता फुलमंती देवी पति अमर पंडित पर मीटर बायपास कर बिजली चोरी करने के मामले में 10,405 रुपए का जुर्माना लगाया है। वही सुनील कुमार पिता लालकेश्वर चौधरी पर 10,405 रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं तीसरे उपभोक्ता राजेश्वर मिस्त्री पिता जानकी मिस्त्री पर 10,405 रुपए का जुर्माना लगाते हुए मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। कनिय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि कश्मीर गंज में सूचना मिली थी कि मीटर बायपास कर कई उपभोक्ता बिजली चोरी कर रहे हैं इसके खिलाफ छापेमारी की टीम गठित करते हुए कार्रवाई की गई है।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा**
Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com

**बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदशानुसार**
**आम सूचना**



| | |
|---|---|
| नाम | :– पिंकी कुमारी |
| उम्र | :– 08 वर्ष (लगभग) |
| लिंग | :– बालिका |
| माता का नाम | :– अज्ञात |
| पिता का नाम | :– अज्ञात |
| बालिका का रंग | :– सांवला |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालिका ग्राम–डुमरो, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा अंतर्गत प्राप्त हुआ है। बालिका बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् बालिका गृह, चतरा में संरक्षित है। बालिका के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है, बालिका अपने माता–पिता एवं पता बताने में असमर्थ है।

उक्त बालिका से सम्बंधित यदि किसी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई सूचना या जानकारी प्राप्त होती है तो निचे दिए गए पता पर सम्पर्क या सूचना दे सकते हैं।

**कार्यालय पता:–** जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा / बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।

सम्पर्क नम्बर :– 7870520029, 6200118854, 8271440076, 9313632516, 7903341737

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.366668 Women, Child Development & Social Security(25-26):D

# जिला पदाधिकारी ने अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग का किया निरीक्षण

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य फसल सहायता योजना अंतर्गत आज जिला पदाधिकारी, अनिल कुमार ने अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत छतियाना पंचायत के रूपौली राजस्व ग्राम में किसान मो खलील पिता मो फजीलत के खेत में अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया। अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग प्रत्येक पंचायत में 5 आयोजित होता है, जिसमें ग्राम एवं खेसरा का चयन रैंडम पद्धति से किया जाता है। चयनित खेसरा में 10 गुना 5 मीटर के क्षेत्रफल में कटनी प्रयोग संपादित होते हैं। इसी प्रकार के प्रयोग के आधार पर प्राप्त उपज से संपूर्ण जिला का उपज दर निर्धारित होता है।इसके महत्व को देखते हुए जिला स्तर के पदाधिकारी से लेकर प्रखंड स्तर तक के पदाधिकारी के निरीक्षण में ऐसे प्रयोग संपादित किए जाते हैं। गुरुवार को कटनी में हरा दाना का वजन 50 वर्ग मीटर में 20 किलोग्राम 200 ग्राम आया। इस प्रकार इसका उपज दर 40 क्विंटल 40 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर आकलित किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, अररिया, गौरव प्रताप सिंह, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा सह ओ.एस.डी, गोपनीय प्रशाखा, दिलीप कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अररिया श्री श्रीकांत पासवान, अंचलाधिकारी रानीगंज, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी राजकुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, रानीगंज, प्रयोगकर्ता श्री संदीप कुमार मंडल, कृषि समन्वयक सहित अनेक कर्मी एवं किसान उपस्थित थे।

## तीन आरोपित गिरफ्तार

**मंसूरचक।** थाना क्षेत्र के गणपतौल और मंसूरचक में छापामारी कर थानाध्यक्ष गोविन्द कुमार पाण्डेय ने विशेष अभियान के तहत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष गोविन्द कुमार पाण्डेय कहा इन लोगों की तलाश जारी था और सूचना मिलते ही कार्रवाई किया गया है।

**प्रपत्र VI 'क'**
**समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**
**अधिसूचना संख्या 1101/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 08.11.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–हुरका**, थाना नं0–72, थाना–केतार, अंचल–केतार, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **केतार से काण्डी पथ के चैनेज 12वें कि0मी0 में अवस्थित धोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–हुरका**, थाना नं0–72, थाना–केतार, अंचल–केतार, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.1165** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 15 | 141 | रैयती | टॉड 3 | 0.1165 | विनय शुक्ल, वो धरनिधर शुक्ल, पिता–स्व0 भोलानाथ शुक्ल, विजय शुक्ल वो कुण्डल शुक्ल वो कनहाई शुक्ल, पिता–स्व0 सीता शुक्ल द्विदन शुक्ल, पिता–स्व0 रामधारी शुक्ल | रास्ता | नीज | 1332 | नदी |
| कुल :– | | | | | **0.1165** | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय)राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ए0/भू0अ0नि0 (अधिनियम)–129/2017/549/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR.NO.366662 Land Reforms(25-26):D

# परिवहन विभाग : निर्धारित लक्ष्य से अधिक की राजस्व वसूली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की भौतिक बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं की प्रवृत्ति, उनके कारणों, तथा रोकथाम हेतु उठाए जा सकने वाले ठोस एवं प्रभावी उपायों पर गंभीरतापूर्वक विमर्श किया गया। बैठक के आरंभ में जिलाधिकारी द्वारा जिले में विगत महीनों में हुई सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया जिसके अनुसार अक्टूबर 2025 तक जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 303 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 162 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने इसे अत्यंत ही गंभीर और चिंताजनक बताया तथा संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभागीय समन्वय और कर्तव्यों के निर्वहन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने हेतु सभी चिह्नित ब्लैक स्पॉट स्थलों पर आवश्यक संरचनात्मक सुधार जैसे- साईनेज, चेतावनी बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स एवं स्पीड ब्रेकर इत्यादि की शीघ्र स्थापना सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अभियंताओं को दिया। साथ ही, उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की रोकथाम हेतु जिले में हेलमेट एवं सीट बेल्ट जांच अभियान को और अधिक सघन, सुनियोजित तथा परिणामोन्मुख बनाने की आवश्यकता जताई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि परिवहन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त निदेशों के आलोक में औरंगाबाद जिले में लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक तथा सभी थाना प्रभारी नियमित रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट की जांच कर रहे हैं। नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए शमन शुल्क की वसूली की जा रही है। अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 तक में विभाग द्वारा निर्धारित 8.38 करोड़ राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध 8.78 करोड़ रुपये की राशि वसूली गई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 104.86 प्रतिशत है, जो अभियान की सफलता को दर्शाता है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में संचालित वाहनों की सघन जांच की जा रही है, जिसके तहत अब तक 63 डिफाल्टर वाहनों पर शमन की कार्रवाई की गई है तथा यह प्रक्रिया सतत रूप से संचालित है ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हिट एंड रन मामलों की अद्यतन जानकारी साझा करते हुए यह बताया गया कि 1 अप्रैल 2022 से अब तक जिले में इस श्रेणी के अंतर्गत कुल 405 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 398 मामलों को जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कर बीमा कंपनी (जीआईसी, मुंबई) को अग्रसारित किया गया है। इनमें से अब तक 305 लाभुकों के खातों में मुआवजा राशि का भुगतान हो चुका है। बैठक में सभी सदस्यों द्वारा सड़क सुरक्षा की दिशा में सामूहिक प्रयास, जन-जागरूकता अभियान, विभागीय समन्वय तथा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), सिविल सर्जन लालसा सिन्हा, परियोजना निदेशक एनएचएआई सासाराम, एनएच-139 एवं एनएच-120 के प्रतिनिधिगण, मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक सहित अन्य विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दलहन व तेलहन की खेती के लिए बीज वितरण पर डीएम का जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कृषि टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज द्वारा बताया गया कि रबी मौसम 2025-26 हेतु औरंगाबाद जिला में कुल 28392.46 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक गेहूं के विरुद्ध 5244.76 क्विंटल बीज 4648 किसानों के बीच, चना के विरुद्ध 3176.99 क्विंटल बीज 19271 किसानों के बीच, मसूर के विरुद्ध 1422.65 क्विंटल बीज 10879 किसानों के बीच, मटर के विरुद्ध 865.88 क्विंटल बीज 5150 किसानों के बीच, राई एवं सरसों के विरुद्ध 63.51 क्विंटल बीज 1808 किसानों के बीच तथा तीसी के विरुद्ध 4.39 क्विंटल बीज 57 किसानों के बीच वितरित किया जा चुका है। शेष बीज का वितरण तीव्र गति से किया जा रहा है। उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि रबी मौसम में किसानों को किसी प्रकार की उर्वरक समस्या नहीं होनी चाहिए तथा सभी उर्वरक विक्रेताओं की सतत मॉनिटरिंग करते हुए कालाबाजारी एवं मुनाफाखोरी पर पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य एवं उद्यान सहित सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि अपने-अपने विभागों की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर वास्तविक एवं पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। अंत में जिलाधिकारी ने कृषि टास्क फोर्स की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित की जाएं।

# विभिन्न मामलों में 32 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 32 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 27 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में एक, पॉक्सो में 1, हत्या के प्रयास में 2, शराब कांड में 13 एवं अन्य शीर्ष कांड में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 555.60 लीटर देसी शराब एवं 552 लीटर स्प्रिट, 4 बाइक, 1 ट्रैक्टर, 100 सीएफटी बालू, 1 मोबाइल, 5400 नगद रूपये बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 974 वाहनों की जांच की गई जिसमें 63500 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 9 वारंट निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि विशेष अभियान के फलस्वरूप पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।

# डीएम ने किया परिवादियों की समस्याओं का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यकाल कक्ष में जनता दरबार लगा ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 10 परिवादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इन आवेदनों में सड़क निर्माण, दाखिल-खारिज, आशा बहाली में अनियमितता, भूमि विवाद, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, भूमि मुआवजा, नाली एवं गली निर्माण जैसी जनहित की प्रमुख शिकायतें शामिल थीं। जनता दरबार में चकबंदी कार्यालय के समीप क्लब रोड निवासी अरविंद कुमार सिंह द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। गोह प्रखंड के बंदेया थाना क्षेत्र के मल्हद निवासी पिंकी कुमारी द्वारा आशा बहाली प्रक्रिया में अनियमितता से संबंधित आवेदन दिया गया। मल्हद गांव निवासी शिव कुमार शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री किसान योजना के लाभ से वंचित रहने की शिकायत दर्ज कराई गई। साथ ही सदर प्रखंड के फ़ेसर थाना क्षेत्र के देवरियाकला निवासी रामकुमार सिंह द्वारा सड़क निर्माण में गई भूमि के मुआवजे से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी जनसुविधा से जुड़े विभिन्न मुद्दे रखे गए, जिन पर जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरता पूर्वक विचार किया गय। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

# औरंगाबाद में 24 नवंबर को लगेगा रोजगार शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला नियोजनालय के तत्वाधान में 24 नवंबर को कल्याण ज्वेलर्स इंडिया लिमिटेड, औरंगाबाद बीएसडीसी, ब्लॉक कैंपस में जॉब कैम्प का आयोजन किया जायेगा। यह कैम्प प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। जॉब कैम्प में उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार कल्याण ज्वैलर्स इंडिया लिमिटेड औरंगाबाद में सेल्समैन रिक्ति 10, योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 25 वर्ष, फ्लोर होस्टेस रिक्ति 04, योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 25 वर्ष, ड्राइवर रिक्ति 02, योग्यता इंटर एवं आयु 18 से 25 वर्ष, रसोइया रिक्ति 05, योग्यता आठवीं एवं आयु 18 से 40 वर्ष, पर्यवेक्षक रिक्ति 08, योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 25 वर्ष तथा कंप्यूटर ऑपरेटर रिक्ति 08, योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 25 वर्ष पदों पर भर्ती की जाएगी। सभी पदों के लिए वेतन 15000 से 25000 तक निर्धारित है। नियोजन मेला में प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने वाले व्यक्ति का नाम प्रबंधक प्रभु दुरई है। जिला नियोजनालय द्वारा सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस रोजगार अवसर का लाभ उठाएं।

# एनआइ एक्ट में सश्रम कारावास, 20 लाख जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शुभांकर शुक्ला ने परिवाद संख्या 551/16 एवं टी.आर. संख्या 2060/25 पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त रविरंजन सिंह (सिंहना, कुटुम्बा) को भादंवि धारा 420 तथा धारा 138 एन.आई. एक्ट के मामले में दोषी करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को एक वर्ष के कारावास तथा 20 लाख रुपये के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। सूचक मदन कुमार सिंह (सिंहना, कुटुम्बा) ने न्यायालय में दायर परिवाद में कहा था कि अभियुक्त ने उसकी बहन की शादी के नाम पर 24 नवंबर 2014 से विभिन्न तिथियों में करीब दस लाख रुपये लिए थे, जिसका विवरण नॉन- जुडिशियल स्टाम्प पर दर्ज है। अभियुक्त ने 25 दिसंबर 2015 को राशि लौटाने का वादा किया था, लेकिन समय पर पैसा नहीं लौटाया। जब परिवादकर्ता ने बकाया राशि मांगी तो अभियुक्त ने 15 जून 2016 को 4 लाख 40 हजार रुपये तथा 20 जून 2016 को 5 लाख रुपये के चेक दिए, जो 18 जून 2016 को बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर खाते में पर्याप्त राशि न रहने के कारण चेक बाउंस हो गए। इसके बाद 27 जून 2016 को वकालतन नोटिस भेजा गया, किंतु राशि न मिलने पर 22 जुलाई 2016 को न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। अदालत ने साक्ष्यों और तर्कों को सुनने के बाद अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

# चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को किया जाएगा पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गणित में श्रीनिवास रामानुजन और विज्ञान में सर सीवी रमण प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए 27 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार होंगे। यह परीक्षा राज्य के विभिन्न संस्थानों में आयोजित होगी, जिसमें राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय को भी परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा पूरी तरह निःशुल्क होगी। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 18 से 27 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे एवं प्रवेश पत्र 28 नवंबर को जारी किया जाएगा। परीक्षा 29-30 नवंबर तथा 1 दिसंबर 2025 को चार पालियों में आयोजित होगी। सुबह 10-11 बजे, दोपहर 12-1 बजे, दोपहर 2-3 बजे तथा शाम 4ऽ5 बजे। इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप, मेडल, प्रमाणपत्र एवं आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 5,000, द्वितीय पुरस्कार 3,000 तथा तृतीय पुरस्कार 2,000 रूपये रखा गया है। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन https://bcst.ucanassess .in/ index के माध्यम से कर सकते हैं। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने बताया कि अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद को इस परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है। सभी विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी विज्ञान एवं तकनीकी विभाग, बिहार अथवा बीसीएसटी की वेबसाइट पर भी जा सकते हैं।

# पंचदेवधाम में एक वर्षीय अखंड राम नाम कीर्तन शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत पंचदेव धाम चपरा में शुक्रवार से एक साल तक चलने वाले अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। धाम परिसर स्थित सीताराम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद यह अनुष्ठान शुरू हुआ। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के स्वामी आचार्य देव महाराज और श्री श्री 108 मथुरा प्रसाद शुक्ला की अगुआई में पूजा-पाठ सम्पन्न कराया गया। धाम के संस्थापक सह अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, 21 नवंबर से यह अनुष्ठान शुरू हुआ है और एक साल बाद 10 दिसंबर 2026 को संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि जिले में पहली बार इतने लंबे समय तक अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरे बिहार में भी दुर्लभ धार्मिक आयोजनों में शामिल हो जाएगा। अनुष्ठान के शुभारंभ अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के प्रतिनिधि स्वामी यज्ञ देव महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने पंचदेव धाम में की गई व्यवस्थाओं और कीर्तन के लिए तैयारियों की सराहना की। इस दौरान सुप्रसिद्ध कलाकार सिकंदर व्यास और उनकी टीम ने भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। आसपास के गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक अनुष्ठान की शुरुआत के साक्षी बने। धाम समिति के सचिव ई. सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि अखंड हरि कीर्तन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पेयजल और आवास की समुचित व्यवस्था धाम प्रबंधन की ओर से की गई है। उन्होंने कहा कि यह अनुष्ठान न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ने का एक माध्यम भी बनेगा।

# विधि विरुद्ध किशोर को दस दिनों तक सामुदायिक सेवा करने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसडीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने गोह थाना कांड संख्या 177/21 एवं जेजेबी वाद संख्या 373/25 में सुनवाई करते हुए एक विधि विरुद्ध किशोर को दस दिनों तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह में सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है। यह आदेश सुधार के उद्देश्य से जारी किया गया है ताकि किशोर समाज की मुख्यधारा में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ वापस जुड़ सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह के प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि सामुदायिक सेवा कराने के दौरान किशोर की पहचान और पता गोपनीय रखा जाए तथा सेवा की पूरी प्रक्रिया उनकी प्रत्यक्ष निगरानी में हो। किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद बड़ी संख्या में विधि विरुद्ध किशोरों को सुधार के रास्ते लाने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से सामुदायिक सेवा का आदेश जारी कर रही है।

# आरोपित गिरफ्तार

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के गोड़तारा निवासी नीतीश कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है आरोपित नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर किसी दूसरे प्रदेश में ले गया जहां उसका यौन शोषण किया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले में लड़की के परिजनों द्वारा उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस की भारी किल्लत देखी जा रही है। पिछले कई दिनों से रसोई गैस की गंभीर किल्लत बनी हुई है। गैस नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान होकर एक केंद्र से दूसरे केंद्र तक भटक रहे हैं। वहीं गैस की कमी का फायदा उठाते हुए कई निजी दुकानों ने कीमतें बढ़ा दी है, जिससे आम उपभोक्ताओं की समस्याएं और बढ़ गई हैं। उपभोक्ता मजबूरी में महंगे दामों पर प्राइवेट दुकानों से सिलेंडर खरीदने को विवश हैं। बताया जा रहा है कि क्षेत्र की अधिकांश गैस एजेंसियों पर पिछले कई दिनों से गैस सप्लाई करने वाली गाड़ियां नहीं पहुंच रहीं, जिसके चलते एजेंसियों पर गैस मिलना लगभग असंभव हो गया है। मदनपुर के मां उमंगेश्वरी गैस एजेंसी के संचालक रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि गैस सिलेंडर में कंपनी के द्वारा भारी कटौती कर दी गई है। दिन प्रतिदिन गैस उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इन दिनों शादी विवाह का समय है जिसमें गैस सिलेंडर की मांग बढ़ गया है। उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति नहीं हो पा रहा है जिससे उपभोक्ताओं को काफ़ी परेशानी झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को केवाईसी कराना अनिवार्य है जिन लोगों का केवाईसी नहीं हुआ है। उनका कनेक्शन कटने की संभावना बनी हुई है। अब रजिस्टर्ड नंबर से पहले बुकिंग करना होगा। ओटीपी बताने पर ही गैस सिलेंडर मिलेगा। गैस लेते समय डिलेवरी मैन को मोबाइल पर आने वाला ओटीपी बताना होगा। गैस सिलेंडर की आपूर्ति कम होने से गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। जब घरेलू काम के लिए सिलेंडर की किल्लत हो रही है तो शादी विवाह में कहां से उसकी आपूर्ति होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पतियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम,2002 के तहत अचल सम्पतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पतियों के अनुसार होगी।

**परिशिष्ट- IV-A [नियम 9(1) का प्रावधान देखें] सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची**

| लॉट न. | शाखा का नाम<br>खाते का नाम<br>उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले) | (क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि<br>(ख) बकाया राशि<br>(ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा की तिथि<br>(घ) कब्जे की प्रकृति | क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में)<br>ख) ईएमडी<br>ग) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखाः एमजी रोड, औरंगाबाद(050200)**<br>**मेसर्स शांति राइस मिल**<br>**(प्रो.-संतोष कुमार सिंह)**<br>ग्राम-रसूलपुर, टेंगरा<br>औरंगाबाद, बिहार-824101<br>**शक्ति कुमार सिंह** पिता- विश्वनाथ सिंह<br>**विश्वनाथ सिंह** पिता- स्व. तीर्थदेव सिंह<br>**बबीता सिंह** पति- संतोष कुमार सिंह<br>**संतोष कुमार सिंह**<br>सभी वार्ड नं.-31, अनुग्रह नगर, सोन कैनाल के उत्तर, औरंगाबाद, बिहार-824101 के निवासी हैं। | **1) अचल संपत्ति, जहां पर स्थित है :** बिक्री विलेख संख्या 12577 दिनांक 20. 09.2014 खाता संख्या 10, प्लॉट संख्या 416, थाना संख्या 568, मौजा-गंगटी, वार्ड नं.-31, अंचल-औरंगाबाद, जिला-औरंगाबाद, क्षेत्रफल 4.75 डेसिमल, विश्वनाथ सिंह पिता स्व. तीर्थदेव सिंह के नाम पर है।<br>**चौहद्दी :** उत्तर-छेदी महतो, दक्षिण-लक्ष्मण सिंह, पूर्व-नगीना सिंह, पश्चिम-निज मोकिर<br><br>**अचल संपत्ति, जहां पर स्थित है :** बिक्री विलेख संख्या 12577 दिनांक 20. 09.2014 खाता संख्या 10, प्लॉट संख्या 416, थाना संख्या 568, मौजा-गंगटी, वार्ड नं.-31, अंचल-औरंगाबाद, जिला-औरंगाबाद, क्षेत्रफल 1.50 डेसिमल, विश्वनाथ सिंह पिता स्व. तीर्थदेव सिंह के नाम पर है।<br>**चौहद्दी :** उत्तर-सहदेव यादव, दक्षिण-नगीना सिंह, पूर्व-उपेन्द्र, पश्चिम-छावर | 1) क) 05/08/2025<br>ख) रु. 2,97,67,901.14/-<br>ग) 07.10.2021<br>घ) सांकेतिक | क) रु.1,19,25,000/-<br>ख)रु.11,92,500/-<br>ग)रु. 25,000/- | दिनांक 17.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक | ज्ञात नहीं |
| | | **2) अचल संपत्ति, जहां पर स्थित है :** बिक्री विलेख संख्या 12524 दिनांक 12. 10.1995 खाता संख्या 10, प्लॉट संख्या 416, थाना संख्या 568, मौजा-गंगटी, वार्ड नं.-31, अंचल-औरंगाबाद, जिला-औरंगाबाद, क्षेत्रफल 3 डेसिमल, विश्वनाथ सिंह पिता स्व. तीर्थदेव सिंह के नाम पर है।<br>**चौहद्दी :** उत्तर-राधा स्वामी, दक्षिण-नगीना सिंह, पूर्व-निज बिक्रेता, पश्चिम-शांति देवी | | क)रु. 24,71,000/-<br>ख)रु. 2,47,100/-<br>ग)रु. 25,000/- | | |
| | | **3) अचल संपत्ति, जहां पर स्थित है :** बिक्री विलेख संख्या 11165 दिनांक 21. 10.20085 खाता संख्या 68, प्लॉट संख्या 222, थाना संख्या 568, मौजा-रसूलपुर, अंचल-औरंगाबाद, जिला-औरंगाबाद, क्षेत्रफल 37.50 डेसिमल, बबीता देवी पति संतोष कुमार सिंह के नाम पर है।<br>**चौहद्दी :** उत्तर-प्रसिद्ध सिंह, दक्षिण-नहर, पूर्व-उपेन्द्र, पश्चिम-छावर | | क)रु. 82,40,000/-<br>ख)रु. 8,24,000/-<br>ग)रु. 25,000/- | | |

**नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:**
1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 17.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा | प्राधिकृत अधिकारी